सत्यमेव जयते

# यांत्रिक इंजीनियरी परिभाषा कोश-2

## Definitional Dictionary of Mechanical Engineering-2

वैज्ञानिक तथा तकनीकी
शब्दावली आयोग
मानव संसाधन विकास मंत्रालय,
शिक्षा विभाग,
भारत सरकार

# यांत्रिक इंजीनियरी परिभाषा कोश (2)

# Definitional Dictionary of Mechanical Engineering (2)

(स्नातक/डिप्लोमा स्तर के मूलभूत शब्दों की परिभाषाएं)

(Definitions of Basic Terms of Degree and Diploma Level)

सत्यमेव जयते

वैज्ञानिक तथा तकनीकी शब्दावली आयोग
मानव संसाधन विकास मंत्रालय, शिक्षा विभाग
भारत सरकार
1997

© भारत सरकार, 1997
© Government of India, 1997

प्रथम संस्करण, 1997

मूल्य : 84/-

प्राप्ति स्थल :

1. आयोग का बिक्री एकक
2. प्रकाशन नियंत्रक, भारत सरकार
   सिविल लाइन्स, दिल्ली - 110054

प्रकाशक :

वैज्ञानिक तथा तकनीकी शब्दावली आयोग
पश्चिमी खंड-7, रामकृष्णपुरम्,
नई दिल्ली - 110066

# विषय-सूची

पृष्ठ संख्या


| | | |
|---|---|---|
| 1. | प्रस्तावना | v |
| 2. | आयोग के अध्यक्ष तथा सदस्य | vi |
| 3. | यांत्रिक इंजीनियरी परिभाषा कोश से संबंधित विशेषज्ञ | vii |
| 4. | संपादक मंडल | x |
| 5. | परिभाषा कोश | 1- 139 |

# प्रस्तावना

आयोग ने सर्वप्रथम *'यांत्रिक इंजीनियरी परिभाषा कोश-1* प्रकाशित किया था जिसमें संबंधित आधारभूत तकनीकी शब्दों को परिभाषित किया गया था । इसका दूसरा भाग प्रकाशित करते हुए हमें बड़ी प्रसन्नता हो रही है ।

आशा है कि यह परिभाषा कोश इंजीनियरी के स्नातक, स्नातकोत्तर स्तर के विद्यार्थियों, प्राध्यापकों एवं इस विषय में रुचि रखने वाले लेखकों की आवश्यकताओं की भली-भाँति पूर्ति करेगा ।

तकनीकी शब्दों की परिभाषाओं में बार-बार तकनीकी पर्यायों के प्रयोग से उनमें सुस्थिरता आ जाती है तथा उनमें निहित धारणाएं और संकल्पनाएं उस विषय के सामान्य पाठकों के लिए सरल और बोधगम्य हो जाती हैं । परिभाषा कोशों द्वारा नवनिर्मित तकनीकी शब्दों या पर्यायों की सार्थकता का भी वास्तविक संदर्भों में परीक्षण हो जाता है, जो तकनीकी शब्दों के मानकीकरण के लिए अत्यंत आवश्यक है ।

इस परिभाषा कोश को तैयार करने के लिए आयोग ने देश के विभिन्न क्षेत्रों एवं विश्वविद्यालयों के विषय विशेषज्ञों तथा भाषा शास्त्रियों का सहयोग प्राप्त किया जिसके लिए हम उनके हृदय से आभारी हैं । इस परिभाषा कोश के संबंध में सुझावों एवं प्रतिक्रियाओं को सराहा जाएगा ताकि आगामी संस्करण को अधिकाधिक उपयोगी बनाने का प्रयास हो सके ।

प्रो० प्रेमस्वरूप सकलानी
अध्यक्ष

# आयोग के अध्यक्ष एवं सदस्य

**अध्यक्ष**

प्रो॰ प्रेमस्वरूप सकलानी

## सदस्य

1. डा॰ अनूप चोपड़ा
   प्रोफसर, ई.एन.टी.
   लोकनायक जयप्रकाश नारायण अस्पताल, नई दिल्ली

2. प्रो॰ कीर्ति सिंह
   सदस्य
   कृषि वैज्ञानिक चयन बोर्ड, पूसा, नई दिल्ली

3. प्रो॰ बी॰डी॰ नौटियाल
   सिविल इंजीनियरी विभाग,
   बनारस हिंदू विश्वविद्यालय, वाराणसी

4. श्री डी॰बी॰ डिमरी
   पूर्व महानिदेशक, भारतीय भूवैज्ञानिक सर्वेक्षण,
   कलकत्ता

5. प्रो॰ प्रेम सिंह
   भाषा विज्ञान विभाग,
   दिल्ली विश्वविद्यालय, दिल्ली

6. प्रो॰ लक्ष्मण सिंह कोठारी
   पूर्व अध्यक्ष, भौतिकी विभाग
   दिल्ली विश्वविद्यालय, दिल्ली

**परामर्शदाता**

डॉ॰ नगेन्द्र

# यांत्रिक इंजीनियरी परिभाषा कोश से संबंधित विशेषज्ञ

1. प्रो॰ केशव सिंह वर्मा,
   प्रो॰ एवं विभागाध्यक्ष,
   यांत्रिक इंजी॰,
   श्री जी॰एस॰ प्रौद्यो॰ एवं विज्ञान
   संस्थान, 23 पार्क रोड,
   इंदौर

2. प्रो॰ जे॰पी॰ श्रीवास्तव
   निदेशक,
   श्री जी॰एस॰ प्रौद्यो॰ एवं विज्ञान
   संस्थान, 23 पार्क रोड,
   इंदौर

3. प्रो॰ मानक लाल नीमा
   उत्पादन विभागाध्यक्ष,
   श्री जी॰एस॰ प्रौद्यो॰ एवं विज्ञान
   संस्थान, 23 पार्क रोड,
   इंदौर

4. डा॰ नगेन्द्र नागर,
   यांत्रिक इंजी॰ विभाग,
   श्री जी॰एस॰ प्रौद्यो॰ एवं विज्ञान
   संस्थान, 23 पार्क रोड,
   इंदौर

5. डा॰ असगर अली खंडवाला
   यांत्रिक इंजी॰ विभाग,
   श्री जी॰एस॰ प्रौद्यो॰ एवं विज्ञान
   संस्थान, 23 पार्क रोड,
   इंदौर

6. डा॰ मोहनदास अग्रवाल
   यांत्रिक इंजी॰ विभाग,
   श्री जी॰एस॰ प्रौद्यो॰ एवं विज्ञान
   संस्थान, 23 पार्क रोड,
   इंदौर

7. श्री राधेश्याम पुरोहित
   यांत्रिक इंजी॰ विभाग,
   श्री जी॰एस॰ प्रौद्यो॰ एवं विज्ञान
   संस्थान, 23 पार्क रोड,
   इंदौर

8. श्री सत्यनारायण वर्मा
   यांत्रिक इंजी॰ विभाग,
   श्री जी॰एस॰ प्रौद्यो॰ एवं विज्ञान
   संस्थान, 23 पार्क रोड,
   इंदौर

9. प्रो॰ डी.पी. शुक्ला
   यांत्रिक इंजी॰ विभाग,
   रुड़की विश्वविद्यालय,
   रुड़की

10. प्रो॰ विजय कुमार जैन,
    यांत्रिक इंजी॰ विभाग,
    आई॰आई॰टी॰,
    कानपुर

11. प्रो० एच०के० वर्मा
विभागाध्यक्ष
यांत्रिक इंजी० विभाग,
रुड़की विश्वविद्यालय,
रुड़की

12. श्री काशीराम शर्मा
बी–3/32, नाबार्ड नगर,
ठाकुर संकुल, कांदीवली(पू०)
मुंबई

13. प्रो० कृष्णबल,
प्रिंसिपल,
रामलाल आनंद कालेज,
बेनिटो हुआरेज रोड,
नई दिल्ली

14. प्रो० अमिताभ घोष,
यांत्रिक इंजी० विभाग,
आई०आई०टी०
कानपुर

15. प्रो० जी०के० लाल
यांत्रिक इंजी० विभाग,
आई०आई०टी०
कानपुर

16. प्रो० एम०के० मुजू
यांत्रिक इंजी० विभाग,
आई०आई०टी०
कानपुर

17. प्रो० एस०के० चौधरी
यांत्रिक इंजी० विभाग,
आई०आई०टी०
कानपुर

18. प्रो० बी० सहाय
यांत्रिक इंजी० विभाग,
आई०आई०टी०
कानपुर

19. प्रो० प्रशांत कुमार
यांत्रिक इंजी० विभाग,
आई०आई०टी०
कानपुर

20. प्रो० बी०एल० धूपड़
यांत्रिक इंजी० विभाग,
आई०आई०टी०
कानपुर

21. डा० एम०के० खरे
यांत्रिक इंजी० विभाग,
रुड़की विश्वविद्यालय,
रुड़की

22. डा० के०एन० गुप्ता
यांत्रिक इंजी० विभाग,
रुड़की विश्वविद्यालय,
रुड़की

23. प्रो॰ एस॰सी॰ जैन
यांत्रिक इंजी॰ विभाग,
मौलाना आजाद कालेज ऑफ
टेक्नालौजी
भोपाल

24. प्रो॰ एस॰आर॰ सिद्दीकी
यांत्रिक इंजी॰ विभाग,
मौलाना आजाद कालेज ऑफ
टेक्नालौजी
भोपाल

25. प्रो॰ सी॰एम॰ अग्रवाल
यांत्रिक इंजी॰ विभाग,
मौलाना आजाद कालेज ऑफ
टेक्नालौजी
भोपाल

26. प्रो॰ ए॰डी॰ तैलंग
यांत्रिक इंजी॰ विभाग,
मौलाना आजाद कालेज ऑफ
टेक्नालौजी
भोपाल

27. प्रो॰ पी॰ कृष्णमाचारी
यांत्रिक इंजी॰ विभाग,
मौलाना आजाद कालेज ऑफ
टेक्नालौजी
भोपाल

28. प्रो॰ गिरिराज किशोर
प्रकाशन विभाग,
आई॰आई॰टी॰
कानपुर

29. प्रो॰ वी॰के॰ खरे
यांत्रिक इंजी॰ विभाग,
मौलाना आजाद कालेज ऑफ
टेक्नालौजी
भोपाल

# संपादक मंडल

## प्रमुख संपादक

प्रो॰ प्रेमस्वरूप सकलानी

## संपादन सहयोग

इंजी॰ जयसिंह
पूर्व सहायक निदेशक, इंजीनियरी

इंजी॰ एस॰सी॰एल शर्मा
अनुसंधान सहायक, इंजीनियरी

# प्रकाशन एकक

1. श्री धीरेंद्र राय
   सहायक शिक्षा अधिकारी

2. श्री भगत सिंह नेगी
   अनुसंधान सहायक

3. श्री आलोक वाही,
   कलाकार

**Ablation/Ablative Cooling** — अपरक्षण/अपरक्षण शीतन

वायुगतिक तापन द्वारा उत्पन्न ऊष्मा को गौण अवयवों में अवशोषित करके प्रमुख अवयवों से हटाना, जिससे गौण अवयव या तो पिघल जाते हैं या वाष्पित हो जाते हैं ।

**Ablation factor** — अपरक्षण गुणक

बर्फ की सतह के समाप्त होने की दर ।

**Ablative agent/ ablative material** — अपरक्षण गुणक

वह पदार्थ जिसकी पृष्ठ-परत प्राय: अत्यधिक ऊष्मा ऊर्जा के विसरण हेतु हटाई जाती है ।

**Ablative shielding** — अपरक्षण परिरक्षण

ऐसा अभिकल्पित आवरण जो भीतरी संरचना से ऊष्मातंरण को उर्ध्वपातन एवं द्रव्यमान ह्रास द्वारा कम करता है ।

**Ablatograph** — अपरक्षणलेखी

वह उपकरण जो प्रेक्षण अवधि में बर्फ की सतह की अपक्षरण मात्रा को अभिलेखित करता है ।

**Abney level** — एबनीतलमापी/एबनीलेवल

ऊर्ध्वाधर वृत्तवाला हस्त लेवल जो प्राय: ऊर्ध्वाधर कोण नापकर त्रिकोणमिति संबंधों द्वारा पेड़ों आदि की ऊँचाई निकालने के काम आता है ।

**Abnormal Time** — अपसामान्य काल

काल अध्ययन के परिपेक्ष में किसी भी कार्य में लगने वाले सामान्य समय से अति भिन्न अवधि ।

**Abort zone** — असामान्य क्षेत्र/निषिद्ध क्षेत्र

विफल प्रक्षेपास्त्रों के गिरने का प्रसंभाव्य क्षेत्र ।

| | |
|---|---|
| **Abrasion resistance** | **अपघर्षण प्रतिरोध**<br>परस्पर गतिशील दो सतहों के मध्य घिसन को रोकन की क्षमता । |
| **Abrasive belt** | **अपघर्षी पट्टा**<br>अपघर्षी पदार्थ की सतहवाला पट्टा । |
| **Abrasive blasting** | **अपघर्षी ताडन**<br>अपघर्षी पदार्थयुक्त वात्या/झोंकों द्वारा सतह परिष्करण । |
| **Abrasive cloth** | **अपघर्षी कपड़ा**<br>वह कपड़ा जिसकी सतह पर बालू या एमरी जैसे अपघर्षक पदार्थ  चिपके होते हैं । |
| **Abrasive cone** | **अपघर्षी शंकु**<br>तापपुंजित ठोस शंकु के आकार का अपघर्षी, जिसको धुरक पर घुमाकर अपघर्षण–मशीनन किया जाता है |
| **Abrasive disc** | **अपघर्षी चक्रिका/डिस्क**<br>तापपुंजित चक्रिकाकार अपघर्षी जिसको धुरक पर घुमाकर अपघर्षण–मशीनन किया जाता है । |
| **Abrasive drilling** | **अपघर्षी बरमाई**<br>वेधन क्रिया जिसमें अपघर्षण द्वारा छिद्र किया जाता है । |
| **Abrasive jet cleaning** | **अपघर्षी जेट सफाई**<br>अपघर्षीयुक्त गैस या तरल प्रधार जिसके द्वारा सतह का परिष्करण किया जाता है । |
| **Abrasive machining** | **अपघर्षी मशीनन**<br>अपघर्षण द्वारा मशीनन । |

**Abrasiveness** — **अपघर्षीपन**

पदार्थ का वह गुण जिसके कारण घर्षण द्वारा सतह का निघर्षण हो ।

**Abrasive paper** — **अपघर्षी कागज़**

वह कागज़ जिसकी सतह पर बालू या एमरी जैसे अपघर्षक पदार्थ चिपके होते हैं ।

**Abrasive sand** — **अपघर्षी बालू**

अपघर्षी की तरह प्रयुक्त कणिका जिसका वर्गीकरण प्राय: इस प्रकार किया जाता है कि वह किसी विशिष्ट छलनी से निकल सकती है ।

**Abrasive wear** — **अपघर्षी निघर्षण**

कठोर पदार्थ के रगड़ने के कारण उत्पन्न क्षय

**Abreast milling** — **एक साथ भ्रमिकर्तन**

भ्रतिकर्तन का वह तरीका जिसमें सभी पुर्जे एक लाइन में कर्तन औज़ार के अक्ष के समांतर रखे जाते हैं तथा उनका एक साथ ही भ्रमिकर्तन किया जाता है ।

**Absolute altimeter** — **निरपेक्ष तुंगतामापी**

वह मापयंत्र जिससे ध्वनिक, रेडियो या धारिता तकनीकों का प्रयोग करते हुए भूभाग से वायुयान की ऊँचाई नापी जाती है ।

**Absolute angle of attack** — **निरपेक्ष आघात कोण**

उड़ान के किसी क्षण वायुपत्रक की जीवा तथा उसी वायुपत्रक की शून्य उठान के समय की जीवा के बीच का न्यून कोण ।

| | | |
|---|---|---|
| **Absolute ceiling** | **निरपेक्ष तौलि** | |
| | वह अधिकतम ऊँचाई जिस पर वायुयान मानक वायुमण्डल और निर्धारित अवस्थाओं में एक समान उड़ान स्तर बनाए रख सकता है । | |

**Absolute ceiling** — **निरपेक्ष तौलि**

वह अधिकतम ऊँचाई जिस पर वायुयान मानक वायुमण्डल और निर्धारित अवस्थाओं में एक समान उड़ान स्तर बनाए रख सकता है ।

**Absolute code** — **निरपेक्ष कूट**

मशीनी भाषा में प्रोग्राम के ब्योरे को लिखने के लिए प्रयुक्त कूट, जो नियंत्रण परिपथ द्वारा ठीक उसी रूप में परिवर्तित किया जाता है ।

**Absolute humidity** — **निरपेक्ष आर्द्रता**

वायु में जो जल वाष्प होती है उसे आर्द्रता कहते हैं एक घन मीटर वायु में जल वाष्प के वास्तविक भार को ही निरपेक्ष आर्द्रता कहते हैं ।

**Absolute instrument** — **निरपेक्ष माप-यंत्र**

वह मापयंत्र जो साधारण भौतिक मापन विधि द्वारा किसी राशि को निरपेक्ष मात्रकों में दर्शाता है ।

**Absolute magnetometer** — **निरपेक्ष चुम्बकत्वमापी**

वह यंत्र जो बिना किसी दूसरे चुम्बक यंत्र की सहायता के चुम्बक क्षेत्र की तीव्रता नापता है ।

**Absolute manometer** — **निरपेक्ष दाबांतरमापी/मेनोमीटर**

निरपेक्ष दाब को नापने वाला मेनोमीटर ।

**Absolute motion** — **निरपेक्ष गति**

किसी अचल संदर्भ फ्रेम के सापेक्ष गति ।

**Absolute pressure gauge** — **निरपेक्ष दाबमापी**

दाब को पूर्ण निर्वात के सापेक्ष नापने का यंत्र ।

**Absolute pressure transducer** — निरपेक्ष दाब ट्रान्सड्यूसर

वह यंत्र जो निरपेक्ष दाब देने पर कार्य करता है और जिसका मापनयोग्य निर्गत किसी दूसरे प्रकार का, परंतु निरपेक्ष दाब के अनुपात में होता है ।

**Absolute programming** — निरपेक्ष प्रोग्रामन

निरपेक्ष कूट की सहायता से प्रोग्रामन ।

**Absolute specific gravity** — निरपेक्ष आपेक्षिक घनत्व

निर्वात एवं निश्चित तापक्रम पर समान आयतन के किसी पदार्थ तथा पानी के भार का अनुपात ।

**Absolute stability** — निरपेक्ष स्थायित्व

वायुमण्डल में हवा के स्तंभ की वह अवस्था जब उसके तापमान की ह्रास दर, संतृप्त रुध्दोष्म ह्रास दर से कम होती है ।

**Absolute temperature** — परम तापमान

वह तापमान जो ऊष्मागतिक तापक्रम पर सैद्धांतिक रूप में नापनेयोग्य होता है ।

**Absolute temperature scale** — परम तापक्रम

वह मापक्रम जिसकी सहायता से परम शून्य के सापेक्ष तापमान नापे जाते हैं ।

**Absolute unit** — निरपेक्ष मात्रक

वह मात्रक जो मूल राशि जैसे लम्बाई, समय, मात्रा और विद्युत चार्ज के मात्रकों के रूप में परिभाषित किया जाता है ।

**Absolute vaccum** — निरपेक्ष निर्वात

पदार्थ से पूर्णतया खाली स्थान ।

**Absolute velocity** निरपेक्ष वेग

किसी पिंड का भूमि के घूर्ण द्वारा वेग एवं भूमि के सापेक्ष वेग का सदिश योग ।

**Absolute viscosity** निरपेक्ष श्यानता

इकाई दूरी पर स्थित दो समांतर तरलपूरित तलों के इकाई क्षेत्र पर समस्पर्शी बल जब तल इकाई वेग से अपने ही तल में दूसरे के सापेक्ष गतिमान हो ।

**Absolute vorticity** निरपेक्ष भ्रमिलता

निरपेक्ष निर्देशांक पद्धति के सापेक्ष तरल की भ्रमिलता ।

**Absolute zero** परमशून्य

वह तापमान जिस पर आण्विक गति समाप्त हो जाती है और किसी पिंड में कोई भी ऊष्मा ऊर्जा नहीं रहती है । (-273.16°C या -459.69°F या O K)

**Absorpitivity** अवशोषकता ($\alpha$)

किसी पृष्ठ का (वह) गुणधर्म जिसके कारण यह आपतित विकिरण के कुछ अंश को अवशोषित करता है । इसे निम्नलिखित समीकरण द्वारा दर्शाया जाता है –

$$\alpha = \frac{\text{विकिरण का अवशोषित अंश}}{\text{पूर्ण आपतित विकिरण}}$$

**Absorption cycle** अवशोषण चक्र

प्रशीतन में एक प्रक्रम जिसमें विलयन से उच्च दाब पर ऊष्मा द्वारा प्रशीतक वाष्पित किया जाता है तथा संपीडक के बिना पुनः निम्न दाब पर अवशोषित किया जाता है ।

**Absorption cycle dynamometer** **अवशोषण डायनामोमीटर**

यांत्रिक बलों या शक्ति को मापने का वह यंत्र जिसमें यांत्रिक ऊर्जा निवेश को घर्षण या विद्युत प्रतिरोध द्वारा अवशोषित किया जाता है ।

**Absorption emission pyrometer** **अवशोषण उत्सर्जन पाइरो मीटर/उत्तापमापी**

किसी अंशांकित संदर्भ स्रोत से उत्सर्जित विकिरण को गैस में से गुजरने से पूर्व और उस गैस का तापक्रम मालूम करने वाला तापमापी ।

**Absorption hygrometer** **अवशोषण आर्द्रतामापी**

वह यंत्र सिके द्वारा वायुमण्डल में जल वाष्प की मात्रा को आर्द्रताग्राही रसायन द्वारा अवशोषित करके मापा जाता है ।

**Absorption meter** **अवशोषण मापी**

वह यंत्र जो पारदर्शी पदार्थ द्वारा संचारित प्रकाश की मात्रा को फोटो सेल या अन्य प्रकाश संसूचक प्रयोग करके मापता है ।

**Absorption number** **अवशोषण संख्या**

आर्द्र दीवार कॉलम में गैस अवशोषण के क्षेत्र में प्रयुक्त विमाहीन समूह जो तरल परत में द्रव्यमान अंतरण गुणांक को दर्शाता है ।

**Absorption tower** **अवशोषण टावर/स्तंभ**

वह ऊर्ध्वाधर नलिका जिसमें ऊपर उठती हुई गैस किसी तरह की गिरती हुई बूंदों द्वारा आंशिक रूप से अवशोषित की जाती है ।

**Acceleration** **त्वरण**

वेग परिवर्तन की समय दर ।

**Acceleration analysis** — **त्वरण विश्लेषण**

वह गणितीय तकनीक जिसके द्वारा किसी यंत्रावली के विभिन्न अवयवों का त्वरण ज्ञात किया जाता है।

**Acceleration of gravity** — **गुरुत्व त्वरण**

पृथ्वी के आकर्षण के कारण पिंडों में उत्पन्न त्वरण जिसका मान 9.80665 मी॰ प्रति सें.$^2$ होता है।

**Acceleration tolerance** — **त्वरण सहिष्णुता**

किसी व्यक्ति या उपकरण द्वारा अधिकतम त्वरण सहन सीमा।

**Accelerator jet** — **त्वरण जेट**

वह युक्ति जिसके द्वारा आटोमोबाइल से अधिक शक्ति प्राप्त करने के लिए कार्बुरेटर में आने वाली वायु में ईंधन को प्रक्षेपित किया जाता है।

**Accelerator linkage** — **त्वरण यंत्रावली**

वह यंत्रावली जो किसी आटोमोबाइल के त्वरक पैडल को कार्बुरेटर उपरोध कपाट या ईंधन प्रक्षेपण नियंत्रक से जोड़ती है।

**Accelerator pedal** — **त्वरण पैडल**

वह पैडल जो किसी ऑटोमोबाइल के कार्बुरेटर उपरोध वाल्व या ईंधन प्रक्षेपण नियंत्रक को संचालित करता है।

**Accelerator pump** — **त्वरण पंप**

एक छोटे सिलिंडर और पिस्टन से युक्त पंप जो किसी ऑटोमोबाइल में उसके उपरोध द्वारा नियंत्रित होता है ताकि त्वरण के समय हवा और ईंधन का प्रबल मिश्रण इंजन में पहुँच सके।

**Accelerogram** — **त्वरणारेख**

त्वरणालेखी द्वारा तैयार किया गया रिकार्ड ।

**Accelerograph** — **त्वरणलेखी**

पृथ्वी के किसी बिंदु पर भूकंप या अन्य प्रकार से उत्पन्न त्वरण की अभिलेखन युक्ति ।

**Acceptability** — **ग्राह्यता**

न्यूनतम मानकों के अंतर्गत उत्पादों, उपस्करों एवं विभिन्न विधियों को स्वीकार करने की अवस्था या स्थिति ।

**Acceptable quality level** — **स्वीकार्य गुणवत्ता स्तर**

प्रतिचयन के समय किसी पद के मूल्य और उसकी उपयोगिता के आधार पर उसके उपेक्षणीय दोषों का प्रतिशत ।

**Acceptable quality level (A Q L)**

1. **स्वीकार्य गुणवत्तास्तर**

   दोषपूर्ण नगों की अधिकतम स्वीकार्य प्रतिशतता जिसे उत्पाद के निरीक्षण के समय एक प्रतिदर्श योजना के लिए प्रक्रम औसत के रूप में संतोषजनक मान लिया गया हो ।

2. **स्वीकार्य गुणवत्ता स्तर**

   गुणता का वह न्यूनतम स्तर जिसे संतोषजनक माना जा सके ।

**Acceptable reliability level** — **स्वीकार्य विश्वसनीयता स्तर**

किसी पुर्जे, पद्धति या तंत्र आदि की विश्वसनीयता का स्तर जिसे प्रायः प्रतिशत में व्यक्त किया जाता है ।

**Acceptance criterion** — **स्वीकार्य कसौटी**

तैयार किए गए उत्पादों की स्वीकार्यता निर्धारित करने का मापदंड ।

**Acceptanace number** — **स्वीकार्य संख्या, स्वीकरण संख्या**

1. किसी भी विनिर्दिष्ट प्रतिचयित नगों में से दोषपूर्ण नगों की अधिकतम निर्दिष्ट अनुमत संख्या ।

2. उत्पादन के निश्चित प्रतिदर्श परिमाण में दोषपूर्ण अवयवों की अनुमत संख्या ।

**Acceptance sampling** — **स्वीकृति-प्रतिचयन**

1. किसी उत्पादन की नियत खेप की स्वीकृति अथवा अस्वीकृति के निर्धारण के लिए परिक्षण हेतु नमूने लेने की प्रक्रिया ।

2. उत्पादन विशेष के एक समूह से लिये गये नमूनों के निरीक्षण एवम् परीक्षण के आधार पर उस समूह के चयन की प्रक्रिया ।

**Acceptance test** — **स्वीकृति परिक्षण**

1. किसी भी उत्पादन की अभिकल्प विनिर्देशनों से अनुरुपता का निर्धारण करने के लिए जाँच, जो उसकी स्वीकृति का आधार बनती है ।

2. उत्पादन के अभिकल्प विनिर्देशों की अनुरूपता की स्वीकार्यता हेतु किया जाने वाला परीक्षण ।

**Accessory** — **उपसाधन**

वह अतिरिक्त युक्ति जो किसी मशीन पर उसके कार्य में मूल परिवर्तन किए बिना उसकी उपयोगिता बढ़ाने के लिए लगाई जाती है ।

**Accordian roller conveyor** — **सुनम्य रोलर वाहक**

सुनम्य जालीदार ढाँचे वाला रोलर वाहक जिसकी लम्बाई नियंत्रित की जा सकती है ।

**Accumulated discrepancy** — **संचित विसंगति**

किसी प्रक्रिया के विभिन्न चरणों में हुई विसंगतियों का योग ।

**Accumulative timing** — **संचयी काल करण, संचयी कालन**

काल अध्ययन की वह विधि जिसमें संक्रिया के अलग-अलग चरणों में लगे कुल समय का आकलन विराम घड़ियों की सहायता से किया जाता है ।

**Accumulative timing** — **संचयी काल मापन**

वह कालमापन विधि जिसके द्वारा किसी प्रक्रिया के प्रत्येक अवयव का संचित समय ज्ञात किया जाता है ।

**Accuracy** — **यथार्थता**

वह सीमा जहाँ तक किसी मापयंत्र की रीडिंग या किसी गणना का परिणाम सही मान के नजदीक पहुँचता है ।

**Accustomization** — **अभ्यस्त होना**

तकनीक सीखने की प्रक्रिया जिसके द्वारा किसी नये वातावरण में न्यूनतम असुविधा के साथ रहा जा सके ।

**Acetylene generator** — **एसिटिलीन जनित्र**

एक टंकी जिसमें पानी और कैल्सियम कार्बाइड के नियंत्रित मिश्रण से एसिटिलीन तैयार होती है ।

**Acid soot** — **अम्ल कज्जल**

दहन प्रक्रिया में उत्पन्न उपजात अम्ल फ्यूम को अवशोषित करने वाले कार्बन कण ।

**Acid steel** — **अम्ल स्टील**

सिलिकामय उच्चताप सह गलन भट्टी में तैयार इस्पात ।

**Acid water pollution** — **अम्ल जल प्रदूषण**

उद्योगों से निकले हुए अपशिष्ट अम्लीय जल द्वारा प्रदूषण ।

**Ackerman steering gear** — **एकरमान स्टीयरिंग यंत्रावली**

एकरमान द्वारा विकसित वह यंत्रावली जो आटोमाबाइल के अगले पहियों को इस प्रकार मोड़ती है ताकि सभी पहियों के अक्ष मोड़वृत्त के केंद्र पर मिलें ।

**Acme screw thread** — **एक्मे पेंच चूड़ी**

वह मानक चूड़ी जिसका प्रोफाइल कोण $29^0$ तथा शिखर सपाट होता है ।

**Acoustic detection** — **ध्वनि संसूचन**

ध्वनि तरंग परावर्तन विधि द्वारा किसी दोष या वस्तुस्थिति का पता लगाना ।

**Acoustic fatigue** — **ध्वनिक श्रांति**

ध्वनिक प्रतिबल के कारण किसी धातु या पदार्थ के सामर्थ्य में ह्रास होने का गुण ।

**Acoustic radio-meter** — **ध्वनिक रेडियोमापी**

वह यंत्र जो किसी सतह से परावर्तित अथवा अवशोषित एकल अक्षीय ध्वनि की तीव्रता को नापता है ।

**Acoustic streaming** — **ध्वनिक धारा**

ध्वनिक तरंगों की उपस्थिति के कारण तरल में उत्पन्न एक दिशीय धाराएँ ।

**Acoustic theory** — **ध्वनिक सिद्धांत**

वह रैखिक अल्प विक्षोभ सिद्धांत जिसका प्रयोग वायुपत्रक के अनुगामी वातप्रवाह का पूर्वानुमान लगाने के लिए तब किया जाता है जब प्रवाह से उत्पन्न विक्षोभ वेग उड़ान और ध्वनि वेगों से काफी कम होता है ।

**Acoustic machmeter** — **ध्वनिक माकमापी/ध्वनि तरंगमापी**

वह यंत्र जो माक संख्या की गणना हेतु ध्वनि संचरण संबंधी आँकड़े अंकित करता है ।

**Acoustic well logging** — **भूगत ध्वनि अभिलेखन**

भूमि के अंदर अन्वेषण की वह पद्धति जिसमें भूमिगत उच्च ऊर्जा ध्वनि स्रोत तथा अभिग्राही का प्रयोग किया जाता है ।

**Acquisition** — **अधिग्रहण**

किसी एन्टेना या टेलिस्कोप की दिशा को इस तरह सुनिश्चित करना जिससे कि सेटेलाइट या स्पेसप्रोब द्वारा प्राप्त अधिकतम संकेत एकत्र किए जा सकें ।

**Acquisition and tracking radar** — **अधिग्रहण एवं अनुपथन रडार**

वह रडार जो वस्तुविशेष से प्राप्त संकेत से आबद्ध हो सकता है तथा संकेत की दिशा या स्थिति की सहायता से उसका अनुपथन करता है ।

**Acrometer** — **एक्रोमीटर**

तेल का घनत्व मापने का यंत्र ।

**Acoustic streaming** — **ध्वनिक धारा**

ध्वनिक तरंगों की उपस्थिति के कारण तरल में उत्पन्न एक दिशीय धाराएँ ।

**Actingoram** — **एक्टिनोग्राम**

किसी स्रोत से प्राप्त ऊष्मा का एक्टिनोमीटर द्वारा लिया गया रिकार्ड ।

**Actinometer** — **एक्टिनोमीटर/किरणक्रियामापी**

सूर्य की विकिरण ऊर्जा की तीव्रता नापने का यंत्र ।

**Active or Managing partner** **सक्रिय भागीदार**

वह भागीदार जो पूँजी लगाने के साथ-साथ प्रबंध व्यवस्था में सक्रिय रहते हैं ।

**Active detection system** **सक्रिय संसूचन तंत्र**

वह संदर्शन तंत्र जो संसूचन के लिए ऊर्जा उत्सर्जित करता है जैसे सोनार आदि ।

**Active infra-red detection system** **सक्रिय अवरक्त संसूचन तंत्र**

वह अवरक्त संसूचन तंत्र जिससे अवरक्त किरण-पुंज संभावित लक्ष्य की तरफ भेजा जाता है और उससे परावर्तित होने वाली किरणों द्वारा लक्ष्य का पता लगाया जाता है ।

**Active satellite** **सक्रिय सैटेलाइट/उपग्रह**

संकेत भेजनेवाला उपग्रह ।

**Active sonar** **सक्रिय सोनार**

वह क्रियाशील सोनार तंत्र जिसमें निम्नलिखित का प्रावधान होता है :-

1. ट्रान्सड्यूसर द्वारा ध्वनि भेजना तथा प्राप्त करना।
2. ट्रान्सड्यूसर से वैद्युत आवेग की उत्पत्ति तथा संसूचन का उपस्कर ।
3. संकेत का संदर्शन या अभिलेखन ।

**Active system** **सक्रिय तंत्र**

वह क्रियाशील रेडियों अथवा रडार तंत्र जिसमें बीकन या ट्रान्सपोंडर जैसे संकेत प्रेषक उपकरण होते हैं ।

**Activity chart** **कार्य कलाप चार्ट**

1. किसी प्रक्रम की विभिन्न संक्रियों की काल के सापेक्ष सारिणी बद्ध प्रस्तुति ।

2. किसी प्रक्रम की विभिनन संक्रियाओं को समय के साथ दर्शानेवाली सारणी ।

**Actual exhaust velocity** **वास्तविक रेचन वेग**

रेचित गैस का यथार्थ वेग ।

**Actual cutting time** **वास्तविक कर्तन काल**

वह समय जिसमें कर्तन औजार कार्य करता है ।

**Actual power** **वास्तविक शक्ति**

किसी शक्ति स्रोत की निर्गत शैफ्ट पर उपलब्ध शक्ति ।

**Actual time** **वास्तविक समय**

किसी उद्योगकर्मी द्वारा उसे सौंपे गए कार्य को पूरा करने में लगाया गया समय ।

**Adamantine drill** **वज्र बरमा**

एक क्रोड बरमा जिसमें कठोर इस्पात गुलिकाएँ होती हैं जो घूर्णी नलिका की नेमी पर घूमती हैं ।

**Adamud** **एडामड/अुनपंक**

वह अनुकूलन पदार्थ जो बरमाई मड के साथ संतोषजनक क्रोड और नमूना आदि प्राप्त करने के लिए मिलाया जाता है ।

**Adaptive control** **अनुकूलन नियंत्रण**

ऐसी नियंत्रण पद्धति जिसमें तंत्र प्राचलों को इस प्रकार आशोधित किया जाता है कि इष्टतम परिस्थितियाँ प्राप्त हो सके ।

**Additive** **1. योज्य 2. योजक**

1. संचक बालू के विशिष्ट गुणधर्मों की प्राप्ति के लिए बंधक पदार्थ के साथ-साथ मिलाये जाने वाले पदार्थ ।

2. विशेष प्रकार का पदार्थ जिनकी कुछ मात्रा किसी माध्यम में मिलाने पर उस माध्यम के गुणधर्मों में वांछित सुधार हो जाता है जैसे पैट्रोल में मिलाया जाने वाले टैट्राइथायलेड ।

**Adhesive bonding** **आसंजक बंधन**

दो या अधिक ठोसों का गोंद, सीमेंट या अन्य किसी आसंजक द्वारा बन्धन ।

**Adhesive joint** **आसंजी जोड़**

अधिक उत्पादन हेतु प्रयोग की जाने वाली एक धातु अथवा लकड़ी की पट्टी जिस पर प्रतिरूपों को रखकर कई साँचे एक साथ तैयार किये जाते हैं ।

**Adhesive strength** **आसंजन सामर्थ्य**

किसी आसंजित बंधन की बल सहन क्षमता जो आसंजित सतह के मानक क्षेत्रफल पर लगने वाले अपरूपण अथवा तनन प्रतिबल से प्रापत होती है ।

**Adiabatic compression** **रुद्धोष्म संपीडन**

वह संपीडन प्रक्रम जिसमें ऊष्मा का बाह्य एवं आंतरिक प्रवाह न हो ।

**Adiabatic cooling** **रुद्धोष्म शीतन**

वह प्रक्रम जिसमें किसी तंत्र एवं उसके परिवेश के मध्य बिना ऊष्मा अंतरण के शीतन होता है ।

**Adiabatic engine** **रुद्धोष्म इंजन**

वह ऊष्मा इंजन या ऊष्मागतिक तंत्र जो रुद्धोष्म होता है ।

**Adiabatic expansion** **रुद्धोष्म प्रसरण**

वह प्रसरण प्रक्रम जिसमें ऊष्मा का बाह्य एवं आंतरिक प्रवाह न हो ।

**Adiabatic flame temperature** **रुद्धोष्म ज्वाला ताप**

किसी रुद्धोष्म पात्र में वियोजन रहित एवं पूर्ण दहन से उपलब्ध अधिकतम दहन ताप ।

**Adiabatic flow** **रुद्धोष्म प्रवाह**

ऊष्मान्तरण के बिना तरल का प्रवाह ।

**Adiabatic process** **रुद्धोष्म प्रक्रम**

ऊष्मागतिक प्रक्रम जिसमें निकाय और परिवेश के मध्य ऊष्मान्तरण नहीं होता ।

**Adiabatic process** **रुद्धोष्म प्रक्रम**

कोई भी ऊष्मागतिक प्रक्रम जिसमें ऊष्मा उस प्रक्रम की सीमाओं को अन्दर या बाहर से पार नहीं करती है ।

**Adiabatic recovery temperature** **रुद्धोष्म पुनर्ग्रहण ताप**

किसी गतिशील तरल को रुद्धोष्म प्रक्रम द्वारा स्थिर अवस्था में लाने पर प्रापत ताप ।

**Adiabatic saturation temperature** **रुद्धोष्म संतृप्ति ताप**

जल की सतह से संस्पर्शी वायु का वह ताप जिसमें ऊष्मान्तरण के बिना वायु जलवाष्प से संतृप्त होकर साम्यावस्था प्राप्त कर लेती है ।

**Adiabatic system** **रुद्धोष्म तंत्र**

वह पिंड या तंत्र जिसका अवस्था-परिवर्तन ऊष्मातंरण के बिना हो सके ।

**Adiabatic wall** **रुद्धोष्म भित्ति**

ऊष्मागतिक भित्ति जिसमेंसे ऊष्मा प्रवाह नहीं होता है ।

**Adiabatic wall temperature** — रुद्धोष्म भित्ति ताप

गतिशील तरल धारा में भित्ति का उस अवस्था में ताप जब भित्ति और तरल धारा के बीच ऊष्मातंरण न हो ।

**Adjustable propeller** — समायोज्य नोदक

वह स्क्रू नोदक जिसमें अंतराल को बदलने के लिए ब्लेडों को उनके अक्षों को सापेक्ष घुमाया जा सकता है ।

**Adjustable wrench** — समायोज्य रिंच

वह रिंच जिसका एक जबड़ा स्थिर और दूसरा समायोज्य होता है ।

**Adjutage** — टोंटी

बाहरी प्रवाह को नियंत्रित करने के लिए किसी पात्र से संलग्न नलिका ।

**Adsorption system** — अधिशोषण तंत्र

वह प्रक्रिया जिसमें किसी तरल अथवा ठोस को किसी पृष्ठ पर आणविक बलों द्वारा अधिशोषित किया जाता है ।

**Adz** — बसूला

एक चापफलकित काष्ठ-कर्तन औज़ार जिसकी अवतल सतह पर धार बनी होती है।

**Aerated flow** — वातित प्रवाह

वह तरल प्रवाह जिसमें गैस छोटे-छोटे बुल-बुलों के रूप में व्याप्त रहती है ।

**Aeration** — वातन

यांत्रिक विधि द्वारा वायु को विलयन में मिलाना ।

**Aeration tank** — **[illegible] की**

तरल [illegible]क टंकी जिसमें तरल को वातन करने का प्राव[illegible] होता है ।

**Aerator** — **वातक/वातित्र**

वह उपकरण जिसके द्वारा विलयन में वायु मिलाई जाती है ।

**Aerial photography** — **आकाशी फोटोग्राफी**

वायुयान, अंतरिक्षयान अथवा रॉकेट से भूपृष्ठ की फोटोग्राफी ।

**Aerial reconnaissance** — **हवाई पर्यवेक्षण**

आकाश से इलैक्ट्रानिक यंत्रों एवं फोटोग्राफी द्वारा अथवा देखकर सूचनाएँ एकत्र करना ।

**Aerial survey** — **आकाशी सर्वेक्षण**

हवाई केंद्रों से फोटोग्राफी अथवा इलैक्ट्रानिक यंत्रों द्वारा विभिन्न प्रकार के आँकड़े इक्ट्ठे करना ।

**Aerial tramway/ arial ropeway** — **हवाई रज्जु पथ**

वह तंत्र जिसके द्वारा इस्पाती मीनारों पर बँधे हवा में निलम्बित इस्पाती रस्सों पर चलती ट्रालियों द्वारा भार एवं यात्रियों को एक स्थान से दूसरे स्थान तक ले जाया जाता है ।

**Aeroballistics** — **हवाई प्रक्षेपिकी**

वायुमंडल के साथ उच्चाल वाले यानों अथवा प्रेक्षपकों की अन्योन्य क्रिया का अध्ययन ।

**Aggregate Planning** समुच्चयन आ

मध्यकालिन ए ़ उत्पाद–योजना जिसमे उत्पादक के परिमाण और स ़्य का समुचित निर्धारण एवं आकलन किया जाता है ।

**Aging** काल प्रभावन

किसी धातु के धातुकीय गुणधर्म में ताप और काल के कारण आया परिवर्तन ।

**Air Acetylene welding** वायु एसिटलीन वेल्डन

वेल्डन की वह प्रक्रिया जिसमें वेल्डन टार्च को एसिटलीन की सप्लाई सिलिण्डर से तथा आक्सीजन की वायुमंडल से प्राप्त होती है ।

**Air cleaner** वायु शोधक

अंर्तदहन इंजिन में प्रवेश करने वाली वायु से धूल आदि हटाने का उपकरण ।

**Air furance** वात भट्टी

गर्म वायु के प्रवाह द्वारा उत्पादों को तापित करने वाली भट्टी । सामान्यतः इस प्रकार की भट्टियों का प्रयोग आधातवर्धित उत्पादों के लिये किया जाता है ।

**Air hardening** वायु कठोस

इस्पात को वायु अथवा वात प्रवाह में कठोर करने की तापोपचार विधि ।

**Air Standard Cycle** वायु मानक चक्र

वह आदर्श ऊष्मागतिक चक्र जिसमें कार्यकारी माध्यम वायु होती है ।

**Air Standard Efficiency** — वायु मानक दक्षता

वायु-मानक चक्र में निर्गत कार्य एवं निविष्ट ऊष्मा के अनुपात ।

**Allotropic** — अपररूपी

एक ही पदार्थ के विभिन्न रूप या संरचना जिसका रासायनिक सूत्र वही रहता है ।

**Allowable stress** — अनुज्ञेय प्रतिबल

अपेक्षित भार अवस्थाके अन्तर्गत किसी अवयव पर लगने वाला अधिकतम सुरक्षित प्रतिबल ।

**Allowance** — छूट

तैयार ढलाई की विमाओं और पैटर्न की विमाओं के बीच का अंतर । पैटर्न की विमाऐं छूट को जोड़कर अथवा घटाकर प्रापत की जाती हैं ।

**Allowed Time** — अनुमत काल

सामान्य गति से किसी कार्य के निष्पादन हेतु औसत कुशल श्रमिक के लिए निर्धारित समय जिसमें मानक काल तथा विशेष समय छूट सम्मिलित हो । इसमें नीतिगत समय छूट सम्मिलित नहीं होती है ।

**Alloy Cast Iron** — मिश्र ढलवाँ लोहा

ऐसा ढलवाँ लोहा जो विशेष गुणधर्म प्राप्ति के लिये निकिल, क्रोमियम, मोलीविडनम आदि मिलाने से बनाया जाता है ।

**Alloy Steel** — मिश्रातु इस्पात/एलॉय इस्पात

वह इस्पात जिसमें लोहा एवं कार्बन के अतिरिक्त वांछित गुण-धर्म प्राप्त करने के लिये कुछ अन्य तत्व भी मिलाये जाते हैं ।

**Alternating stress** — **प्रत्यावर्त्ती प्रतिबल**

किसी अवयव में उत्पन्न वह प्रतिबल जिसका परिमाण समय के सापेक्ष शून्य से अधिकतम के मध्य बदलता रहता है ।

**Amplitude** — **आयाम**

किसी आवर्ती फलन का अधिकतम मान । कम्पन के संदर्भ में आवर्ती फलन प्रायः ज्यावक्रीय होता है ।

**Analog** — **अनुरूप/तुल्यरूप**

उदगम और संरचना में भिन्न परंतु कार्य में समान दो विभिन्न परिघटनाये ।

**Anchor** — **स्थिरक/टेक**

संचक में क्रोड को यथास्थान रखने के लिये धातु निर्मित टेक ।

**Angular contact ball bearing** — **कोणीय संपर्क बाल बेयरिंग**

एक विशेष प्रकार की घर्षण रोधी गुलिका बेयरिंग जिसमें भार का पारेषण ऊर्ध्वाधर दिशा में न होकर नत दिशा में होता है । इस प्रकार की बेयरिंग अक्षीय एवं त्रिज्य दोनों भार वहन कर सकते हैं ।

**Angular feed** — **कोणीय प्रभरण**

शुण्डाकार खरादन में प्रयोग किये जाने वाला प्रभरण जो धूर्णी अक्ष से किसी कोण पर किया जाता है ।

**Angular frequency** — **कोणीय आवृत्ति**

वर्तुल गति की इकाई समयमें बारम्बारता । इसको $2\pi$ से गुणा करने पर कोणीय वेग (रेडियन प्रति सेकिंड) प्रापत होता है ।

**Annealing** — **अनीलन/तापनुशीतन**

1. एक तापोपचार प्रक्रिया जिसमें धातु उत्पाद को एक नियत ताप तक गर्म करके नियंत्रित शीतन किया जाता है ।

2. ऊष्मा उपचार की एक विधि जिसमें धातु अथवा काँच की भंगुरता कम करने के लिये उसको भट्टी में अपेक्षित ताप तक गर्म करके शीतन के लिये छोड़ दिया जाता है ।

**Anti-freeze** — **प्रतिहिमन**

किसी भी द्रव का हिमांक कम करने के लिये उसमें मिलाया जाने वाला पदार्थ जैसे – अल्कोहल, गिलसरीन आदि ।

**Anti friction ways** — **घर्षरोधी पथ**

गुलिका या बेलन पथ जिनमें घर्षण न्यूनतम होता है ।

**Antinode** — **प्रस्पन्द**

स्थिर तरंग क्षेत्र का वह बिन्दु रेखा अथवा पृष्ठ जहाँ पर विक्षोभ अधिकतम होता है ।

**Anti resonant** — **प्रति अनुनादी**

वह युक्ति जिसकी यांत्रिक प्रतिबाधा बहुत अधिक होती है जिसके कारण अनुनाद की संभावना न्यूनतम रह जाती है ।

**Apparel Industries** — **परिधान उद्योग**

पहनावे की वस्तुये बनाने वाले उद्योग

**Appraisal cost** गुणता परीक्षण लागत

गुणता निर्धारण से संबंधित लागत। इसमें आवक माल के निरीक्षणकी लागत, निर्माण के पश्चात् निरीक्षण एवम् परीक्षण की लागत, परीक्षण उपयंत्रों की परिशुद्धता के अनुरक्षण की लागत, निरीक्षण एवम् परीक्षण संबंधी सेवाओं एवम् सामग्री की लागत तथा स्टाक से या कार्यस्थल पर सम्भाव्य गुणता ह्रास के मूल्यांकन की लागत समाविष्ट होती है।

**Archimedean Drill** आर्कीमीडी बरमा

एक प्रकार का बरमा, जिसमें द्रुत बहुचूडी होती है। इसके ऊपर एक ढिबरी आगे पीछे अक्षीय गति में कार्य करती है ताकि बर्मा-अनी को प्रत्यावर्ती घूर्णी गति दी जा सके।

**Archimedean screw** आर्कीमीडी पेंच

एक खोखला नत पेंच या नत अक्ष के चारों और नली प्ररूप कुण्डलिनी, जिसका नीचे का सिरा पानी में होता है।

**Archimedean spiral** आर्कीमीडी सर्पिल

उस बिन्दु का बिन्दु पथ जो त्रिज्य सदिश के अनुदिश एक समान वेग के साथ चलता है।

**Arc of action** क्रिया चाप

पिच वृत्त का चाप जिसमें मिलन दन्त जोड़ा प्रथम संपर्क बिन्दु से अन्तिम सम्पर्क बिन्दु तक चलता है।

**Arc welding** आर्क वेल्डन

संगलन वेल्डन प्रक्रिया जिसमें वेल्डन ऊष्मा कृत्य और इलैक्ट्रोड के बीच विद्युत आर्क अथवा दो इलैक्ट्रोडों से प्राप्त की जाती है।

**Articles of association** — विधानपत्र

कम्पनी के आन्तरिक संगठन को नियन्त्रित करने वाले नियम, उपनियम आदि ।

**Articulated blade** — संधित फलक

रोटरक्राफ्ट फलक जो एक या अधिक कब्जों पर आरोपित रहता है ताकि उड़ान के समय फलक को फडफडाहट तथा आगे पीछे की गति दी जा सके ।

**Articulated connecting rod** — संधित संयोजी दण्ड

त्रिज्य इंजन में सहायक संयोजी दण्ड जो पिनों पर कार्य करता है । ये पिन मुख्य क्रैंक पिन की बजाय मास्टर दण्ड से लगे होते है ।

**Artificial horizon** — कृत्रिम क्षैतिजित्र

एक प्रकार का उपयंत्र जिसमें एक घूर्ण अस्थायी होता है जो प्राकृतिक क्षैतिज की नकल करता है ।

**Assembly** — समन्वायोजन, असेम्बली

1. किसी मशीन या यंत्रावली को उसके अवयवों के साथ एक साथ रखना तथा अवयवों को एक साथ रखने के बाद प्राप्त उत्पाद को भी असैम्बली कहेंगे ।

2. अवयवों का समूह जो एक दूसरे से साथ इस प्रकार समन्वायोजित रहता है कि एक पूर्ण युक्ति बन जाती है अथवा यह मशीन का एक मुख्य भाग बनाता है ।

**Assignable cause** — निर्देश्य कारण

कोई भी ऐसा पहचान योग्य कारक जिससे पूर्व निर्धारित प्रक्रम में परिवर्तन होता है ।

**Assignment model** समनुदेश निदर्श

न्यूनम समय में न्यूनतम लागत या अधिकतम के लिये कार्यों के निष्पादन हेतु कार्यों और सुविधाओं का कार्यकर्ताओं में बटवारा ।

**Atomistic Enterprise** प्रतिस्पर्धी अतिलघु उद्यम

वे उद्यम जिनमें छोटे-छोटे विक्रेताओं के बीच मुकाबला होता है ।

**Atmospheric line** वायुमण्डलीय रेखा

वायमुण्डलीय रेखा सूचक आरेख पर निर्देश रेखा जिसे वायुमंडलीय दाब के सूचक पिस्टन या डायफ्राम पर कार्य करने से खींचा जाता है । यह ऊपर के भाप क्षेत्रफल को नीचे के निर्वात क्षेत्रफल से विभाजित करती है ।

**Attribute** गुण

उत्पादन के वे लक्षण जिसके आधार पर वह स्वीकृत या अस्वीकृत किया जा सकता है ।

**Audio Frequency** श्रव्य आवृत्ति

सामान्यतः सुनाई देने वाली ध्वनि तंरगों की कोई भी आवृत्ति ।

**Auger** ऑगर

छिद्र प्रवेधन के लिये एक औजार जिसमें लम्बा शैंक तथा एक सिरे पर कर्तक धार तथा दूसरे सिरे पर हैण्डल के लिए आडा सिरा होता है ।

**Auger stem** ऑगर - दण्ड

एक भारी दण्ड जिसमें कूप का वेधन करने के लिए बरमा अनी लगा होता है ।

**Auto Frettage** — **स्वतः संबद्ध**

संयुक्त सिलिण्डर बनाने का एक प्रक्रम जिसमें ताप अथवा द्रवीय दाब की सहायता से एक सिलण्डिर को दूसरे सिलिण्डर के ऊपर इस प्रकार चढ़ाया जाता है कि सिलिण्डरों में आंशिक पराभव हो और उनमें लाभप्रद अवशिष्ट प्रतिबल उत्पन्न हो ।

**Automatic Expansion** — **स्वतः प्रसरण**

भाप-इंजन में अधिनियंत्रकों तथा भाप-प्रसरण की उनकी यंत्रावली द्वारा नियंत्रण ।

**Automatic lathe** — **स्वचल खराद**

1. खराद जिसमें बिना अपारेटर के पुनरावर्ती कार्य होता है ।
2. खराद मशीने जिनमें सभी संक्रियायें स्वतः होती हैं ।

**Automatic Stoker** — **स्वतः आंगरित्र/स्टोकर**

एक युक्ति जिसके द्वारा गुरुत्व की सहायता से ठोस ईंधन को लगातार भरा जाता है तथा कुछ मामलों में आगे चलती हुए निरंत चेन पर ईंधन भट्टी में भेजा जाता है तथा राख को निक्षेपित किया जाता है ।

**Automatic weld** — **स्वतः वेल्ड**

स्वनियंत्रित वेल्डन प्रक्रिया द्वारा निर्मित वेल्ड ।

**Automatic welding** — **स्वयनियंत्रित वेल्डन**

स्वतः नियंत्रित तार प्रभरण एवं आर्क अंतराल द्वारा संपन्न वेल्डन प्रक्रम ।

**Automation** — **स्वचालन**

1. स्वत: निदेशी औद्योगिक उत्पादन तकनीक जिसमें न्यूनतम मानव प्रयास अपेक्षित हो ।

2. ऐसी आधुनिक प्रणाली जिसमें कार्य का संचालन एवम् निष्पादन आंशिक या पूर्ण रूप से मशीनों द्वारा किया जाता है ।

3. यांत्रिक इलैक्ट्रानिकी और कम्प्यूटर आधारित तंत्रों के प्रयोग संबंधी तकनीक जो उत्पादनों का प्रचालन और नियंत्रण करती है ।

**Automobile** — **आटोमोबील/आटोमोबाइल**

इंजन द्वारा सड़क पर चलने वाले वाहन ।

**Automotive transmission** — **स्वचाल यान संचरण**

मोटर गाड़ियों में इंजिन से उसके चालक पहियों तक शक्ति पारेषण के लिये प्रयुक्त युक्ति-निकाय ।

**Autonomous group** — **स्वायत्त समूह**

वह समूह जिसको कार्य संचालन में पूर्ण अधिकार होता है तथा सभी निर्णय आदि लेने में पूर्ण रूप से स्वतंत्र होता है ।

**Auxillary mass Damper** — **सहायक संहति अवमंदक/सहायक द्रव्यमान अवमंदक**

अतिरिक्त द्रव्यमान जो अवमंदक तन्त्र के कम्पन कम करने के लिये लगाया जाता है ।

**Availability** — **उपलब्धता**

किसी उत्पाद अथवा सेवा के यथा आवश्यक उपयोग के लिये सुलभ होने की सम्भाव्यता ।

**Availability** प्राप्यता/उपलब्धता

किसी प्रक्रम से उपयोगी कार्य की अधिकतम उपलब्ध मात्रा जिसमें तंत्र अपने परिवेश के साथ ऊष्मागतिक संतुलन में आ जाता है।

**Average outgoing Quality Limit(AOQL)** औसत बहिर्गामी गुणता सीमा

बहिर्गामी उत्पाद प्रचय में दोषपूर्ण नगों का औसत प्रतिशत जिससे उत्पादन की गुणता का स्तर निर्धारित किया जाता है।

**Axial load** अक्षीय भार

किसी अवयव के सममित अक्ष की दिशा में लगने वाला तनन अथवा सम्पीडन।

**Axle** धुरा/धुरी

एक शैफ्ट जैसा अवयव जो अनुप्रस्थ भार को आधार प्रदान करता है परंतु बलाघूर्ण संचारित नहीं करता है। यह घूर्णीय अथवा स्थिर दोनों ही प्रकार का हो सकता है।

**Back-Fire** प्रतिज्वलन

अंतर्ग्रहण बहुमुखक में मिश्रण का ज्वलन। यह एक अवांछनीय प्रक्रिया है।

**Back-lash** पिच्छट

गियर अथवा नट वोल्ट जैसे मिलन पुर्जों के बीच का अवांछित अवकाश।

**Back-Pressure** पश्च-दाब

मुक्त प्रवाह में अवरोध जैसे कि रेचन लाइन में रुकावट।

**Back rake angle** — **पश्च नति कोण**

कर्तन औजार के पृष्ठ और शंक आधार की समान्तर रेखा के बीच का कोण जो औजार के मुखाग्र की केंद्र रेखा के समान्तर तल में और आधार के समकोण पर मापा जाता है ।

**Baffle or Baffle plate** — **व्यारोध या व्यारोधिका पट्ट**

गैस या ध्वनि के प्रवाह को मोड़ने या उसका अवमंदन करने वाली युक्ति ।

**Balanced core** — **संतुलित क्रोड**

सांचे में एक सिरे पर आलम्बित क्रोड ।

**Ballistic Movement** — **निर्बाध संचलन**

अंगों की सहज, तीव्र, एवं परिशुद्ध गति जो मास पेशियों के एक विशेष वर्ग के संकुचन के फलस्वरूप प्राप्त होती है ।

**Band Pass Filter** — **बैण्ड पारक निस्यंदक**

तरंग संप्रेषण पारक फिल्टर जिसके बैण्ड की प्रेषण सीमा निम्न विक्षेद आवृत्ति (शून्य से अधिक) से लेकर परिमित उच्च आवृत्ति के बीच रहती है ।

**Band Saw** — **पट्टी–आरा**

दो घूर्णी पट्टियों के द्वारा चलाये जाने वाला सिराहीन पट्टीनुमा आरा ।

**Base circle** — **आधार–वृत्त**

1. गियर के संदर्भ में वह वृत्त जिससे प्रतिकेन्द्रज वक्र जनित होता है ।
2. कैम के संदर्भ में न्यूनतम त्रिज्या वाला वृत्त ।

**Base metal** आधार धातु

वेल्ड किया जाने वाला धातु ।

**Base Industries** आधारभूत उद्योग

वह उद्योग जो पूँजीगत वस्तु का उत्पादन करते हैं ।

**Basic Time** मूल-काल

मानक दर पर कार्य करने के लिए नियत समय ।

**Batch production** खेप-उत्पादन

माँग के अनुसार एक ही प्रकार की वस्तुओं का गढ्ढ्द्ध निर्माण ।

**Bath tub curve** बाथ टब वक्र

विफलता दर और समय के मध्य वक्र (चित्र क्रं. )

**Bead lock rim or ring** बीड पाश रिम

वह वलय जो टायर को रिम के प्रतिकूल थामे रखता है ।

**Beat** विस्पन्द

दो भिन्न आवृत्तिओं वाले सरल हार्मोनिक राशियों के अध्यारोपण से उत्पन्न आवर्ती विचरण जिसकी आवृत्ति दोनों राशिओं की आवृत्ति के अंतर के बराबर होती है ।

**Bed charge** तली घान

क्यूपला भट्टी की तली में बिछायी जाने वाली कोक परत । प्रथम लोह परत को भी तली घान कहते हैं ।

**Bedding** स्थापन

साँचा निम्नक में प्रतिरूप को अपेक्षित स्थिति में बालू भरकर बैठाने की प्रक्रिया ।

**Belleville spring** **बेलीविले स्प्रिंग**

वाशर के आकार की स्प्रिंग जिसका आंतरिक छिद्र उसके बाह्य व्यास से भिन्न तल में होता है ।

**Bellows** **धौंकनी**

वह यंत्र जिसमें एक कण तथा नम्य पार्श्व बनी होती है जो वायु प्रवाह को दिशा देती है । ढलाई शालामें लघु धौंकनी का प्रयोग पैटर्न की पृष्ठों से पृथ्थकारी बालू को हवा के झौंके से हटाने में किया जाता है ।

**Bending stress** **बंकन प्रतिबल**

किसी अवयव के परिच्छेद पर कार्यरत बंकन आघूर्ण के कारण उस परिच्छेद में उत्पन्न अभिलम्ब प्रतिबल । यह तनन तथा संपीडन दोनों ही प्रकार का होता है ।

**Bendix drive** **बेन्डिक्स-चालक**

मोटर गाड़ियों में इंजन चालू करने के लिए प्रयुक्त एक प्रकार की युक्ति । इसमें गरारी स्वतः ही गतिपालक चक्र को चलाती है तथा इंजन चालू हो जाने पर हट जाती है ।

**Bernoullis' theorem** **बन्यूली-प्रमेय**

इस प्रमेय के अनुसार किसी अपरिवर्ती रुद्धोष्म, असंपीड्य एवं श्यानता रहित तरल प्रवाह में धारारेखा की दिशा में तरह की संपूर्ण दाबोच्चता एक समान रहती है ।

**Biaxial loading** **द्वि अक्षीय भारण**

परस्पर अभिलम्बी दिशाओं में अवयव के किसी परिच्छेद पर लगने वाले भार ।

**Bill of Materials** **पदार्थ/साम्रगी सूची**

किसी उत्पाद की निर्दिष्ट उत्पादन मात्रा के लिए या विशेष आदेश के लिए उस उत्पाद समूह के लिए अपेक्षित अव्यवों एवं पदार्थों की तालिका ।

**Bin** — धानी, खत्ती

भंडार में सामग्री को रखने के लिए बने पात्र ।

**Binding** — बंधक

क्रोड या साँचे में प्रबलता प्रदान करने के लिये संचक बालू या क्रोड बालू में मिलाया जाने वाला पदार्थ ।

**Black body** — कृष्णिका

एक आदर्श पिण्ड या पृष्ठ जो सभी आपतित विकिरणों को पूर्णतया अवशोषित कर लेता है ।

यह एक आदर्श विकिरण उत्सर्जक भी है ।

**Black body radiation** — कृष्णिका विकिरण

एक नियत ताप पर कृष्णिका से ऊर्जा उत्सर्जन ।

**Black body temperature** — कृष्णिका ताप

आदर्श पिण्ड का वह ताप जिस पर वह प्रति क्षेत्रफल उतनी ही विकिरण का उत्सर्जन करता है जितना निर्दिष्ट वस्तु ।

**Blacking** — पृष्ठ धूलन

साँचे पर कोल चूर्ण छिड़कने की प्रक्रिया ताकि संचक पृष्ठ को ताप विकृति से बचाया जा सके ।

**Black lead** — ब्लैक लैड/ग्रेफाइट

ग्रेफाइट पायस जिसका प्रयोग प्रतिरूपों एवं ढलवां लोह द्रुतशीतकों के पृष्ठोंको लेपित करने में होता है ।

**Blast** — वात्या

कृत्रिम रूप से दहन क्रिया में द्रुतता लाने के लिये भट्टी में आध्मात वायु का प्रवाह ।

**Blast Furnace** वात्या भट्टी

आध्मात वायु द्वारा अयस्कों से लोह पिघलाने वाली भट्टी ।

**Bleeder Valve** श्राव वाल्व

दाब युक्त द्रव वाहिनी नलिकाओं से वायु निकालने वाला वाल्व ।

**Blow hole** वात छिद्र

साँचे में विद्यमान वायु या गैस निकलने के कारण ढलाई में बना कोटर । यह एक प्रकार का ढलाई दोष है ।

**Bonding material** बंधक पदार्थ

वह पदार्थ जो अपघर्षी कणों के साथ मिलकर मजबूत मिश्रण तैयार करता है ।

**Bonus** बोनस

किसी भी उद्योग द्वारा वेतन के अतिरिक्त उसके किसी निर्धारित अनुपात में निश्चित अवधि के उपरांत देय राशि।

**Bore** अभ्यांतर व्यास

किसी छेद का व्यास जैसेकि सिलिण्डर का आंतरिक व्यास ।

**Bottom Anchored Core** तली बद्ध क्रोड

साँचे की तली में बँधा हुआ क्रोड ताकि साँचे में पिघली धातु उढेलते समय क्रोड प्लवमान न हो सके ।

**Bottom Board** तली तख्ता

निम्नक के नीचे रखे जाने वाला तख्ता ।

**Bott Stick** — डाट छड़/डाट दण्ड

एक लम्बा लोहे का छड़ जिसके एक सिरे पर गीली मिट्टी का पिण्ड लगा रहता है जिसके द्वारा क्यूपला के तली छिद्र को बन्द किया जाता है ।

**Box section** — पेटीनुमा परिच्छेद/बाक्स परिच्छेद

एक खोखला संरचनाओं में प्रयुक्त होने वाला परिच्छेद जिसकी अनुप्रस्थ काट आयताकार होती है ।

**Brake cylinder** — ब्रेक सिलिण्डर

द्रवीय ब्रेक तन्त्र में ड्रम के अन्दर स्थिति सिलिण्डर जिसमें पिस्टन चालित ब्रेक शूल लगे होते हैं । सिलिण्डर के दोनों सिरे खुले होते हैं ।

**Brake Drum** — ब्रेक ड्रम

ढलवाँ लोहअथवा दाबित इस्पात से निर्मित ढोल जिसकी भीतरी पृष्ठ पर ब्रेक शू लगताहै । ढोल हब पर आरोपित रहता है ।

**Brake hose** — ब्रेक हॉज

धातुयी ट्यूबन और अग्र चक्र सिलिण्डर के बीच नम्य हॉज जोड़ जिससे ब्रेक द्रव अग्र चक्र सिलण्डिरों में पहुँचता है ।

**Brake lining** — आरोध-आस्तर

आरोध की आन्तरिक पृष्ठ पर लगाये जाने वाली एक घर्षणी पदार्थ की परत जो ब्रेक ड्रम के सम्पर्क में आने पर गतिरोध उत्पन्न करती है ।

**Brake shoe** — ब्रेक-शू

वक्राकार चक्र से लगी ढली धातु जिसे ब्रेक लगाते समय ब्रेक ड्रम के प्रतिकूल दबाया जाता है ।

**Brake shoe clearance** — **ब्रेक शू अन्तराल**

ब्रेक ड्रम की अन्दर सतह और ब्रेक शू पर लाइनिंग के बीच का अन्तराल ।

**Brake Thermal Efficiency of an Engine OR Overall Thermal Efficiency (of an Engine)** — **(ब्रेक ऊष्मीय दक्षता)**

या

**(सर्वांग ऊष्मीय दक्षता)**

आदिचालक की शैफ़्ट पर उपलब्ध निर्गम कार्य एवं प्रदत्त ऊष्मा का अनुपात ।

**Branch tee** — **टी-ब्रॉच/टी शाखा**

एक "T" विन्यास जिसमें संलग्न भाग एक दूसरे के लम्बवत होते हैं ।

**Brazing** — **ब्रेजन**

जोडे जाने वाले, भागों के मध्य अवकाश को उत्ताप गलनाकी पूरक धातु से कोशिका प्रक्रिया द्वारा भरना ।

**Braz welding** — **ब्रेज वेल्डन**

किसी भी पुर्जे पर गढढों अथवा तरेडों को उत्ताप गलनांकी पूरक धातु द्वारा भरना ।

**Breakdown maintenance** — **भंग - अनुरक्षण**

मशीन, उपकरण या तन्त्र के बिगड़ने पर उसे पुनः कार्यशील बनाने के लिये की जाने वाली मरम्मत आदि ।

**Break Even Point** — **लाभ-अलाभ बिन्दु**

सादृश्य मदों के लिए संचालन दर का निर्गत, जिस पर संचालन लागत एवं संभावित प्रतिलाभ दोनों बराबर होते हैं ।

**Brinell hardness** — ब्रिनेल कठोरता

ब्रिनेल द्वारा विकसित विधि से प्राप्त धातु पृष्ठ कठोरता यह गुलिका पर लगाया गया मानकभार और उसके द्वारा उत्पन्न दंतुरण क्षेत्रफल का अनुपात होता है ।

**Brittle fracture** — भंगुर विभंजन

किसी अवयव का ऐसा विभंजन जिसमें पराप्रत्यास्थ निरुपण न्यूनतम होता है ।

**Brittleness** — भंगुरता

पदार्थ का वह गुण जो उसको प्रभारित करने पर बिना स्थाई रूप परिवर्तन किए ही विभाजित कर दे ।

**Broad band Random Vibration** — विस्तृत-बैण्ड यादृच्छिक कम्पन

यादृच्छिक कम्पन जिसके आवृत्ति घटक विस्तृत बैण्ड में होते हैं ।

**Buckling load** — व्याकुंचन भार

किसी स्तंभ पर लगने वाला अधिकतम अक्षीय संपीडन भार जिसके लगाने पर स्तंभ साम्यावस्था में बना रहता है ।

**Built up edge** — संसक्त किनारा

औजार के रेक पृष्ठ पर चिपका हुआ छीलन का कुछ भाग । संसक्त किनारा ताप और दाब की विशेष परिस्थितियों में ही बनता है ।

**Burnishing** — बर्निश करना

किसी सम्पूरित पृष्ठ को बेल्लन द्वारा चिकना करने का प्रक्रम ।

**Bush bearing** — व्यास्तर बेयरिंग

वह सर्पी बेयरिंग, जिसमें निभ्रमी की लम्बाई की अपेक्षा बेयरिंग का व्यास छोटा होता है तथा त्रिज्य अवकाश भी न्यून होता है

**Butt Welding** — टक्कर वेल्डन

वेल्डन प्रक्रम द्वारा दो भागों को आमने-सामने सपाट अवस्था में रखकर जोड़ना ।

**Cable** — इस्पात रज्जु

इस्पात तारों से बनी रस्सी ।

**CAD (Computer Aided Design)** — कम्प्यूटर साधित अभिकल्प

कम्प्यूटर की सहायता से प्राप्त अभिकल्प जिसमें इष्टतम अभिकल्प प्राप्त होता है ।

**Camber angle** — कैम्बर कोण

धुरी अक्ष के अनुलम्ब समतल और अग्र पहिये के समतल के बीच बना कोण ।

**Cam ground piston** — कैम अपघर्षित पिस्टन

कैम द्वारा अपघर्षित किंचित अण्डाकार आकृति का बना पिस्टन जो संक्रिया के दौरान बर्तुल हो जाता है ।

**Cam Mechanism** — केम यंत्रावली

वह युक्ति जिसमें केम अनुगामी और अन्य संबद्ध अवयव द्वारा घूर्णीय गति को रैखिक अथवा दोलनीय गति में परिवर्तन किया जाता है ।

**Capacity requirement planning** — अपेक्षित आयोजना क्षमता

उत्पादन में प्रयुक्त कार्मिक एवम् यांत्रिक संसाधनों को आवश्यकतानुसार उपलब्ध कराने की प्रक्रिया ।

**Carburettor** — कार्बुरेटर

वह युक्ति जो गैसोलीन और वायु को एक बांछित अनुपात में मिलाकर प्रज्वलन के लिए अंर्तदहन इंजिन में भेजती है ।

**Carburizing** — कार्बुरीकरण

एक निम्नकार्बन इस्पात के पृष्ठ कठोरी करण की प्रक्रिया । इसमें इस्पात को कार्बनमय पदार्थ के सम्पर्क में उच्च क्रान्तिक ताप से अधिक पर गर्म करके द्रुतशीतित किया जाता है । इससे सतह में कार्बन की प्रतिशत मात्रा बढ़ जाती है तथा कठोर हो जाती है ।

**Carburising** — कार्बन व्यापन

पृष्ठ कठोरीकरणकी वह विधि जिसमें निम्नकार्बन इस्पात के पृष्ठ पर कार्बन की मात्रा बढ़ाई जाती है । इसमें इस्पात को कार्बनमय पदार्थ के सम्पर्क में लगभग 700°ब पर अपेक्षित अवधि तक गर्म किया जाता है ।

**Case** — कोष्ठ/केस

निम्नकार्बन इस्पात का कठोरीकृत पृष्ठ ।

**Carriage** — यान

खराद मशीन में औजार को गति देने वाली युक्ति ।

**Cast Iron** — ढलवाँ लोहा

1. यह कच्चे लोहे से बनाया जाता है । इसमें कार्बन अंशकी मात्रा 2 से 5 प्रतिशत तक होती है और यह ढाला जा सकता है

2. एक लौह–कार्बन मिश्रधातु जिसमें कार्बन की प्रतिशत मात्रा 1.8 से 4.3 तक होती है ।

**Casting** ढलाई, ढालना/संचकन

1. साँचे में पिघली धातु को उढ़ेलना ।

2. संचकन से उपलब्ध उत्पादन को भी ढलाई कहते हैं ।

**Centreless grinding** अकेन्द्र अपघर्षण

बेलनाकार कृत्याशों को केन्द्रको पर पकड़े बिना अपघर्षण द्वारा मशीनन ।

**Centrifuge** अपकेन्द्रित

तीव्रगति पर घूमने वाली बेलनाकार युक्ति जो किसी पदार्थ के मिश्रण से उच्चतम घनत्व वाले अवयव को अपकेन्द्रित द्वारा मिलाता है ।

**Centrode** घूर्णन केन्द्र पथ/सेन्ट्रोड

किसी गतिशील कठोर पिण्डका तात्क्षणिक घूर्णन केन्द्र बिन्दु पथ ।

**Charpy impact test** चार्पी संघट्ट परीक्षण

चापी द्वारा विकसित संघट्ट परीक्षण जिसमें एक वी-खाचे वाला मानक प्रतिरूप साधारण आलम्बित धरण की तरह प्रयोग किया जाता है ।

**Cheek** मध्यक/चीक

साँचा पेटी का बीच का भाग ।

**Chemical Equalibrium** रासायनिक साम्यावस्था

वह अवस्था जिसमें रासायनिक अभिक्रिया प्रतिक्रम रूप में होती है तथा जिसमें क्रियाशील पदार्थों का सांद्रण समय के साथ परिवर्तित नहीं होता ।

**Chemical Process** रसायन प्रक्रम उद्योग

वे उद्योग जिनमें रसायनिक अभिक्रियाओं द्वारा कच्चे माल को अपेक्षित उत्पादों में बदला जाता है ।

**Chilled Cast Iron** शीतित ढलवॉ लोहा

धातु के संचक में ढाला गया ढलवॉ लोहा। इसका बाहरी पृष्ठ शीतन के कारण कठोर होता है ।

**Chip breaker** छीलन भंजक

लम्बी छीलन को तोडने के लिये खरादन औजार के रेक पृष्ठ पर बनाया गया उभार या खांचा ।

**Chip flow angle** छीलन प्रवाह कोण

कर्तन कोर के अभिलम्ब और छीलन वेग - सदिश के बीच का कोण ।

**Chip flow velocity** छीलन प्रवाह वेग

कर्तन औजार के रेक फलक पर छीलन सर्पण का वेग ।

**Chip length ratio** छीलन लम्बाई अनुपात

बिना कटी छीलन और कटी छीलन की लम्बाई का अनुपात ।

**Chipping** छीलना/तराशना

छैनी--हथौडे द्वारा सतह से पदार्थ को छोटी-छोटी छीलन के रूप में हटाना ।

**Chip thickness ratio** छीलन मोटाई अनुपात

बिना कटी छीलन की मोटाई और कटी छीलन की मोटाई का अनुपात ।

**Chip width ratio** — **छीलन चौड़ाई अनुपात**

बिना कटी छीलन की चौड़ाई और कटी छीलन की चौड़ाई का अनुपात ।

**Choke** — **चोक**

कार्बुरेटर के प्रवेश द्वार पर लगी वह युक्ति जो उसमें अन्दर जाने वाली वायु की मात्रा को कम करती है ।

**Chronic problem** — **दीर्घकालिक समस्या**

गुणता सुधार की प्रक्रिया में बहुत समय से विद्यमान समस्या जिसके निवारणके लिये पूर्व स्थिति को बदलना आवश्यक होता है ।

**Chronograph** — **समयलेखी, क्रोनोग्राफ**

सूक्ष्म गति अध्ययन में काम आने वाली एक युक्ति जो पूर्ण कार्य चक्र को अभिलेखित करती है ।

**Chuck** — **चक**

मशीन तर्कु पर लगाये जाने वाली कृत्यक या औजार धारक युक्ति ।

**Clamp** — **क्लैम्प/शिकंजा**

एक ऐसी युक्ति जो वस्तुओं को यथास्थान रखने के लिये प्रयोग की जाती है ।

**Clamping mechanism** — **बंधक यंत्रावली/ग्राभक यंत्रावली**

अवयवों को अपने स्थान पर बाह्य बलों के प्रतिकूल जकड़कर रखने वाला साधन ।

**Clearance** — **मुक्तांतर/अवकाश**

दो आसन्न अथवा उपागमी अवयवों के बीच अन्तराल ।

**Clearance volume** **अवकाश आयतन**

सिलिण्डर शीर्ष और पिस्टन के मध्य न्यूनतम आयतन ।

**Closed system** **संवृत निकाय**

वह निकाय जिस की परिसीमा से केवल ऊर्जा का अतंरण ही सम्भव है । इसमें द्रव्यमान स्थिर रहता है ।

**Clutch** **क्लच/ग्राभ**

दो शाफ्टों को आवश्यकतानुसार संयुक्त-वियुक्त करने की युक्ति ।

**Coarse Thread** **स्थूल चूड़ी/मोटी चूड़ी**

सामान्य प्रयोग में आने वाली बडे अंतराल की पेंच चूडी ।

**Coefficient of friction** **घर्षण-गुणांक**

दो सम्पर्कित पिण्डों के बीच घर्षण बल तथा सम्पर्कित सतह पर अभिलम्ब प्रतिक्रिया बल का अनुपात ।

**Coining** **मुद्रीकरण**

अताप रुपण का प्रक्रम जिसमें धातु पर सूक्ष्म उभार लाने के लिए उसे डाई और पंच के बीच रखकर दबाया जाता है ।

**Coller friction** **कॉलर घर्षण**

किसी शॉफ्ट के कॉलर और संस्पर्शी पृष्ण के बीच घर्षण ।

**Collet chuck** **कॉलेट चक**

एक शंक्वाकार नलिका जिसके दो तिहाई भाग में अनुदैर्ध्य झिरी बनी होती है। ऐसे चक को जिसमें इसका प्रयोग होता है कॉलेट चक कहते हैं ।

**Coefficient of Restitution** — प्रत्यावस्थाम गुणांक

वह स्थिराँक जिससे दो पिण्डों का संघट्ट के पश्चात् उनकी विपरीत दिशाओं में गति का आकलन किया जाता हैं ।

**Combustion** — दहन

ऑक्सीजन की उपस्थिति में तरल अथवा ठोस पदार्थ में जलने की वह क्रिया जिसमें ऊष्मा उत्पन्न होती है ।

**Combustion chamber** — दहन कक्ष

अंर्तदहन इंजिन के सिलिण्डर शीर्ष में बना हुआ कक्ष जहाँ इंधन का प्रज्वलन आरम्भ होता है ।

**Commercial diamond/industrial diamond** — औद्योगिक हीरक

औद्योगिक कार्यों में प्रयुक्त किये जाने वाले हीरे

**Common stock** — सामान्य स्टॉक

अधिमान शेयर के अतिरिक्त किसी भी कम्पनी के अन्य सारे शेयर ।

**Compatibility Relation** — सुसंगति संबंध

वह गणितीय संबंध जो युक्ति संगत विद्युति क्षेत्र के लिए आवश्यक हो ।

**Compaction** — संहनन

धातु एवम् अधातु चूर्णो का उच्च दाब पर सम्पिन्डन । इस प्रकार प्राप्त पिण्ड का सिन्टरन किया जाता है ।

**Completely Reversed Stress** — पूर्णतः व्युत्क्रम प्रतिबल

किसी अवयव में उत्पन्न वह प्रतिबल जिसका परिमाण समय के सापेक्ष बदलता रहता है तथा अधिकतम तनन प्रतिबल एवं अधिकतम संपीडन प्रतिबल का मान बराबर होता है ।

**Complex Stresses** सम्मिश्र प्रतिबल

किसी वीमिय अवयव में उत्पन्न द्वि–अथवा त्रि–वीमिय प्रतिबल ।

**Complex vibration** सम्मिश्र कम्पन

कम्पन जिसके घटक ज्यावक्रीय होते हुये भी परस्पर हार्मोनिक नहीं होते ।

**Composite Material** संयोजित पदार्थ

अपेक्षित गुण धर्म प्राप्ति हेतु दो मदों से अधिक पदार्थों के सम्यक संयोजन से निर्मित पदार्थ ।

**Composite plate** संयोजित प्लेट

दो या दो से अधिक भिन्न पदार्थों की प्लेटों के पृष्ठीय संयोजन से निर्मित प्लेट ।

**Compound cylinder** संयोजित सिलेंडर

बल द्वारा एक सिलेंडर को दूसरे सिलिंडर पर अध्यारोपित करने से निर्मित सिलिंडर ।

**Component Life Expactancy** अवयव की प्रत्याशित आयु

किसी अवयव का अनुमानित उपयोगी कार्यकाल ।

**Compound Pendulum** असरल लोलक/पिण्ड लोलक

एक सिरे से आलम्बित वह दृढ़ पिण्ड जिसका दोलन सरल आवृत्ति होता है ।

**Compliance** अनुवृत्ति

रैखिक यांत्रिक तन्त्र में प्रति इकाई बल के फलस्वरूप होने वाला विस्थापन । यह दृढता का विलोम है ।

**Compression** **संपीडन प्रज्वलन**

अंर्तदहन इंजिनमें प्रज्वलन की एक विधि इसमें वायु के संपीडन से उत्पन्न तापवृद्धि द्वारा ईंधन का प्रज्वलन होता है ।

**Compression member** **संपीडन अवयव**

वह अवयव जिन पर अक्षीय बल लगने से उसकी लंबाई में कमी होती है ।

**Compression ratio** **संपीडन अनुपात**

अंर्तदहन इंजिनमें प्रसर्पित आयतन और अवकाश आयतन का अनुपात ।

**Compressibility factor (Z)** **सम्पीड्यता गुणक**

किसी गैस के मोलीय आयतनऔर दाब के गुणनफल तथा उसके निरपेक्ष ताप और दाब के गुणनफल तथा उसके निरपेक्ष ताप और सार्वगैस-स्थिरांक के गुणनफल का अनुपात । इसे गैस-विचलन गुणक भी कहते हैं । गणितीय रूप में इसे इस प्रकार दर्शाया जाता है -

$$Z = \frac{pv}{RT}$$

**Compressive stress** **संपीडक प्रतिबल**

वह प्रतिबल जो संपीडन के कारण उत्पन्न होता है ।

**Computer aided manufacturing(CAM)** **कम्प्यूटर सहाय्यित विनिर्माण**

प्रक्रिया के विभिन्न चरणों की संचालन प्रणाली ।

**Computer Code** **अभिकलित्र कूट/कम्प्यूटर कूट**

अक्षरों, अंकों अथवा अक्षरांकिय मानक सम्मुचय, जिसका उपयोग अभिकलित्र में सूचना विनिमन के लिए होता है ।

**Computer integrated manufacturing** — कम्प्यूटर समेकित विनिर्माण

उत्पादों के अभिकल्पन, निर्माण नियोजन एवं प्रबंधन संबंधी सभी कार्यों को कम्पयूटर तकनीक द्वारा समेकित करने की प्रणाली ।

**Computer Simulo-tion** — अभिकलित्र अनुकार

क्षैतिज प्रक्रम को गणितीय रूपमें दर्शाना जिसे अभिकलित्र द्वारा आसानी से विश्लेषित किया जा सके ।

**Computing Mechanism** — अभिकलन यंत्रावली

वह कड़ी यंत्रावली जिसके द्वारा निर्गम और अंतर्गम गति गणितीय संक्रियाओं के रूप में व्यक्त होती है, जैसे गुणा, भाग, अवकलन आदि ।

**Conduction Heat Transfer** — चालन ऊष्मान्तरण

तापान्तर के कारण किसी तन्त्र के अवयवों अथवा दो संस्पर्शी तन्त्रों के मध्य द्रव्यान्तरण के बिना ऊष्मान्तरण ।

**Conduit** — वाहिनी/कंडयूट/नल

1. वह पाइप जिसमें विद्युत या टेलीफोन की केबिल डाली जाती है । यह वाहिनी केबिल को संरक्षण प्रदान करती है ।
2. द्रव प्रवहन हेतु नली या नाल ।

**Confidence level** — विश्वास्यता स्तर

किसी मद समष्टि के प्राचल के सही होने की प्रतिशत संभाव्यता ।

**Configuration Factor** — संरूपण गुणक

एक पृष्ठ द्वारा विकिरित ऊर्जा तथा दूसरे पृष्ठ द्वारा अंत:रुद्ध विकिरित ऊर्जा का पहिले पृष्ठ द्वारा विकिरित सम्पूर्ण ऊर्जा के साथ अनुपात । यह दोनों पृष्ठों की आकृति पर निर्भर करता है ।

**Conical Coil Spring** **शकु कमानी/शंकुवाकार कुंडली स्प्रिंग**

एक कुण्डलित शंकुवाकार स्प्रिंग जिसमें विस्थापन अक्षीय भार के समानुपाती नहीं होता ।

**Connecting rod** **संयोजी दण्ड**

अंर्तदहन इंजिन में क्रैंक शैफ्ट को पिस्टन से जोड़ने वाली कड़ी । भाप इंजिन में यह क्रैंक को क्रॉस हैड से जोड़ती है ।

**Consumer's Risk** **उपभोक्ता जोखिम**

उपभोक्ता द्वारा प्रतिचयन योजना अनुसार निकृष्ट मदों को स्वीकार किये जाने की संभाव्यता ।

**Constraints** **व्यवरोध**

1. यंत्रावली की कड़ियों को निश्चित पक्ष के अनुकूल चलाने के लिए निर्देश करने वाला आधार, जोड़ अथवा उनका समूह ।
2. गणितीय संबंध जो किसी फलन की सीमाओं को व्यक्त करते हैं, इनका प्रयोग इष्टतमीकरण में होता है।

**Coulomb Damping** **कूलम्ब अवमंदन**

अवमंदन, जिसमें ऊर्जा क्षय शुष्क घर्षण द्वारा होता है तथा प्रतिरोध वेग का समानुपाती नहीं होता ।

**Coupled mode** **युग्मित विधा**

युग्मित तन्त्रों की कम्पन विधा जो ऊर्जा के परस्पर आदान प्रदान से प्रभावित होती है ।

**Construction Industries** **निर्माण उद्योग**

रोड, मकान, पुल, बाँध, इण्ड़स्ट्रियल और कामर्शियल आदि का निर्माण कार्य सभी इस प्रकार की इण्डस्ट्रीज में आते हैं । इनमें स्टील, सीमेंट, बुलडोज़र, नई प्रकार की मशीने आदि प्रयोग की जाती हैं ।

**Contact angle** — **सम्पर्क कोण**

1. गरारियों का कोणिय विस्थापन जो एक दाँत-जोडें के सम्पर्क का आरंभ एवं अंत दर्शाता है ।
2. पट्टा चालन में घिरनी के सम्पर्क में रहने वाले पट्टे के भाग द्वारा घिरनी केन्द्र पर बनने वाला कोण ।

**Contact ratio** — **सम्पर्क अनुपात**

दो मिलन गसरियों के दंत युग्म की वह कम से कम संख्या जो आपस में सम्पर्क बनाये रहती है ।

**Contact Stress** — **संस्पर्श-प्रतिबल**

दो पिण्डों को आपस में दबायें जाने पर संपर्कित सतह पर उत्पन्न प्रतिबल ।

**Continuous production** — **सतत् उत्पादन**

एक ही प्रकार के मदो का विशिष्ट प्रक्रिया द्वारा लगातार निर्माण जिसमें उपस्करों का निरन्तर उपयोग होता है ।

**Continuous system** — **संतत निकाय**

ऐसा निकाय जिसमें असंख्य स्वतन्त्र विस्थापन हो सके ।

**Contraction Rule** — **संकुचन मापनी**

पैटर्न निर्माताओं द्वारा उपयोग में लायी जाने वाली मापनी । इस मापनी की सहायता से पैटर्न की विमाओं को धातु-संकुचन छूट के साथ समंजित किया जाता है ।

**Contact ratio** — **सम्पर्क अनुपात**

गरारी तन्त्र में क्रिया आर्क और वृत्तीय पिच का अनुपात । यह अनुपात एक से अधिक होना अनिवार्य है ।

**Cope** — **उच्चक/कोप**

सॉचा पेटी का ऊपरी भाग ।

**Core Print** — **क्रोड उभार**

प्रतिरूपको पर बने प्रक्षेप जिसके कारण सॉचो में कोटर या रिक्त स्थल बन जाते हैं जिस पर क्रोड टिक जाती है ।

**Control** — **नियंत्रण**

वह उद्योग व्यवस्था जिसके द्वारा उद्योग की सम्पूर्ण गति-विधियों का संचालन एवम् नियंत्रण किया जाता है ।

**Control System** — **नियंत्रण तंत्र**

किसी मशीन अथवा संयंत्र का वह भाग जो सम्पूर्ण मशीन अथवा संयत्र की संक्रियाओं को नियमित करे ।

**Control Volume** — **नियंत्रण आयतन**

निकाय अवकाश का वह निश्चित क्षेत्र जिसकी सीमाओं के आर-पार द्रव्य एवं ऊर्जा-अतंरण पर ध्यान केन्द्रित किया जाता है ।

**Cost Estimation** — **लागत आकलन**

लागत का पूर्वानुमान

**Convection Heat Transfer** — **संवहन ऊष्मान्तरण**

किसी तरल में कणों के विस्थापन द्वारा उच्च्व ताप क्षेत्र से निम्न ताप क्षेत्र को ऊष्मान्तरण ।

**Continuum** — **सांतत्य**

पदार्थ का एक संहत जुड़ा हुआ सैट ।

**Control Surface** — **नियन्त्रण पृष्ठ**

नियन्त्रण आयतन की परिसीमा ।

**Conveyer Belt** — **वाहिम पट्टा**

एक लचीली पट्टी, जो प्राय: चमड़ा, रबड़ और कपड़े की बनी होती है। जिसका प्रयोग समान को एक स्थान से दूसरे स्थान तक लाने ले जाने के लिए प्रयोग किया जाता है। यह पट्टी मुक्त रूप से चलने वाले रोलरों पर आध ारित रहती है।

**Corrugated Sheet gasket** — **नालीदार शीट गैस्केट**

एक नालीदार सतह वाली शीट पेकिंग जिसे दो सतहों के बीच दबाने पर तरल अथवा द्रव का क्षरण रोका जा सकता है।

**Continuous Beam** — **सतत धरण**

दो से अधिक बिन्दुओं पर आलम्बित धरण।

**Corrective maintenance** — **संशोधी अनुरक्षण**

प्रचालन में आई हुई साधारण बाधाओं का निवारण।

**Coupling** — **युग्मन**

दो शैफ्टो अथवा पाइपों को अस्थाई रूप से जोड़ने वाली युक्ति।

**Crack Tip plasticity** — **तरेड़ अग्र पराप्रत्यास्थता**

चक्रीय भारण में तरेड के अग्रगामी होने पर उसके आसन्न क्षेत्र में उत्पन्न प्लास्टिक विरुपण।

**Crank case** — **क्रैंक कोष्ठ**

सिलिण्डर ब्लाक का स्नेहक तेल से भरा निचला हिस्सा जिस पर क्रैंक शैफ्ट आरोपित रहती है।

**Crank case dilution** क्रैंक कोष्ठ तनुकरण

डीजल इंजिन के सिलिण्डर में बिना जला हुआ तेल पिस्टन रिंग से होकर क्रैंक–कोष्ठ तेल में मिल जाने के कारण स्नेहक की विस्कासिता में कमी होना ।

**Crank shaft** क्रैंक शैफ्ट

एक अंतर्लम्बी शैफ्ट जो यथाअवसर प्रत्यागामी गति को घूर्णी गति में अथवा घूर्णी गति को प्रत्यागामी गति में बदलता है ।

**Crater wear** कोटरीय निघर्षण

उच्च चाल पर तप्त छीलन के घर्षण के कारण रेक फलक पर बना कोटर ।

**Crest** शिखर

चूडी का सबसे ऊँचा भाग ।

**Critical Damping** क्रान्तिक अवमंदन

वह न्यूनतम श्यान अवमंदन जिससे कोई विस्थापित तन्त्र बिना दोलन के साम्यावस्था में आ जाता है ।

**Critical Path Method (C P M)** क्रांतिक पथ विधि

विस्तृत परियोजना एवं नियंत्रण के लिए एक क्रमबद्ध प्रक्रम ।

**Critical speed** क्रान्तिक चाल

किसी घूर्णी तन्त्र की वह चाल जो तन्त्र की अनुनादी आवृत्ति के बराबर होती है ।

**Critical Point** — **क्रांतिक बिन्दु**

शुद्ध पदार्थ की वह अवस्था जहाँ पर शुद्ध वाष्प फेज और द्रव फेज के गुणधर्म समान होते हैं । इस बिन्दु पर पदार्थ की द्रव और गैसीय प्रवास्थाओं का भेद समाप्त हो जाता है तथा वाष्पन की गुप्त ऊष्मा लुप्त हो जाती है ।

**Critical Pressure** — **क्रांतिक दबाव**

क्रांतिक बिन्दु पर शुद्ध पदार्थ का दाब ।

**Critical Temperature** — **क्रान्तिक ताप**

क्रांतिक बिन्दु पर शुद्ध पदार्थ का ताप ।

**Critical Volume** — **क्रांतिक आयतन**

क्रांतिक बिन्दु पर शुद्ध पदार्थ का मोलीय आयतन ।

**Cross feed/ transverse feed** — **अनुप्रस्थ प्रभरण**

खराद तर्कु अक्ष के अनुलम्ब दिशा में कर्तन औजार की गति ।

**Cross fitting** — **क्रॉस फिटिंग/क्रॉस अन्वायुक्ति**

क्रॉस (x) के आकार वाली पाइप फिटिंग ।

**Crucible process** — **क्रूसिबल प्रक्रम/मूषा प्रक्रम**

इस्पात बनाने का एक मूषा प्रक्रम इसमें पिटवाँ लोहे के साथ फैरोमगनीज एवं चारकोल के मिश्रण को मूषा में भरकर गैस भट्‌टी में पिघलाकर अपेक्षित इस्पात बनाया जाता है ।

**Cupola** — **क्यूपला**

एक विशाल खडी वर्तुल भट्‌टी जिसमें कच्चा लोहा पिघलाया जाता है ।

**Cutting force** — **कर्तन बल**

परिणामी बल का वह घटक जो कर्तन वेग की दिशा में कार्य करता है ।

**Cutting ratio** — **कर्तन अनुपात**

बिना कटी छीलन मोटाई और कटी छीलन मोटाई का अनुपात ।

**Cutting Speed** — **कर्तन चाल**

कर्तन औजार और कृत्यक के मध्य सापेक्ष पृष्ठ चाल ।

**Cutting Velocity** — **कर्तन वेग**

कर्तन औजार की पदार्थ में अग्रगमन की दर ।

**Cycle** — **चक्र**

प्रक्रमों अथवा घटनाओं का अनुक्रम जिसके पूरा होने पर पूर्वावस्था प्राप्त हो जाती है ।

**Cycle = Cyclic process** — **चक्र/चक्रीय प्रक्रम**

निकाय की अवस्था परिवर्तन का चक्र जिसमें आरम्भ और अन्त की अवस्था समान होती है ।

**Cycle Stress** — **चक्रीय प्रतिबल**

किसी अवयव में उत्पन्न समय के सापेक्ष चक्रीय उच्चावच प्रतिबल ।

**Cylinder block** — **सिलिण्डर ब्लॉक**

धातु का ढला इंजिन का मुख्य भाग जिसमें एक या अधिक सिलिण्डर बोर बने होते हैं ।

| | |
|---|---|
| Cylinder head | सिलिण्डर शीर्ष<br>सिलिण्डर ब्लॉक से स्टड द्वारा जुड़ा भाग । अंर्तदहन इंजिन के सिलिण्डर शीर्ष में अंर्तगम एवम् रेचन द्वार बने होते हैं । |
| Cylinder liner | सिलिण्डर आस्तर<br>इंजिन सिलिण्डर को निघर्षण से बचाने वाला सिलिण्डर बोर में फिट आस्तर । अधिक घिस जाने पर इसे बदला जा सकता है । |
| Cyaniding | साइनाइडीकरण<br>एक पृष्ठ कठोरीकरण प्रक्रिया । इसमें लौह मिश्र धातु को पिघले साइनाइड कुण्ड में उच्च क्रान्तिक दाब तक गर्म करके मज्जशीति किया जाता है । इससे पृष्ठ में नाइट्रोजन तथा कार्बन की मात्रा आ जाती है । |
| Damped Natural Frequency | अवमंदित प्राकृतिक आवृत्ति<br>संरेखीय तन्त्र के मुक्त कम्पन की आवृत्ति । |
| Daming | अवमंदन<br>गतिशील अवस्था में ऊर्जा का क्षय |
| Debenture | ऋणपत्र<br>यह एक प्रकार का पत्र है जिसके द्वारा जनता से निश्चित ब्याज पर उद्योग के लिये धन एकत्रित किया जाता है । |
| Decible | डेसीबल<br>1. दो शक्तियों अथवा तीव्रताओं का अनुपात ।<br>2. ध्वनि की तीव्रता नापने का मात्रक । |
| Decision Rule | निर्णय नियम<br>निर्णय लेने के लिए भौतिक गणितीय निरुपण । |

**Decision Theory** — **निर्णय सिद्धांत**

किसी उद्‌देश्य की प्राप्ति के लिए विभिन्न विकलपों में से युक्ति संगत विकल्प के चयन की विधि ।

**Decision Tree** — **निर्णय वृक्ष**

किसी निर्णय प्रक्रम का एक आरेखिय निरुपण ।

**Degassing** — **विगैसीकरण**

पिघली धातुओं में विद्यमान गैस को निकालने की प्रक्रिया ।

**Degree of freedom** — **स्वतन्त्रता की कोटि**

किसी वस्तु अथवा निकाय की तात्कालिक अवस्थिति को पूर्णतया व्यक्त करने के लिये न्यूनतम अपेक्षित निर्देशांको की संख्या ।

**Degree of Super heat** — **अतिताप मात्रा**

अतितप्त-वाष्प के ताप तथा संतृप्त वाष्प के ताप का अन्तर ।

**Dehumidification** — **अनार्द्रीकरण**

वायु से आद्रता कम करने का एक प्रक्रम ।

**Delay Allowance** — **विलम्ब छूट**

विलम्ब को ध्यान में रखते हुए समान्य काल के प्रतिशत के रूप में व्यक्त छूट ।

**Density** — **घनत्व**

किसी पदार्थ के इकाई आयतन की मात्रा । इसे गणितीय रूप में निम्नरूपेण दर्शाया जाता है –

$$\text{घनत्व} = \frac{\text{मात्रा}}{\text{आयतन}}$$

| | |
|---|---|
| **Depreciation** | **मूल्य-ह्रास**<br>उपयोग और समय के कारण किसी वस्तु के मूल्य में होने वाली कमी । |
| **Design Size/Basic Size** | **अभिकल्प आकार**<br>विमा का वह मान जो अभिकल्प की अपेक्षाओं को पूरा करता है । |
| **Deterministic function** | **निर्धारणात्मक फलन**<br>वह फलन जिसका तात्कालिक मान उसके किसी दूसरे समय के मान से निकाला जा सके । |
| **Dew point temp (dpt.)** | **ओसांक ताप**<br>वह तापमान जिस पर वायु की नमी उसे संतृप्त कर लेती है । यह हमेशा जल की वाष्प के आंशिक दाव पर संतृप्त तापमान होता है । |
| **Diathermic Wall** | **डायथर्मिक भित्ति/ऊष्मा पार्य भित्ति**<br>वह भित्ति जिसके आर-पार ऊष्मा का प्रवाह हो सकता है । |
| **Diffusers** | **विसारक**<br>वह वाहिनी, कक्ष या परिच्छेद जिसमें उच्च वेग तथा निम्न दाब वाले तरल की धारा निम्न वेग और उच्च दाब में परिवर्तित हो जाती है । |
| **Dimensional Accuracy** | **विमीय परिशुद्धता**<br>सम्पूरित उत्पाद तथा अभिकल्प विमाओं की सन्निकटता की मात्रा । |

**Direct Arc furance** प्रत्यक्ष/सीधा आर्क भट्टी

मिश्रातु निर्माण के लिये प्रयुक्त एक भट्टी/इसमे इलैक्ट्रोडों के मध्य स्थापित आर्क के प्रत्यक्ष सम्पर्क से धातु को पिघलाकर मिश्रधातु का निर्माण किया जाता है ।

**Disassemble** विसमन्वायोजन/वियोजन

अवयवों को अलग-अलग करना ।

**Dispatching** प्रेषण

उत्पादन के लिए निर्धारित कार्यक्रमानुसार प्रयुक्त होने वाले साधन सामग्री आदि को उपलब्ध कराने वाला आदेश ।

**Displacement** विस्थापन

किसी पिण्ड अथवा कण की स्थिति में परिवर्तन की द्योतक सदिश राशि ।

**Distortion (vib.)** विरुपण

आकृति । तरंग-रूप में अवांछित परिवर्तन ।

**Division of Labour** श्रम विभाजन

इष्टतम लाभ के लिये उद्योगों में श्रमिकों को उनकी कुशलता के अनुसार कार्य का आवंटन ।

**Dolomite** डोलोमाइट

चूना पत्थर जिसमें मैग्नीशियम की प्रतिशतता अधिक होती है ।

**Double Sampling** दोहरा प्रतिचयन

किसी मद समूह की स्वीकार अथवा अस्वीकार करने की वह प्रतिचय विधि जिसमें प्रथम प्रतिचय में निरीक्षण के उपरांत मद समूह स्वीकार्य अथवा त्याज्य न पाए जाने वाले दूसरे प्रतिचयन के आधार पर निर्णय लिया जाता है ।

| | |
|---|---|
| **Down-time** | **कार्यभंग-अवधि**<br>वह कुल समय जिसमें मशीन उपकरण या तन्त्र रखरखाव और मरम्मत आदि के कारण कार्य के लिए उपलब्ध न हो । |
| **Draft Allowance** | **प्रवणता छूट**<br>प्रतिरुपों की ऊर्ध्वाधर पार्श्वों पर दी जाने वाली छूट । इससे प्रतिरूप को साँचे से निकालने में आसानी होती है । |
| **Drag** | **निम्नक/ड्रेग**<br>साँचा पेटी का निचला भाग । |
| **Dross** | **कीट**<br>पपडी, आक्साइट एवं अन्य अशुद्धियाँ जिन्हें पिघली धातुओं के ऊपर से हटाया जाता है। यह अशुद्धियाँ स्प्रू या उद्वाही में इकट्ठी हो जाती हैं । |
| **Driving point impedance** | **चालन बिन्दु प्रतिबाधा**<br>एक ही दिशा में मापित बल और वेग का अनुपात । |
| **Dry Ice** | **शुष्क बर्फ़**<br>कार्बन डाई ऑक्साइड का ठोस रूप । |
| **Dryness Fraction of the vaour(quality)** | **वाष्प शुष्कतांश**<br>गीली भाप के किसी नमूने में शुष्क-भाप का भार तथा कुल गीली भाप के भार के अनुपात को शुष्कता-अंश कहते हैं । |
| **Dry Vapour** | **शुष्क वाष्प**<br>संतृप्त ताप पर द्रव कण रहित वाष्प । |

**Ductility** — तन्यता

1. पदार्थ का वह गुण जिसके कारण उसे बिना भंग किये हुये अपेक्षित रूप में लम्बा किया जा सकता है ।

2. धातु का वह गुणधर्म जो उसकी कर्षण क्षमता को व्यक्त करता है ।

**Duralumin** — ड्यूरेलूमिन

यह एल्यूमीनियम -कॉपर मिश्रातु का व्यावसायिक नाम है ।

**Duration of shock pulse** — प्रघात स्पंद का काल

स्पंद त्वरण को एक निश्चित मान से अधिकतम तक उठकर वापिस उसी मान तक आने में लगने वाला समय ।

**Dynamic Vibration Absorber** — गतिक कम्पन अवशोषक

किसी संरचना के कम्पन को दूर करने के उद्देश्य से उसमें लगा सहायक द्रव्यमान–कमानी तन्त्र ।

**Eccentric** — उत्केन्द्रक

यांत्रिक गति संचरण युक्ति जिसके द्वारा घूर्णी गति को रैखिक गति में बदला जाता है ।

**Efficiency** — दक्षता

किसी निकाय या मशीन की निर्गत ऊर्जा और निविष्ट ऊर्जा का अनुपात ।

**Ejector** — उत्क्षेपक

डाई ढलाई को डाई या साँचे से निकालने की युक्ति ।

**Elasped Time** — व्यतीत काल

काल अध्ययन के संदर्भ में किसी संक्रिय के आरंभ से समाप्ति तक लगने वाला समय ।

**Elasticity** — प्रत्यास्थता

प्रत्यास्थ विरुपण के प्रति अवरोध का गुण ।

**Electric Pyrometer** — विद्युत उत्तापमापी

एक तापमापी उपयन्त्र ।

**Electromehanical Coupling Factor** — विद्युत-यांत्रिक युग्मन गुणक

विद्युत-ट्रांसड्यूसर और यांत्रिक तन्त्र के युग्मित होने के फलस्वरूप उनके अभिलक्षणों के परस्पर प्रभाव को व्यक्त करने वाला गुणक ।

**Electrostriction** — विद्युत विरुपण

वह परिघटना जिसमें परावैद्युत पदार्थ विद्युत क्षेत्र में प्रत्यास्थ विकृति अनुभव करते हैं । यह विकृत विद्युत क्षेत्र की ध्रुवता पर निर्भर नहीं करती ।

**Element** — अवयव

कार्यमापन एवं विश्लेषण के लिए विभाजित एक सुविधा-जनक अंश ।

**Elemental time** — अवयवी काल

किसी कार्य के प्रत्येक अवयव के निष्पादन में लगने वाला समय ।

**Elemental Motion (Therblig)** — अवयवीय गति

किसी कार्य के परिचालन में हस्त-गति का मौलिक विभाजन इसका उपयोग काल-गति अध्ययन में किया जाता है ।

**Elongation** — **दीर्घीकरण**

किसी वस्तु पर तनन बल के कारण बल की दिशा में लम्बाई में वृद्धि ।

**Emissive power** — **उत्सर्जक शक्ति**

सम्पूर्ण तरंग लम्बाई परास पर इकाई पृष्ठ क्षेत्रफल तथा इकाई समय में पृष्ठ द्वारा सभी दिशाओं में उत्सर्जित विकिरण ऊर्जा ।

**Emissivity** — **उत्सर्जकता**

समान ताप पर किसी पृष्ठ से होने वाले सम्पूर्ण विकिरण तथा कृष्णिका से होने वाले सम्पूर्ण विकिरण का अनुपात ।

**Empirical rule** — **आनुभविक नियम**

कोई भी नियम या समीकरण जिसकी व्युत्पत्ति विशुद्ध रूप से गणितीय या भौतिक मान्यताओं के आधार पर न होकर अनुभव पर आधारित होती है ।

**Endothermic Reaction** — **ऊष्माशोषी अभिक्रिया**

वह रासायनिक अभिक्रिया जिसमें ऊर्जा अवशोषित होती है ।

**End cutting edge angle** — **सिरा कर्तन कोर कोण**

औजार के सिरे पर कर्तन कोर और शैंक के सीधे भाग के किनारे वाली कोर के अभिलम्ब रेखा के बीच का कोण ।

**Energy** — **ऊर्जा**

कार्य-सम्पादन की क्षमता ।

**Enthalpy** — **एन्थैल्पी**

किसी निकाय का ऊष्मागतिक गुणधर्म है; इसका मान आतंरिक ऊर्जा और प्रवाह ऊर्जा के योग के बराबर होता है ।

**Enthalpy of combustion** — **दहन की एनथैल्पी**

अपनी स्वाभाविक एवं मानक अवस्था में विभिन्न अवयवों द्वारा निर्मित किसी यौगिक की एन्थेल्पी में वृद्धि ।

**Enthalpy of Reaction** — **अभिक्रिया की एन्थैल्पी**

किसी रासायनिक अभिक्रिया के अन्तर्गत एन्थैल्पी में परिवर्तन ।

**Equivalent cutting speed** — **तुल्य कर्तन चाल**

वह कर्तन चाल जिस पर निर्दिष्ट औजार - आयु प्राप्त की जाती है ।

**Equivalent system** — **तुल्य निकाय**

वह निकाय जिसका विश्लेषण के उद्देश्य से किसी भिन्न निकाय के स्थान पर प्रयोग किया जा सके ।

**Equivalent viscous Damping** — **तुल्य श्यान अवमंदन**

कम्पी तन्त्र के विश्लेषण हेतु श्यान अवमंदन का वह कल्पित मान इस प्रकार व्यक्ति किया जाये कि अनुनाद पर प्रति चक्र में ऊर्जा क्षय कल्पित अथवा वास्तविक अवमंदन बल के बराबर हो ।

**Ergonomics** — **श्रमदक्षता शास्त्र**

कार्यकारी वातावरण एवं श्रमिक द्वारा प्रचालित उपस्करों के सापेक्ष मानव क्षमता एवं मनस्थितिके अध्ययन का विज्ञान ।

**Ergodic Process** — **अभ्यतिप्राय प्रक्रम**

वह यादृच्छिक प्रक्रम जिसमें एक आंकड़ा प्रतिदर्श के लिये समय पर आधारित माध्यमान एक विशेष मान प्राप्त करता है जो सम्पूर्ण प्रक्रम का प्रतिदर्श होता है ।

**Erosion Scab** — अपरदन खुरंड

साँचे में पिघली धातु प्रवाह के फलस्वरूप बालू कटाव के कारण उत्पन्न ढलाई-पृष्ठ पर छोटे-छोटे अनियमित उभार ।

**Eutectic Alloy** — गलन क्रान्ति मिश्रातु/स्वद्रवण मिश्रातु

किसी विलयन अथवा मिश्रातु में उसके घटकों की वह प्रतिशत मात्रा जिसके कारण उसका गलनांक न्यूनतम होता है ।

**Eutectic temperature** — गलन क्रान्तिक ताप/स्वद्रवण ताप

वह ताप जिस पर स्वद्रवण मिश्रातु का गलन होता है ।

**Evaluation** — मूल्यांकन

गत अनुभ्वों के आधार पर निर्माण प्रक्रिया तथा संसाधनों की उपयोगिता की सुधार हेतु जाँच ।

**Evaporator** — वाष्पित्र

एक शीतक – युक्ति जिसमें ऊष्मा – शोषण के कारण द्रव वाष्प में परिवर्तित होता है ।

**Event** — घटना

समय का वह क्षण जिस पर कार्याव्यवस्था का विशिष्ट परिवर्तन होता है ।

**Excitation** — उत्तेजन

किसी निकाय पर अनुप्रयुक्त वह बाहरी बल जो उसे क्रियाशील कर देता है ।

**Exothermic Reaction** — ऊष्माक्षेपी अभिक्रिया

वह रासायनिक अभिक्रिया जिसमें ऊष्मा उत्पन्न होती है ।

**Expansion Scab** — **प्रसार खुरंड**

साँचे के कुछ स्थलों पर पिघली धातु के प्रभाव से अत्यधिक बालू-प्रसार के कारण ढलाई-पृष्ठों पर प्राप्त होने वाले छोटे-छोटे अनियमित उभार।

**Eexpediting** — **सुनिष्पादन**

निर्धारित योजना के अनुसार निर्माण प्रक्रिया की गति बनाये रखना।

**External failure cost** — **बाह्य अवगुणता लागत**

ग्राहक को भेजने के पश्चात् विदित उत्पाद-अवगुणता की लागत। इसमें शिकायत समायोजन की लागत, लौटाई गई सामग्री की लागत, वारंटी खर्च तथा ग्राहक द्वारा घटिया माल स्वीकार कर लेने की स्थिति में ग्राहक को दी जाने वाली छूट की लागत आदि समाविष्ट है।

**Fabricating Industries** — **संविरचन उद्योग**

वे उद्योग जो तैयार धातु-अधातु उत्पादों से संरचना निर्मित करते हैं।

**Factor of safety** — **सुरक्षा गुणक**

किसी उत्पाद के अभिकल्पन में अज्ञानवश और अनिश्चितता के कारण होने वाली विफलता से बचने के लिये रखी गई गुंजाइश।

**Fair Wages** — **उपयुक्त मजदूरी**

इसमें श्रमिक को इतनी मजदूरी दी जाती है कि वह अपनी कार्य क्षमता को भी बनाये रखे।

**Fatigue Allowance** — **श्रांति छूट**

किसी कार्य की विशिष्ट प्रक्रिया के कारण होने वाली श्रमिक की मानसिक और शारीरिक थकान को ध्यान में रखकर दी जाने वाली छूट।

**Fatigue of metals** — **धातु श्रांति**

धातुओं पर उच्चावच अथवा विलोमी प्रतिबल लगने के कारण सामर्थ्य ह्रास ।

**Fire clay** — **अग्नि सह मृतिका**

उच्च ताप को सहने वाली मिट्टी । इसमें सिलिका की मात्रा अधिक होती है इसका उपयोग अग्निसह भित्ति व जोड़ों को भरने एवं लेपन में होता है।

**Fillet** — **फिलेट**

दो समतल पृष्ठोकी सन्धि पर बनाया गया अवतल पृष्ठ ।

**Filter** — **फिल्टर**

वह युक्ति जिससे आवृत्ति के आधार पर तरंगों को अलग-अलग किया जाता है ।

**Fin** — **पख/फिन**

1. ढलाई पर उभरी अवांच्छित पतली धातु जो साँचे के जोड़ पर बन जाती है ।
2. सुचारू ऊष्मा निष्सरण हेतु बनाई गई धातु की पतली परतें ।

**Financial Incentive** — **वित्तीय प्रोत्साहन**

वह सी प्रोत्साहन योजनायें जिनके प्रचलित करने पर मालिक को धन की मात्रा व्यय करनी पड़ती है, जैसे - वेतन में वृद्धि, परिवहन प्रबंध, कैन्टीन आदि ।

**Fines** — **सूक्ष्मक**

किसी पदार्थ का अत्यन्त बारीक चूर्ण ।

**Fire brick** — **अग्निसह ईंट**

उच्चताप को सहने वाली ईंट जो भट्टियों में भीतरी पृष्ठ के आस्तर के रूप में अमल होती है ।

**Firm** — फर्म

इसके एक या अधिक मालिक होते है । एक फर्म के उत्पादन कई प्रकार के हो सकते हैं । एक ही प्रकार के उत्पादन वाली कई फर्म मिलकर एक इण्डस्ट्री बनती है ।

**Fixed automation** — निहित स्वचालन

वह तन्त्र जिसमें विभिन्न संक्रिया अनुक्रम स्वचालित एवं पूर्ण निर्धारित होते हैं ।

**Fixed cost** — स्थिर लागत

उत्पाद संख्या पर निर्भर न रहने वाली लागत जिसमें मशीनरी मूल्य ह्रास, उपस्करों और भवनों की लागत पर ब्याज, बीमा खर्च तथा इंजीनियरी फीस आदि सम्मिलित हैं ।

**Fixture** — स्थायिक

एक युक्ति जो उत्पादन की प्रक्रिया में जॉब/कृत्यक को धारण करती है लेकिन औजारों को निर्देशित नहीं करती ।

**Flank/clearance/ relief face/surface** — पार्श्व कलक/पृष्ठ

कर्तन औजार का वह फलक जो मशीनित पृष्ठ के निकटतम रहता है । यह घर्षण कम करने के लिये कृत्यक से किंचित नत रहता है ।

**Flank wear** — पार्श्व निघर्षण

कर्तन औजार के पार्श्व फलक और कृत्यांश के मशीनित पृष्ठ के बीच घर्षण – जनित पार्श्व पृष्ठ का घिसाव ।

**Flexible automation** — नम्य स्वचालन

वह स्वचल उत्पादन तन्त्र जिसमें क्रमबद्धता को अभिकल्प के अनुसार प्रोग्राम द्वारा सुगमता से बदला जा सके । यह तन्त्र उन परिस्थितियों में विशेष उपयोग होता है जहाँ उत्पाद अभिकल्प प्रायः बदलते रहते हैं ।

**Floor moulding** भूमि तल संचकन

ढलाईशाला के तल पर साँचा बनाकर ढलाई करना ।

**Flow Diagram** अनुक्रम आरेख

किसी निर्माण प्रक्रिया हेतु निर्माण स्थल का एक स्केल प्लान जिसमें मशीनों का अभिन्यास होता है तथा पदार्थ एव उत्पाद के एक स्थान से दूसरे स्थान पर जाने के मार्ग को तीर चिह्नों के द्वारा प्रदर्शित किया जाता है ।

**Flow Energy** प्रवाह ऊर्जा

तरल–प्रवाह से ऊर्जा जिसका मान तरल के दाब एवं आयतन के गुणनफल के बराबर होता है ।

**Flow production** प्रवाह उत्पादन

सतत् उत्पादन का वह प्रकार जिसमें संयंत्र और उपस्करों का अधिष्ठापन वस्तु विशेष की निर्माण प्रक्रिया को ध्यान में रखकर किया जाता है ।

**Fluidity** तरलता

ढलाई कार्य में प्रयुक्त पिघली धातु का वह गुण जिससे वह संचक के सब भागों में सरलता से पहुँच सकें । इसका मापन मानक सर्पिल द्वारा किया जाता है ।

**Fluctuating stress** उच्चावच प्रतिबल

किसी अवयव में उत्पन्न वह प्रतिबल जो समय का फलन होता है तथा उसका रूप केवल तनन अथवा केवल सम्पीडन ही रहता है ।

**Flow process chart** प्रवाह प्रक्रम चार्ट

निर्माण प्रक्रिया का वह प्रक्रम चार्ट जिसमें कार्मिक, सामग्री या उपकरण से सम्बन्धित अनुक्रमिक घटनाओं का निर्धारित प्रतीकों द्वारा अलग–अलग आरेखीय चित्रण होता है ।

**Flux** — **फ्लक्स/गालक**

वह पदार्थ जो पिघली धातुओं से आक्साइड हटाकर ऊपरी सतह पर ले आता है। इसका प्रयोग धातुमल को तरल अवस्था में रखने के लिये भी किया जाता है। मुख्यत: फ्लोराइट, फ्लोरस्पार, चूना आदि फ्लक्स के रूप में प्रयोग किये जाते हैं।

**Fly back timing** — **प्रत्यावर्ती काल मापन**

स्टॉप-घड़ी की सहायता से काल मापन विधि। इसमें सूई प्रत्येक अवयव के अंत में घड़ी की घुंडी दबाने पर शून्य पर वापस आ जाती है और तुरंत पुन: घूमने लगती है। जिससे कार्य के प्रत्येक अवयव का समय नापा जा सकता है।

**Flood Processing Industries** — **खाद्य परिसाधन उद्योग**

प्राकृतिक खाद्य पदार्थों का परिवर्तन, संशोधन करके उपभोक्ताओं को सुलभ कराने वाले उद्योग।

**Follow board** — **प्रतिरुपाधारी पटल**

एक लकड़ी का संचक तख्ता अथवा संचक बालू की सतह जिसमें इस तरह से झिरी बनी होती है कि पैटर्न उसके अन्दर विभाजक रेखा तक ठीक बैठ जाता है। जहाँ पर इस प्रकार के तख्ते प्रयोग किये जाते हैं वहाँ पर पृथवकारी बालू की आवश्यकता नहीं होती।

**Force Factor** — **बल गुणक**

वैद्युत-यांत्रिक ट्रांसड्यूसर में

(क) यांत्रिक तन्त्र को रोकने के लिए लगाया जाने वाला बल एवम् विद्युत तन्त्र में तदनुरूप धारा का सम्मिश्र अनुपात।

(ख) खुला परिपथ वोल्टता धारा एवम् यांत्रिक तन्त्र के वेग का सम्मिश्र अनुपात।



6-2/CSTT/ND/96

**Forced Vibration** प्रणोदित कम्पन

वह कम्पन जो बाह्य आवर्ती बल के लगाने से उत्पन्न होता है ।

**Forced Vortex** प्रणोदित भ्रमिल

किसी निश्चित अक्ष के सापेक्ष बाह्य बल की सहायता से तरल के घूर्णन से उपलब्ध भ्रमिल ।

**Forest Products Industries** वन उत्पाद उद्योग

वन उपज पर आधारित उत्पादों को निर्मित करने वाले उद्योग ।

**Forging Shop** फोर्जन शाला

कारखाने का फोर्जिंग सम्बन्धी सभी कार्य इसमें किया जाता है ।

**Foundry** फाउण्ड्री/ढलाईशाला

1. कारखाने का ढलाई सम्बन्धी सभी कार्य इसी कार्यशाला में किया जाता है ।
2. वह कार्यशाला जहाँ पिघली धातुओं को साँचे में ढालकर ढलाई की जाती है ।

**Foundry sand** ढलाई बालू

ढलाईशाला में ढलाई कार्यों के लिये साँचा बनाने में प्रयुक्त बालू ।

**Free Passage** मुक्त विवर

ऐसा विवर जिससे वायुमंडल में तरल का निस्सरण हो ।

**Free Vibration** मुक्त कम्पन

बाह्य बल की अनुपस्थिति में होने वाला कम्पन ।

| | |
|---|---|
| **Free Vortex** | **मुक्त भ्रमिल**<br>बिना बाह्य बल लगाए निर्मित भ्रमिल । |
| **Frequency** | **आवृत्ति**<br>किसी फलन की इकाई समय में बारम्बारता । |
| **Frequency Distribution** | **आवृत्ति वितरण**<br>आमाप के आधार पर आंकड़ों का सारणीकरण । |
| **Friable** | **चूर्णशील**<br>सुगमता से चूर्ण/पाउडर बनने का गुण । |
| **Friction Drive** | **घर्षण चालन**<br>घर्षणी सम्पर्क द्वारा शक्ति संचरण । |
| **Friction force** | **घर्षण बल**<br>परिणामी बल का वह घटक जो रेक फलक में स्थित होता है । |
| **Forced Vibration (of cutting tool)** | **प्रणोदित कम्पन (कर्तन औजार का)**<br>कर्तन औजारों पर आवर्ती बलो से उत्पन्न कम्पन । |
| **Fuel** | **ईंधन**<br>ऊष्मा ऊर्जा प्राप्त हेतु दहनशील पदार्थ जैसे कोयला, पैट्रोल आदि । |
| **Fundamental frequency** | **मूल आवृत्ति**<br>वह न्यूनतम आवृत्ति जिस पर तन्त्र मुक्त कम्पन करता है । |

**Fundamental mode of vibration** कम्पन की मूल विधा

वह विधा जिसकी प्रकृत आवृत्ति न्यूनतम होती है ।

**Fusibility** संगलनीयता

पदार्थ का वह गुण जिससे वह गलकर समिश्रित हो सके ।

**Gadget** यन्त्रिका

हांथ से प्रयोग किये जाने वाले छोटे-छोटे यंत्र ।

**Gaggers** गैगर्स/सम्बलक

साँचा-पेटी के उच्चक कोप में बालू को प्रबलित करने के लिये प्रयुक्त धातु की मुड़ी छड़ें जिससे बालू को गिरने से बचाया जा सके ।

**Gate** द्वार

वाहक एवं साँचा गहवर को जोड़ने वाला विवंर जिससे होकर पिघली धातु साँचे में भरती है ।

**Gated Pattern** द्वारित प्रतिरूप

एक प्रकार का समूह-प्रतिरूप जिसमें कई प्रतिरूप आपस में जुड़े रहते हैं ताकि एक ही समय में अनेक ढलाईयाँ प्राप्त की जा सके ।

**Gantt Chart** गेंट चार्ट

इसके द्वारा कार्यों के अनुसूचन और वास्तविक स्थिति की तुलना की जाती है ।

**General equilibrium analysis** सामान्य साम्यावस्था विश्लेषण

बाजार में माँग और पूर्ति की विभिनन स्थितियों में होने वाले संतुलन का विश्लेषण ।

**Giant Industries** — **विराट उद्योग**

वह उद्योग जिनका पूँजी निवेश बहुत अधिक होताहै तथा जिनमें अत्य आधुनिक मशीनों एवम् तकनीक का प्रयोग होता है । इन उद्योगों में उत्पादन विशाल पैमाने पर होता है ।

**Group technology** — **समूह प्रौद्योगिकी**

अभिकल्पन और उत्पादन की सुविधा हेतु एक जैसे उत्पादों को एक वर्ग में रखने की विधि ।

**Grade** — **श्रेणी, ग्रेड**

ग्राहक की क्रय शक्ति के अनुरूप सेवाओं और उत्पादन की अभिकल्पित गुणता के विविध स्तर ।

**Grade of grinding wheel** — **अपघर्षण चक्र कोटि**

अपघर्षी चक्र के कणों की बंधक सामर्थ्य की श्रेणी । यह सामर्थ्य कणों की संहिता तथा बंधक पदार्थ एवम् उसकी मात्रा पर निर्भर करती है । अपघर्षण चक्र कोटि को कभी-कभी अपघर्षण चक्र कठोरता भी कहा गया है ।

**Grain Fineness number** — **कण सूक्ष्मतांक**

बालू कणों की औसत बारीकी व्यक्त करने वाला एक अंक । यह चलनी के प्रति सेंटीमीटर में छिद्रों की संख्या पर आधरित होता है ।

**Gauge Pressure** — **प्रमापी दाब**

प्रमापी द्वारा मापा गया दाब । यह निरपेक्ष दाब एवं वायुमण्डलीय दाब का धनात्मक अन्तर होता है । ऋणात्मक होने पर निर्वात कहा जाता है ।

**Grit** — ग्रिट

अपघर्षी कणों का आमाप जिसे छलनी के प्रति इंच में बने छिद्रों की संख्या के रूप में अभिव्यक्त किया जाता है । इसे अपघर्षी कण आमाप भी कहते हैं ।

**Graphite** — ग्रेफ़ाइट

1. धूसर एवं चमकीला कार्बन या उसका शुद्ध रूप । यह प्राकृतिक अथवा कृत्रिम रूप से प्राप्त किया जा सकता है ।

2. यह कार्बन का एक विषम दैशिक रूप है । यह काला एवम् चमकीला होता है । इसका प्रयोग ठोस स्नेहक के रूप में किया जाता है ।

**Graphitizing** — ग्रेफ़ाइटीकरण

1. धूसर ढलवाँ लोहे में विद्यमान कार्बन के अधिकांश भाग को ग्रेफाइट रूप में परिवर्तन करने की विधि ।

2. एक विधि जिसके द्वारा धूसर ढलवाँ लोहे में विद्यमान कार्बन की अधिकांश मात्रा ग्रेफाइटी रूपों में परिवर्तित हो जाती है ।

**Grasp** — ग्राह, पकड़

कालगति अध्ययन की आधार भूत क्रिया जिसमें अवयव को पकड़ा जाता है ।

**Gray body** — धूसर पिण्ड

वह पिण्ड जिसका उत्सर्जित ऊर्जा वितरण सभी तरंग दैर्ध्य पर अथवा निर्देशित बैण्ड अन्तराल पर कृष्णिका की उत्सर्जित ऊर्जा वितरण से एक निश्चित अनुपात में कम होता है ।

**Gray cast iron** — **धूसर ढलवाँ लोहा**

पिघले ढलवाँ लोहाके मंद–शीतन से प्रापत लोहा । इसमें मुक्त कार्बन की मात्रा अधिक होती है तथा भग्न परिक्षेद भूरा होता है ।

**Green Sand** — **आर्द्र बालू**

साँचा बनाने के लिए प्रयुक्त बालू मिट्टी बंधक और जलादि का मिश्रण ।

**Green Sand Core** — **आर्द्र बालू क्रोड़**

बालू की बनी गीली क्रोड़ जो पकाई न गई हो ।

**Grinding ratio** — **अपघर्षण अनुपात**

अपघर्षण द्वारा कृत्यक से निकाली गई धातु की आयतनिक मात्रा तथा चक्र की निघर्षित मात्रा का अनुपात ।

**Gas blower** — **गैस आध्माता /ब्लोअर**

वह पंखा जिसमें गैस प्रवाह प्रतिरोध मुख्यतः पंखे की अनुप्रवाह की दिशा में होता है ।

**Gross Power** — **सकल शक्ति**

कर्तन संक्रिया के समय मोटर द्वारा उत्पन्न वास्तविक शक्ति ।

**Halved Pattern** — **समार्ध प्रतिरूप**

दो समान भागों में विभकत प्रतिरूप ।

**Hanging Core** — **निलम्बी क्रोड़**

ऐसा क्रोड़ जो उच्चक कोप से तार द्वारा लटकाया जाता है तथा जो निम्नक ड्रैग पर आधारित नहीं होता ।

| | |
|---|---|
| **Hardness** | **कठोरता**<br>धातु का वह गुण जिसके कारण वह अपघर्षण, दंतुरण व निघर्षण आदि का प्रतिरोध करती है । |
| **Hardening** | **कठोरीकरण/कठोरन**<br>ऊष्मा उपचार की एक विधि जिसमें अपेक्षित कठोरता के लिये धातु को भट्टी में उचच क्रान्तिक ताप से ऊपर गर्म करके द्रुतशीतित किया जाता है । |
| **Harmonic** | **हार्मोनिक**<br>वह ज्यावक्रीय राशि जिसकी आवृत्ति उस आवर्ती राशि की आवृत्ति का पूर्णांक गुणक है जिससे यह सम्बन्धित होती है । |
| **Harmonic Response** | **हार्मोनिक अनुक्रिया**<br>वह अनुक्रिया जोकि उत्तेजन आवृत्ति या उसके गुणक पर अनुनाद करती है । |
| **Halsey System** | **हेलसी प्लान**<br>इसके अनुसार बचे हुए समय पर बोनस देने के लिए अवधि मान का एक तिहाई भाग दिया जाता है । |
| **Halsey Weir Plan** | **हेलसी वियर प्लान**<br>इस प्लान के अनुसार बोनस की दर 1/3 के स्थान पर 1/2 होती है । |
| **Hay Core** | **भूसा–क्रोड़**<br>एक प्रकार का क्रोड़ जिसके निर्माण में भूसे से बने रस्से का प्रयोग किया जाता है। क्रोड़–छड़ को रस्से से लपेट कर दुमट मिट्टी से आवृत्त कर देते हैं । भूसे के कारण रंध्रमय हो जाती है । ढलाई के समय निकली गैसें उन रंध्रों से बाहर चली जाती हैं । |

**Heat** ऊष्मा

1. संक्रामी ऊर्जा जो बिना द्रव्यमानान्तरण के तापान्तर के कारण किसी भी निकाय की सीमाओं को पार करती है ।

**(Foundary Practice)**

2. क्यूपला के एक सम्पूर्ण प्रभरण में तैयार पिघली धातु ।

**Heat of condensation** द्रवण ऊष्मा

वाष्प के एक मोल या द्रवयमान के नियत दाब एवं ताप पर द्रव में परिवर्तन के समय निकली ऊष्मा ।

**Heat of fusion** संगलन ऊष्मा

ठोस वस्तु के एक मोल अथवा इकाई द्रव्यमान के नियत दाब एवं ताप पर द्रव में परिवर्तित होने के समय अवशोषित ऊष्मा । इसे संगलन की गुप्त ऊष्मा भी कहते हैं ।

**Heat of sublimation** ऊर्ध्वपातन ऊष्मा

नियत ताप एवं दाब पर ठोस वस्तु के एक मोल या इकाई द्रव्यमान को सीधे ही वाष्प में परिवर्तित होने के समय अवशोषित ऊष्मा । इसे ऊर्ध्वपातन की गुप्त ऊष्मा भी कहते हैं ।

**Heat of Vaporisation** वाष्पन की ऊष्मा

नियत ताप एवं दाब पर एक मोल या इकाई द्रव्यमान को वाष्पित करने के लिये अपेक्षित ऊष्मा । इसे वाष्पन की एन्थैल्पी भी कहते हैं ।

**Heat pump** ऊष्मा पम्प

एक यांत्रिक युक्ति जो तापन हेतु ऊष्मा को ठण्डे निकाय से गर्म निकाय में प्रेषित करती है ।

**Heat radiation** **ऊष्मा विकिरण**

विद्युत चुम्बकीय तरंग के रूप में ऊर्जा उत्सर्जन जिसका प्रभाव तापन होता है ।

**Heat treatment** **ऊष्मा उपचार**

अपेक्षित गुणधर्म उपलब्धि के लिये धातु अधातु एवं अन्य पदार्थों का नियंत्रित शीतन और तापन ।

**Heat source** **ऊष्मा स्त्रोत**

कोई भी युक्ति या निकाय जिससे ऊष्मा प्राप्त होती है ।

**High frequency Induction furnace** **उच्चावृत्ति प्रेरण भट्टी**

वह भट्टी जिसमें विद्युत–चुम्बकीय प्रेरण द्वारा अपेक्षित ऊष्मा उत्पन्न करके धातु को पिघलाया या गर्म किया जाता है । इसमें प्रत्यावर्ती धारा से सक्रियित कुण्डली के अन्दर धातु को रखकर गर्म अथवा पिघलाया जाता है ।

**High Pass Filter** **उच्च पारक फिल्टर**

तरंग संप्रेषण पारक फिल्टर जिसके बैण्ड की प्रेषण सीमा निम्न विक्षेद आवृत्ति (शून्य से अधिक) से लेकर अपरिमित उच्च आवृत्ति के बीच रहती है ।

**Hold** **धारण**

काल–गति अध्ययन में एक आधारभूत तत्व, जिसमें हाथ से एक निश्चित स्थिति एवं स्थान पर वस्तु को थामें रखा जाता है ।

**Horizontal integration** **समानान्तर एकीकरण**

समान उद्योगों को मिलाकर एक संस्थान का निर्माण करना जैसे देश की अधिकांश चीनी मिले ।

**Hot hardness** — **तप्त कठोरता**

औजार धातु का वह गुण जिसके कारण उन्नत ताप पर वह अपनी कठोरता बनाये रखता है ।

**Hub** — **हब**

चक्राकाकर अवयवों का केंद्रीय भाग जिसके अन्दर शैफ़्ट या धुरी लगी होती है ।

**Humidification** — **आद्रीकरण**

वायु में आद्रता बढ़ाने का एक प्रक्रम ।

**Hyper Eutectoid** — **अतिगलन क्रान्तिक**

वह इस्पात जिसमें कार्बन की प्रतिशत मात्रा गलन क्रांतिक से अधिक होती है ।

**Hypo-Eutectoid** — **अवगलन क्रान्तिक**

वह इस्पात जिसमें कार्बन की प्रतिशत मात्रा गलन क्रान्तिक से कम होती है ।

**Heat transfer co-efficient** — **ऊष्मातंरण गुणांक**

इकाई क्षेत्रफल तथा इकाई तापांतर पर ऊष्मातंरण की दर । इसे इकाई पृष्ठ तापीय चालकत्व भी कहते हैं ।

**Hand Saw** — **हस्त आरा**

हाथ द्वारा चलाया जाने वाली आरा ।

**Ice Point** — **जल–हिमांक**

वह ताप जिस पर वायु संतृपत शुद्ध जल एवं शुद्ध हिम मानक वायुमण्डलीय दाब पर संतुलित अवस्था में हो ।

**Ideal performance** आदर्श निष्पादन

किसी उद्यम की वह स्थिति जब बाजार में कुल मिलाकर उसकी आर्थिक अवस्था, रोजगार दक्षता और लाभ वितरण उत्कृष्ट हो ।

**Ideal gas** आदर्श गैस

एक परिकल्पित गैस जो प्रत्येक ताप (T) और दाब (p) पर

$$pv^* = RuT$$

समीकरण का अनुसरण करती है इसमें $v^*$ मोलीय आयतन और Ru सार्विक गैस स्थिरांक है । इसे पूर्ण गैस भी कहते हैं ।

**Ideal radiator** आदर्श विकिरक

एक ऊर्जा विकिरक जो सभी तापमानों पर सैद्धान्तिक रूप से अधिकतम विकिरक ऊर्जा उत्सर्जित करता है । यह एक कृष्णिका भी है ।

**Idle Time Card** व्यर्थ-समय-कार्ड

फोरमेन इस कार्ड को भरकर वेतन अनुभाग को भेजता है । यह अनुभाग श्रमिक का वेतन बनाते समय इसका प्रयोग करते हैं ।

**Image Impedance** प्रतिबिम्ब प्रतिबाधा

किसी संरचना या युक्ति की वह प्रतिबाधा जो एक ही साथ सभी अंर्तगम और निर्गम को विछिन्न करती है ।

**Impact** संघट्ट

किसी गतिशील पिण्ड का दूसरे स्थिर अथवा गतिशील पिण्ड के साथ टकराव ।

**Impedance** — प्रतिबाधा

विभिन्न प्रकार के प्रतिरोधो का संचयी प्रभाव ।

**Incentive** — प्रोत्साहन

प्रबन्धकों के वह सब प्रयास जो वहाँ के कर्मचारियों को उत्पादन-क्षमता में वृद्धि तथा उत्पादन लक्ष्य की प्राप्ति हेतु अधिक से अधिक प्रयास करने की प्रेरणा प्रदान करे ।

**Indicator diagram** — सूचक आरेख

किसी भी प्रत्यावर्ती इंजिन, पंप या संपीडक सिलिण्डर के अन्दर चक्रीय निष्पादन के समय तरल के दाब-आयतन को दर्शाने वाला आरेख । यह तरल के चक्रीय कार्य को भी दर्शाता है ।

**Indirect Labour** — अप्रत्यक्ष श्रमिक

वह श्रमिक जो किसी कार्य से सीधे रूप से सम्पर्कित नहीं होते परन्तु उसके लाभ (बोनस) में वह भी भागीदार होते हैं ।

**Industry** — उद्योग

1. एक ही प्रकार के उत्पाद से सम्बन्धित इकाईयाँ ।
2. वे इकाईयाँ जो वस्तुओं को निर्माण तथा उनके व्यापार व्यवसायों में संलग्न हैं ।

**Induced Environment** — प्रेरित परिस्थिति

किसी यन्त्र अथवा संरचना के प्रचलन स्वरुप से उत्पन्न परिवेश ।

**Industrial organisation** — औद्योगिक संगठन

1. औद्योगिक प्रबन्ध की वह शाखा जो उत्पादन से सम्बन्धित संगठन तथा उसकी प्रणाली का अध्ययन करती है ।

2. प्रबन्धन की वह शाख जिसमें उद्योग के कर्मचारियों के दायित्व तथा कार्य विभाजन का अध्ययन करते हैं ।

**Indicated Thermal Efficiency (of an Engine** — **सूचित ऊष्मीय दक्षता**

आदिचालक का सूचित कार्य तथा प्रदत्त ऊष्मा का अनुपात ।

**Industrial Engineering** — **औद्योगिक इंजीनियरी**

एक कला एवं विज्ञान जिसमें श्रमिक उपस्कर एवं सामग्री के समन्वय से निर्दिष्ट समय और इष्टतम लागत पर उत्पाद की अपेक्षित मात्रा एवं गुणता प्राप्त की जाती है ।

**Industries with homogenous products** — **सजातीय उत्पाद उद्योग**

वह उद्योग इकाईयाँ जिनमें सभी विक्रेताओं के उत्पादन एकरुप होते हैं ।

**Ineffective time** — **अप्रभावी काल**

काल–गति अध्ययन में वह कालावधि जो वास्तविक संक्रिया में नहीं लगती ।

**Infant mortality period** — **आरंभिक विफलता अवधि**

बाथ टब वक्र के प्रथम भाग द्वारा प्रदर्शित उत्पाद के उपयोगी जीवन की प्रारम्भिक अवधि, जिसमें विफलता दर प्रायः अधिक रहती है ।

**Ingot Iron** — **लौह–सिल्ली**

वह व्यवसायिक लोहा जो ढलवाँ लोहे से कार्बन की मात्रा कम करके सिल्लियों के रूप में तैयार किया जाता है ।

**Insertion loss** — निवेशन हानि

प्रेषण तन्त्र में किसी अवयव के अनतर्वेशन के कारण होने वाला शक्ति क्षय । इसे डेसीवल में व्यक्त करते हैं ।

**Inspection** — निरीक्षण

किसी उत्पाद की अपेक्षित गुणता की मानक और विनिदेर्शनों से अनुरुपता की जाँच ।

**Instruction Sheet** — अनुदेश पत्र

हिदायतों का एक क्रमबद्ध विवरण ।

**Internal Energy** — आतंरिक ऊर्जा

किसी पदार्थ की आणविक और परमाण्विक संरचना में निहित ऊर्जा ।

**Integration of Industries** — औद्योगिक एकीकरण

समान या असमान व्यवसायों को मिलाकर एक प्रबन्ध के अंतर्गत लाना ।

**Internal failure cost** — आंतरिक अवगुणता लागत

ग्राहक को भेजने से पूर्व दृष्ट उत्पाद अवगुणता की लागत । इसमें छेप्य लागत, पुनः कार्य लागत, पुनरीक्षण लागत, कार्य बाधा लागत, उत्पादन हानि लागत तथा निपटान लागत आदि समाविष्ट है ।

**Insulated Wall** — ऊष्मारोधी भित्ति

वह भित्ति जिसके आर-पार ऊष्मा का प्रवाह नहीं हो सकता है ।

**Irreversibility** अप्रतिक्रम्यता

निकाय की वह स्थिति जब किसी प्रक्रम को विपरीत दिशा में सम्पादित करने के बाद निकाय और परिवेश अपनी प्रारम्भिक अवस्था में न आ सके। सभी प्रक्रम वस्तुतः अप्रतिक्रम प्रक्रम होते हैं।

**Inventory** माल, स्टाक, मालसूची

स्टोर अथवा स्टाक में रखी उपयोग वस्तुओं की विवरणी।

**Inverse Piezo-electric Effect** व्युत्क्रम दाब वैद्युत प्रभाव

परावैद्युत क्रिस्टली पदार्थों में विद्युत क्षेत्र द्वारा उत्पनन विकृति। यह विकृति विद्युत क्षेत्र के समानुपाती होती है।

**Isolation** पार्थक्य

प्रतिस्कंदी आधार के प्रयोग द्वारा तन्त्र में उत्पन्न उत्तेजन के प्रभाव को कम करना।

**Isentropic Efficiency of a turbine** टरबाइन की समएंट्रापी दक्षता

काल-गति अध्ययन में वह कालावधि जो वास्तविक संक्रिया में नहीं लगती।

**Isentropic Efficiency of Compressor** सम्पीड़क की समएंट्रोपी दक्षता

सम्पीड़क के लिये आवश्यक समएंट्रोपी कार्य और वास्तविक कार्य का अनुपात।

**Isentropic process** समएन्ट्रॉपी प्रक्रम

वह प्रक्रम जिसमें एनट्रॉपी अपरिवर्तित रहती है।

**Isolated System** विलग निकाय/विलगित निकाय

1. वह निकाय जिसकी परिसीमा से न तो दृव्यमान का और न ही ऊर्जा का अतरंण सम्भव है।

2. वह निकाय जिसकी वातावरण से किसी भी प्रकार की अन्योन्य क्रिया नहीं होती ।

**Jerk** झटका

वह सदिश, जो त्वरण परिवर्तन की दर को दर्शाती है ।

**Job** कृत्यक

निष्पादन के लिए सौंपा जाने वाला कार्य ।

**Jolting Machine** विकम्पक मशीन

एक विशेष प्रकार की संचक मशीन जिसमें वातिम एवं गुरुत्वयी हचकोलों द्वारा बालू की संचक में ठुकाई की जाती है ।

**Job Analysis** कृत्यक विश्लेषण

किये जाने वाले कार्य का विश्लेषण ।

**Job Classification** कृत्यक वर्गीकरण

सभी आवश्यक तत्वों को ध्यान में रखते हुए निष्पादन हेतु किय जाने वाले कार्यों का वर्गों में विभाजन ।

**Job description** कृत्यक विवरण

कार्य निष्पादन के लिए अपेक्षित, आवश्यक क्रियाकलापों का विस्तृत ब्योरा ।

**Job Evaluation** कार्य मूल्यांकन

किसी उत्पादन संगठन में कार्यों का एक दूसरे के सापेक्ष मूल्यांकन ।

**Job Evaluation** कृत्यक मूल्यांकन

श्रम कार्य का विश्लेषण एवं आकलन ।



7-2/CSTT/ND/96

**Job Factor**

कृत्यक कारक

वे तत्व जो कार्य निष्पादन हेतु अपेक्षित होते है ।

**Job production**

कृत्यक उत्पादन

ग्राहक की माँग एवम् आदेश के आधार पर वस्तु का निर्माण ।

**Killed Steel**

हत इस्पात

ऐसा इस्पात जिसकी निर्माण-प्रक्रिया में पिघली धातु से गैसों को निकाल दिया जाता है और वह पूर्णतः विऑक्सीकृत हो जाता है ।

**Kinetic Energy**

गतिक ऊर्जा

किसी तंत्र या निकाय की अपनी गति के कारण उपलब्ध ऊर्जा ।

**Labour Cost**

श्रम लागत

श्रम से संबंधित उत्पादन लागत ।

**Labour Relaion**

श्रमिक संबंध

प्रबंधकों एवं श्रमिकों के मध्य परस्पर संबंध ।

**Labour Turnover**

श्रमिक परिवर्तन

जब पुराने श्रमिक लापरवाह हो जाते है तो कारखाने से उनको निकालकर नये श्रमिक नियुक्त किये जाते हैं ।

**Laddle**

कुठाली/दर्बी/लैडल

क्यूपोला भट्टी से साँचा पेटियों तक गली पिघली धातु को ले जाने और उढ़ेलने के लिये प्रयोग किये जाने वाला ताप-प्रतिरोधी पात्र ।

**Laminar flow** — **पटलीय प्रवाह**

प्रवाह जिसमें तरल तत्व अविछिन्न पथ पर चलते हैं तथा आसन्न पथो पर प्रवाहित तरलों के साथ मिश्रित नहीं होते ।

**Lathe** — **खराद**

खरादन प्रक्रियाओं हेतु प्रयुक्त मशीन ।

**Learning Curve** — **कौशल अध्ययन वक्र/अधिगम वक्र**

समय के सापेक्ष अभ्यास से अर्जित कौशल को व्यक्त करने वाला आरेखीय निरुपण ।

**Lead time** — **अग्रिम काल**

किसी कार्य को करने से पूर्व उसकी तैयार के लिए दिया जाना वाला समय ।

**Legal entity** — **विधिक सत्ता**

व्यक्ति न होते हुये भी जिन संस्थाओं को कानून की दृष्टि से व्यक्ति माना जाता है ।

**Line Spectrum** — **लाइन स्पेक्ट्रम**

वह स्पेक्ट्रम जिसके घटक असंतत आवृत्तियों पर होते हैं ।

**Lining Wage** — **निर्वाह मजदूरी**

इसमें श्रमिक अपनी मौलिक आवश्यकताओं के साथ-साथ भविष्य के लिए भी कुछ बचा सकता है और अपनी सुरक्षा का प्रबन्ध कर सकता है ।

**Linear Mechanical Impedance** — **संरेखीय यांत्रिक प्रतिबाधा**

बल और रेखीय गति का अनुपात ।

**Linear System** रैखिक तन्त्र

वह तन्त्र जिसके अवयवों की अनुक्रिया उसके उत्तेजन के समानुपाती हो ।

**Link** कडी

(क) श्रृंखला की एक इकाई ।

(ख) यंत्रावली के वह अवयव जो सापेक्ष गति प्रदान करते हैं ।

**Link Arrangement** कडी विन्यास

कडियो का वह विन्यास जो अपेखित गति आदि प्रदान करता है ।

**Limited liability** सीमित दायित्व

अंशधारियों केअंश की राशि तक सीमित उनका वित्तीय दायित्व ।

**Loading and Scheduling** भारण एवम् अनुसूचन

अनुपथन के साथ-साथ होने वाले कार्य जिनसे कृत्यक गमन, कार्मिक क्षमता एक यांत्रिक संसाधनों का समुचित उपयोग हो सके ।

**Logarithmic Decrement** लागोरिथ्मी अपक्षय

एकल आवृत्ति दोलन के क्षय में लगातार एक समान चिन्हों वाले किसी आयाम से अगले आयाम के अनुपात प्राकृतिक लागेरिथ्म ।

**Longitudinal Wave** अनुदैर्ध्य तरंग

वह तरंग जिसमें माध्यम के प्रत्येक बिन्दु पर विस्थापन उस तरंग-अग्र के अभिलम्ब होता है ।

**Logmean temperature difference** — लागरिथिमीय माध्यम तापान्तर

$$\Delta tm = \{(\Delta t)_2 - (\Delta t)_1\} \mid \ln \frac{(\Delta t)_2}{(\Delta t)_1}$$

जहाँ $(\Delta t)_1$ और $(\Delta t)_2$ ऊष्मा विनिमय के अन्दर दोनों सिरों पर गर्म और ठण्डे तरलां के परस्पर अन्तर को दर्शाते हैं ।

**Lot Size** — प्रचय संख्या

उत्पाद की एक विनिर्दिष्ट संख्या ।

**Lot tolerance percent defective** — समूह का उपेक्ष त्रुटि प्रतिशत

सदोष समूह–प्रतिशत ग्राह्यता ।

**Low Pass filter** — निम्न पारक फिल्टर

तरंग संप्रेषण पारक फिल्टर जिसके बैण्ड की प्रेषण सीमा शून्य आवृत्ति से लेकर किसी निश्चित क्रान्तिक आवृत्ति तक होती है ।

**Lumping-management-control** — एकमुस्त नियंत्रण

किसी कम्पनी की अंशपूँजी संतोषजनक स्थिति में न होने पर उस या अन्य कम्पनी के प्रबन्धकों द्वारा नियंत्रण प्राप्त करने के लिए अधिकांश शेयरों या सम्पत्ति को हस्तगत करने का प्रयास ।

**Machinability** — मशीनियता/मशीनन शुकरता

पदार्थ का वह गुण जिसके कारण उसे आसानी से यंत्रों द्वारा मशीनित किया जा सके ।

**Machine Control Unit (M C U)** — मशीन नियंत्रण इकाई

यह एकक प्रोग्राम के निर्देशों को पढ़कर मशीन, औजार और प्रक्रम–उपकरणों के यांत्रिक क्रियाओं के नियंत्रण के लिये उचित संकेत देता है ।

| | |
|---|---|
| Machine Development | मशीन–सुधार<br>इस विधि द्वारा मशीन–उत्पादक यन्त्रों का अध्ययन करके उन्हें उत्पादन कार्य के लिए अधिक से अधिक उपयोगी बनाना होता है । |
| Machine Moulding | यन्त्र संचकन<br>एक प्रकार की वायु–चालित मशीन जिसकी सहायता से ढलाई के लिये अपेक्षित साँचे बनाये जाते हैं । |
| Machine time | मशीन काल<br>मशीन पर कृत्यक को पूर्ण रूप से तैयार करने में लगा समय । |
| Mack number | मॉख संख्या<br>किसी तरह का वेग और उसी तरल में ध्वनि के वेग का अनुपात । |
| Magnetostriction | चुम्बकीय विरुपण<br>वह परिघटना जिसमें लौह चुम्बकीय पदार्थ बाहरी चुम्बकीय क्षेत्र के अन्दर प्रत्यास्थ विकृति महसूस करते हैं । |
| Majority control | बहुमत नियंत्रण<br>उद्योग प्रबन्ध की वह व्यवस्था जिसमें वह व्यक्ति, परिवार या समूह नियंत्रण करता है जिसके पास बहुमत अंशपूँजी का स्वामित्व होता है । |
| Maleability | आधातवर्ध्यता<br>पदार्थ का वह गुण जिसके कारण उन्हें बिना टूटे चपटा किया जा सके । |
| Mallet | (मैलेट/मुँगरी)<br>यान्त्रिक कार्यों में हल्की चोट लगाने के लिये लकड़ी का हथौड़ा । |

**Mannual Element** — हस्त अवयव

कार्य का वह अंश जिसे व्यक्ति द्वारा किया जाता है ।

**Market Conduct** — बाजार आचरण

विभिन्न उद्यमों का बाजार के प्रति व्यवहार का तरीका। इसमें मुख्य रूप से फर्मो की मूल्य निर्धारण नीति तथा आपसी सम्बन्ध सम्मिलित होते हैं ।

**Management Control** — प्रबन्ध नियंत्रण

प्रबंधकों द्वारा की गई व्यवस्था जिसके द्वारा उद्योग की सम्पूर्ण गतिविधियों का संचालन एवम् नियंत्रण किया जाता है ।

**Machine moulding** — यन्त्र संचकन

एक प्रकार की वायु-चालित मशीन जिसकी सहायता से ढलाई के लिये अपेक्षित साँचे बनाये जाते हैं ।

**Market Structure** — बाजार संरचना

उत्पादन को उपभोक्ता तक पहुँचाने की विपणन प्रक्रिया ।

**Mass Production** — पुन्ज उत्पादन

सतत् उत्पादन का वह प्रकार जिसमें वस्तुओं का निर्माण बहुत बड़ी मात्रा में होता है ।

**Master Scheduling** — प्रमुख अनुसूचन

किसी अवधि के लिये प्राथमिकता के आधार पर उत्पादन की समग्र आयोजना ।

**Match plate** — सुमेल पट्टिका

अधिक उत्पादन हेतु प्रयोग की जाने वाली एक धातु अथवा लकड़ी की पट्टी जिस पर प्रतिरूपों को रखकर कई साँचे एक साथ बनाए जाते हैं ।

**Material cost** सामग्री लागत

उत्पाद में प्रयुक्त सामान की कीमत ।

**Maintenance** अनुरक्षण/रखरखाव

मशीन, उपकरण एवम् तन्त्र को कार्यशील अवस्था में बनाये रखना ।

**Maintainability** अनुरक्षणीयता

किसी विफल मशीन, उपकरण या तन्त्र को एक निश्चित अवधि में निर्धारित प्रक्रियाओं द्वारा प्रचालनात्मक अवस्था में पुनः लाने की सम्भाव्यता ।

**Malleable Cast Iron** आघातबर्ध्य ढलवां लोहा

ताप-उपचारित श्वेत ढलवाँ लोहा जिसकी तन्यता साधारण ढलवाँ लोहा से अधिक होती है ।

**Material requirements planning** अपेक्षित सामग्री आयोजना

उत्पादन में प्रयुक्त पदार्थों को मात्रा, गुणता तथा समय की आवश्यकतानुसार उपलब्ध कराने की प्रक्रिया ।

**Meantime between failure** अंतर विफलता औसत काल

मरम्मत योग्य उत्पाद के जीवन काल में प्रदर्शित स्थिर न्यूनतम विफलता दर का व्युत्क्रम ।

**Meantime to failure** विफलता औसत काल

उत्पादन के जीवन काल में प्रदर्शित स्थिर न्यूनतम विफलता दर का व्युत्क्रम । इसका उपयोग ऐसे उत्पादन के लिए होता है जिसकी मरम्मत सम्भव न हो ।

**Mechanical Efficiency** यान्त्रिक दक्षता

आदिचालक शैफ़्ट पर उपलब्ध निर्गत कार्य और सूचित कार्य का अनुपात ।

| | |
|---|---|
| **Mechanical Equalibrium** | **यांत्रिक साम्यावास्था**<br>किसी निकास में अथवा उसके बाहर क्रियाशील सभी बलो के अन्तर्गत प्राप्त साम्यावस्था । इस अवस्था में सभी बलों का परिणामी बल शून्य होता है । |
| **Mechanical Shock** | **यांत्रिक प्रघात**<br>किसी यांत्रिक तन्त्र का प्रबल अनावर्ती उत्तेजन जिसके कारण तन्त्र में सामान्यत: आपेक्षिक विस्थापन अत्यधिक हो जाता है । |
| **Mechanical System** | **यांत्रिक तन्त्र**<br>पिण्ड, कमानी और अवमंदक का विन्यासित समुच्चय जिससे अभीष्ट क्रिया सम्पन्न हो सके । |
| **Metal Mould** | **धातु साँचा**<br>धातु के बने स्थायी साँचे जिनका उपयोग अधिक दिनों तक यथार्थतापूर्वक किया जाता है । |
| **Metal removal factor** | **धातु अपनयन गुणांक**<br>इकाई समय में इकाई नेट शक्ति द्वारा हटाई गई धातु का आयतन । |
| **Metastable phase** | **मितस्थायी प्रावस्था**<br>पदार्थ की वह विशेष प्रावस्था जिसमें वह सामान्यत: अस्थिर होता है । |
| **Minimum wages** | **न्यूनतम मजदूरी**<br>श्रमिक की जीविका चलाने के लिए पर्याप्त मजदूरी । |
| **Mobility** | **गतिशीलता**<br>यह वेग सदृश्य और बल सदृश्य मात्राआं का अनुपात है जबकि मात्राओं में समय के सापेक्ष रैखिक वृद्धि होती है । |

**Modal number** मोडल संख्या/विधांक

वह क्रमबद्ध पूर्णांक जिनका समुच्चय किसी तन्त्र की सामान्य विधाओं से सम्बद्ध हो ।

**Mode of Vibration** कंपन विधा

किसी कंपी निकाय में वह अभिलक्षण प्रतिमान, जिसमें प्रत्येक कण की गति एक ही आवृति पर सरल हार्मोनिक होती है । एक बहु–स्वतंत्र कंपी तंत्र में एक से अधिक विधांए एक साथ विद्यमान हो सकती है ।

**Modulation** मॉडुलन

आवर्ती दोलन में किसी प्राचल के मान में अभिष्ट परिवर्तन ।

**Mole** मोल

पदार्थ की मात्रा जिसका द्रव्यमान संख्यात्मकतः उस पदार्थ के आण्विक भार के बराबर होता है ।

**Molal quantity** मोलीय मात्रा

विद्यमान मोलो की संख्या जोकि ग्राम, कि.ग्राम, पौण्ड आदि इकाइयों में मापी जाती है । यह संख्या में अणुभार के बराबर होती है ।

**Molar Heat Capacity** मोलीय ऊष्मा क्षमता

किसी पदार्थ के एक मोल का तापक्रम $1^0$ बढ़ाने के लिये आवश्यक ऊष्मा की मात्रा ।

**Mole fraction** मोल अंश

किसी मिश्रण या विलियन में किसी पदार्थ के मोलों की संख्या और उसमें विद्यमान सभी अवयवों के कुल मोलों की संख्या का अनुपात ।

**Monochromatic emissive power** — **एकवर्णी उत्सर्जक शक्ति**

इकाई तरंगधैर्य परास पर इकाई समय में इकाई क्षेत्रफल से पृष्ठ द्वारा उत्सर्जित विकिरण ऊर्जा ।

**Monopoly** — **एकाधिकार**

ऐसी व्यवसायिक व्यवस्था जिसमें वस्तु का समस्त उत्पादन अथवा वितरण एक ही प्रबन्ध के अधीन होता है । तथा इसमें कोई प्रतिस्पर्धा नहीं होती ।

**Monetary Incentive** — **मुद्रा रूपी प्रोत्साहन**

वह सभी योजनायें जिनसे श्रमिक एवम् अन्य कर्मचारी रुपयों के रूप में प्रोत्साहन प्राप्त करते हैं मुद्रा रूपी कहलाते हैं । सभी प्रोत्साहन योजनायें तथा वार्षिक वेतन वृद्धि व्यवस्था इसके अन्तर्गत आती हैं ।

**Monopolistic** — **एकाधिकार उद्यम**

वह उद्यम जिसका किसी उत्पाद अथवा सेवा की आपूर्ति पर पूर्ण नियंत्रण होता है ।

**Most likely time** — **अधिकतम संभावित काल**

वह समय जिसके कार्य निष्पादन में लगने की अधिकतम संभावना है ।

**Motion Analysis** — **गति विश्लेषण**

एक नियत कार्य क्षेत्र पर या कार्य में प्रयुक्त गति का विस्तृत अध्ययन ।

**Motion Cycle** — **गति-चक्र**

एक कार्य चक्र को पूर्ण करने के लिए अपेक्षित गतियों एवं क्रिया कलापों का पूर्ण अनुक्रम ।

**Motion Study** — **परिचालन अध्ययन**

उत्पाद्य वस्तु का उत्पादन प्रक्रिया के दौरान होने वाला संचालन तथा उत्पाद्य प्रक्रिया के दौरान कर्मिकों का अंग संचालन का अध्ययन ।

**Mould** — **संचक/साँचा**

ढलाई प्राप्त करने के लिये वह विवर–युक्त साधन जिसमें पिघली धातु भरी जाती है ।

**Moulding** — **साँचा–निर्माण/संचकन**

वांछित ढलाई प्रापत करने के लिए साँचा बनाने की विधि ।

**Moulding flask** — **संचक फ्लास्क**

ढलाई हेतु दो या तीन भागों वाली चौकोर पेटी जिसके दोनों सिरे खुले होते हैं ।

**Moulding sand** — **संचक बालू**

ढलाईशाला में सांचा बनाने के लिए प्रयोग लाया जाने वाला बालू–मिश्रण ।

**Multiple Sampling** — **बहु–प्रतिचयन**

1. किसी मद समूह की स्वीकार अथवा अस्वीकार करने की वह प्रतिचयन विधि जिसमें मद समूह स्वीकार अथवा अस्वीकार करने का निर्णय दो बार से अधिक नमून लेने के उपरांत किया जाता है ।

2. उत्पाद विशेष को स्वीकार या अस्वीकार करने की वह विधि जिसमें एक, दो या अधिक नमूने तब तक लिये जाते हैं जब तक कि निर्णय न हो जाये ।

**Multiple Degree of System** — **बहुकोटिक स्वतंत्रता तंत्र**

वह तंत्र जिसकी तात्क्षणिक स्थिति पूर्णतया दर्शाने हेतु दो या अधिक निर्देशांको की आवश्यकता होती है ।

**Narrow band random virbation** — **संकीर्ण बैंड यादृच्छिक कंपन**

यादृच्छिक कंपन, जिसके आवृति घटक संकींण बैंड के अन्दर होते हैं ।

**Natural Frequency** — **प्राकृतिक आवृति**

किसी निकाय के स्वतंत्र कंपन की आवृति । बहु स्वतंत्र कपी तंत्र के संदर्भ में प्रत्येक प्रसामान्य विधा की आवृति।

**Net Power** — **नेट शक्ति/शुद्ध शक्ति**

कर्तन औजार को दी जाने वाली वास्तविक शक्ति जोकि मशीनन संक्रिया के दौरान धातु अपनयन में खर्च होती है ।

**Negotiable Certificates or Securities** — **पराक्राम्य प्रमाण पत्र या प्रतिभूति**

वे प्रमाण पत्र या प्रतिभूतियों जो दूसरे को बेची जा सकती है ।

**New Sand** — **नवीन बालू**

वह बालू–मिश्रण जिसका उपयोग–ढलाई के लिये पहिले नहीं प्रयोग किया गया है ।

**Non-ferous Metal** — **अलौह धातु**

लोहे और इस्पात के अतिरिक्त सभी धातुऐं और मिश्र धातुऐं ।

**Nodular Cast Iron** ग्रन्थिल ढलवाँ लोहा

गुलिकाओ के रूप में मुक्त कार्बन वाला ढलवाँ लोहे की प्रजाति । मुक्त कार्बन की गुलिकाये पिघले ढलवाँ लोहे में मैगनीशियम अथवा सीरियम के अंत:क्षेपण के कारण प्राप्त होती है । यह सबसे अधिक तन्यता वाली प्रजाति है ।

**Noise** रव

किसी आवृति बैंड में अवांछित विक्षोभ ।

**Non-financial Incentive** अवित्तीय प्रोत्साहन

श्रमिक को दिये जाने वाले वह सभी प्रकार के प्रोत्साहन जिनमें मालिक को वित्तीय व्यय नहीं करना पड़ता है जैसे नौकरी की सुरक्षा, अपनी योग्यता बढ़ाने का अवसर, उचित आदरपूर्ण व्यवहार, पद की प्रतिष्ठा, अपनत्व की भावना आदि ।

**Non-Linear damping** अरेखीय अवमंदन

वेग के समाग्नुपातिक बल द्वारा प्राप्त अवमंदन ।

**Non-Monetary Incentive** अमुद्रा रुपी प्रोत्साहन

वह सभी प्रोत्साहन योजनायें जो मुद्रा के स्थान पर सुविधा या अन्य किसी रूप में दिये जाते हैं तथा जिन पर धन का व्यय करना पड़ता है ।

**Normal Effort** प्रसामान्य प्रयास

किसी कार्य के निष्पादन हेतु औसत कुशल श्रमिक द्वारा किया गया प्रयत्न ।

**Normal force (on rake plane)** अभिलम्ब बल

परिणामी बल का वह घटक जो रेक तल के अभिलम्ब होता है ।

**Normal force (on Shear plane)** — अभिलम्ब बल

परिणामी बल का वह घटक जो अपरुपण तल के अभिलम्ब होता है ।

**Normal pace** — प्रसामान्य गति

किसी कार्य के निष्पादन हेतु औसत कुशल श्रमिक की कार्य गति ।

**Normal time** — प्रसामान्य काल

सामान्य गति से किसी कार्य के निष्पादन हेतु औसत कुशल श्रमिक के लिए अपेक्षित अवधि ।

**Normal Partner** — अभिहित भागीदार

ऐसा भागीदार जो प्रबन्ध व्यवस्था में सक्रिय नहीं है ।

**Nozzle** — तुण्ड/नॉज़ल

वह वाहिनी, कक्ष या परिच्छेद जिसमें निम्न वेग तथा उच्च दाब वाले तरल की धारा उच्च दाब तथा निम्न वेग में परिवर्तित हो जाती है ।

**Normalizing** — तापानुशीतन

ऊष्मा उपचार की एक विधि जिसमें उच्च क्रान्तिक ताप से ऊपर कार्बन इस्पात या मिश्र इस्पात को गर्म करके सामान्य वायु में शीतित किया जाता है । इसमें धातु प्रतिबल मुक्त हो जाती है और कण सूक्षम हो जाते है ।

**Nozzle** — तुण्ड/नॉज़ल

एक सामान्यतया शांकव वाहिनी जिसमें दाब ह्रास के कारण तरल प्रवाह का त्वरण एवम् दिशा निर्देशन होता है ।

**Numerical Control (N C)** — संख्यात्मक नियंत्रण

यंत्रों अथवा प्रक्रम उपयंत्रों की संख्या/वर्णचिन्ह तथा अन्य चिन्हों के प्रयोग द्वारा प्रोग्राम योग्य स्वचालन विधि।

**Oligopolistic Enterprise** — अल्पाधिकार उद्यम

वे बड़े उद्यम जो कम संख्या में होते हैं तथाप्रतिस्पर्धी भी हो सकते हैं।

**Opaque body** — अपारगामी पिण्ड

वह पिण्ड जो अपने अन्दर किसी भी प्रकार के तापीय विकिरण का प्रेषण नहीं होने देता है।

**Open Mould** — खुला साँचा

एक प्रकार का वह साँचा जिसमें फ्लासक का उपयोग नहीं होता है। इसमें संचक-बालू की समतल पटल तैयार की जाती है जिसके ऊपर प्रतिरूपों को रखकर उन्हें ठोंका जाता है तथा प्रतिरूपों को निकालने के बाद साँचा ढलाई के लिये तैयार हो जाता है।

**Open System** — विवृत निकाय

1. वह निकाय जिसकी सीमाओं के आर-पार द्रव्य एवं ऊर्जा दोनों का आवागमन हो सके।

2. वह निकाय जिसमें द्रव्यमान तथा ऊर्जा दोनों का एक साथ निकाय की पूरिसीमा से अन्तरण सम्भव है।

**Operating characteristic Curve** — प्रचालन अभिलाक्षणिक वक्र

उत्पाद विशेष की सदोष मद प्रतिशत दर तथा स्वीकृति सम्भाव्यता के बीच बनने वाला वक्र जिसके आधार पर उत्पाद समूह को स्वीकार्य किया जाता है। (चित्र नं.)

**Operation process chart** — संक्रिया प्रक्रम चार्ट

निर्माण प्रक्रम में संक्रिया और निरीक्षण के लिये प्रयुक्त प्रतीको द्वारा आरेखीय चित्रण ।

**Orifice** — विवर

तरल निकासी के लिए किसी पात्र या नली में बना द्वार ।

**Oscillation** — दोलन

वह क्रिया जिसमें कोई पिंड/राशि दो मानों के मध्य आवर्ती विचरण करती है ।

**Optimistic time** — आशावादी काल

अनुकूलतम परिस्थितियों में किसी कार्य के निष्पादन में लगने वाला आदर्श समय ।

**Over heads** — ऊपरी प्रभार

बिक्री अनुभाग, टूलिंग आदि सेवाओं पर आया खर्च ।

**Pareto Principle** — पेरेटो सिद्धांत

"बहुतसे नगण्यों की तुलना में कतिपय महत्वपूर्ण पर ध्यान देना" एक सार्वभौमिक प्रभावी प्रबन्ध सिद्धांत है जिसका उपयोग प्रबन्धन की अधिकांश समस्याओं के निवारण हेतु न्यूनतम विश्लेषण द्वारा किया जाता है ।

**Parted Core Box** — विभक्त कोर पेटी

दो या अधिक भागों से बनी कोर संचक पेटी ।

**Parted Pattern** — विभक्त प्रतिरूप

साँचे से सुगमतापूर्वक निकालने के लिये दो या अधिक भागों में बना प्रतिरूप । उसमें विभिनन भागों के नाम उनकी साँचा पेटी में अवस्थिति के अनुसार होता है । जैसे – ऊपरी भाग को उच्चक कोप, मध्य भाग को मध्यम/चीक और निचले को निम्नक ड्रैक कहते हैं ।



8-2/CSTT/ND/96

**Parting Agent** पृथककारी अभिकारक

कोण साँचा ढलाई में धातु-प्रतिरूपों पर प्रयुक्त किये जाने वाला वह प्रलेप जो कोण साँचे को प्रतिरूप से अलग करने में सहायक होता है ।

**Parting Sand** पृथककारी बालू

निम्नक बालू तथा उच्चक बालू को एक दूसरे से चिपकने से बचाने के लिये उन पर छिड़का जाने वाला दग्ध संचक बालू अथवा अन्य पदार्थ से बना चूर्ण ।

**Parted line** पृथककारी रेखा

साँचे के दो भागों को अलग-अलग दर्शाने वाली रेखा ।

**Partial Volume** आंशिक आयतन

किसी गैसीय मिश्रण के एक अवयव द्वारा डाला गया दाब जब वह उसी पात्र में अकेला रखा है ।

**Partial Node** आंशिक निस्पंद

किसी स्थायी तरंग तन्त्र में वह बिन्दु रेखा या पृष्ठ जहाँ पर तरंग क्षेत्र का कोई अभिलक्षण न्यूनतम आयाम (शून्य से अधिक) होता है ।

**Partial Pressure** आंशिक दाब

किसी गैस मिश्रण के पात्र को उसी मिश्रण के एक अवयव से भरने पर प्राप्त दाब ।

**Partnership** भागीदारी

ऐसी हिस्सेदारी जिसमें दो या अधिक व्यक्ति मिलकर किसी उद्योग में अपनी पूँजी लगाते हैं तथा हर प्रकार के लाभ-हानि के दायित्वों को वहन करते हैं । भागीदारी नियम के अनुसार इनकी संख्या 20 तक हो सकती है ।

**Pascal** — **पास्कल**

वह दाब मात्रक जो एक वर्ग मीटर क्षेत्रफल पर एक न्यूटन बल के समान रूप से लगने पर उत्पन्न दाब के बराबर हो ।

**Pasted Core** — **आसंजित क्रोड**

दो भागों को चिपका कर बनाई गई क्रोड ।

**Pattern** — **प्रतिरूप**

लकड़ी, धातु या अन्य किसी पदार्थ से निर्मित आकृति जिसकी सहायता से ढलाई प्राप्त की जाती है ।

**Pattern Projections** — **प्रतिरूप उभार**

साँचे में उद्‌वाही और द्वारक बनाने के लिये प्रतिरूप में बने उभार ।

**Pattern Shop** — **प्रतिरूप शाला**

कार्यशाला का वह प्रभाग जिसमें प्रतिरूप बनाये जाते हैं ।

**Peak to Peak Value** — **शिखर–शिखर मान**

कम्पी तन्त्र राशि के चरम मानों का बीजगणितीय अन्तर ।

**Peen Raming** — **पीनरैमकरण**

संचक पेटी में थापी के पीन सिरे द्वारा बालू – संघनन की प्रक्रिया ।

**Period** — **अवधि/काल**

आवर्तिक परिघटना के एक चक्र के पूर्ण होने का समय ।

**Periodic Quantity** — **आवर्ती राशि**

वह दोलायमान राशि जिसका मान एक निश्चित अवधि के बाद पुनः प्राप्त होता रहता है ।

**Personal Allowance** **व्यक्तिगत छूट**

कार्य के निष्पादन में श्रमिक की व्यक्तिगत आवश्यकताओं को ध्यान में रखते हुए दी जाने वाली समय की छूट ।

**Pessimistic time** **निराशावादी काल**

प्रतिकूल परिस्थितियों में किसी कार्य के निष्पादन में लगने वाला अत्यधिक समय ।

**Phase of a Periodic Quantity** **आवर्ती राशि की कला**

किसी निर्देश बिन्दु से मापित कालावधि अंश जिसमें स्वतंत्र चर आगे पीछे हो जाता है ।

**Piece rate** **नग-दर**

उत्पादन संख्या के अनुसार दिये जाने वाली मजदूरी ।

**Piece Rate System** **मात्रा दर पद्धति**

इस पद्धति के अनुसार श्रमिक को भृत्ति का संबंध समय से नहोकर काम की मात्रा से होता है । इस विधि में एक बड़ा अवगुण उत्पादन की श्रेष्ठता में गिरावट का डंर ।

**Piece work card** **कार्य मात्रा-पत्र/कार्ड**

मात्रा-रेट पर कार्य कर रहे श्रमिकों के लिये इस कार्ड का प्रयोग किया जाता है । प्रत्येक घण्टे में आकर प्रगति-क्लर्क कार्य-मात्रा का अंकन इस कार्ड पर करता रहता है । इस कार्ड पर उपयोगी सूचनायें आदि भी लिख दी जाती है ।

**Piezoelectric Transducer** **दाब वैद्युत ट्रांसड्यूसर**

असममित क्रिस्टल के प्रयोग द्वारा प्राप्त ट्रासड्यूसर जिसमें विद्युत क्षेत्र परिवर्तन से विकृति तथा दाब परिवर्तन से विद्युत वोल्टता प्राप्त होती है ।

**Piezoelectricity** **दाब विद्युत**

परावैद्युत क्रिस्टली पदार्थों में दाब जनित विद्युत ध्रुवीयता ।

**Pig Iron** — **कच्चा लोहा**

लोह अयस्क से प्राप्त लोहा ।

**Pitch** — **अंतराल/पिच**

किसी पेंच में आसनन चूडियों अथवा गरारी के आसन्न दांतों के संगत बिंदुओं के बीच की दूरी ।

**Pit Moulding** — **गर्त संचकन**

बड़ी ढलाइयों के लिये फर्श में गढ्ठा खोद कर साँचा बनाने का प्रक्रम ।

**Plate Castings** — **प्लेट ढलाई**

ऐसी ढलाई जिनकी चौड़ाई मोटाई से तीन गुनी या अधिक होती है ।

**Plant layout** — **संयन्त्र अभिन्यास**

किसी संयंत्र में मशीनों, उपस्करों व अन्य सुविधाओं का व्यवस्थापन ।

**Plasticity** — **सुघट्यता/पराप्रत्यास्थता**

पदार्थ का वह गुण जिसके कारण पदार्थ बाह्य भार हटाने पर भी अपना मूल रूप नहीं ले पाते हैं ।

**Potential Energy** — **स्थितिज ऊर्जा**

किसी तन्त्र अथवा पिण्ड में बाह्य सरक्षी बलो जैसे – गुरूत्वाकर्षण, चुम्बकीय क्षेत्र, आंतरिक या प्रत्यास्थ बल आदि से सम्बद्ध ऊर्जा ।

**Power** — **शक्ति**

कार्य करने की समय दर ।

**Policy Allowance** — **नीति छूट**

प्रबंधकों द्वारा कार्य की विशेष परिस्थितियों को देखते हुए दी जाने वाली समय की अतिरिक्त छूट ।

**Power Saw** — **आरा मशीन**

शक्ति चालित आरा ।

**Preference Share** — **अधिमान शेयर**

शेयरोंका वह वर्ग जिनके धारकों को लाभांश निर्धारित दर पर सबसे पहले प्राप्त करने का अधिकार होता है ।

**Predective maintenance** — **प्रत्याशित अनुरक्षण**

मशीन या उपकरण की स्थिति को देखते हुए भविष्य में हो सकने वाली समस्याओं के पूर्वानुमान और निदान के अनुरूप रखरखाव ।

**Preplanning** — **पूर्वायोजना**

किसी निर्माण तन्त्र में अभीष्ट उत्पाद का विकास अभिकल्पन विक्रय अनुमान, फेक्ट्री विन्यास एवम् उपस्कर नीति की व्यवस्था ।

**Premium Bonus System** — **वृद्धि प्रोत्साहन पद्धति**

इसमें जैसे-जैसे उत्पादित मात्रा की दर बढ़ती है, वैसे ही वैसे श्रमिक की कुल आय में वृद्धि की दर भी बढ़ती है ।

**Pressure** — **दाब**

इकाई क्षेत्रफल पर लगने वाला प्रणोद या बल ।

**Pressure wave** — **दाब तरंग**

किसी तरल माध्यम में विक्षोभ के कारण उत्पन्न तरंगे ।

| | |
|---|---|
| **Prevention cost** | **रोकथाम लागत**<br>उत्पाद-अवगुणता को यथासंभव न होने देने की लागत । |
| **Preventive maintenance** | **निवारक अनुरक्षण**<br>रख रखाव की वह प्रक्रिया जिसमें मशीन, उपकरण एवं तन्त्र के विफलता को यथासंभव रोका जा सके । इसके अतंर्गत दैनंदिन, आवधिक और सूचीबद्ध रखरखाव आते हैं । |
| **Price Theory** | **मूल्य सिद्धांत**<br>बाजार की विभिन्न परिस्थितियों के अनुसार उत्पाद अथवा सेवा का मूल्य निर्धारण । |
| **Private Limited Company** | **निजी सीमित कम्पनी**<br>सीमित संख्या के अंशधारकों वाली कम्पनी जो सार्वजनिक रूप सेआम जनता में शेयर न बेच सकते हैं न खरीद सकते हैं । कम्पनी अधिनियम के अनुसार अंशधारकों की संख्या अधिकतम 50 होती है और दायित्व सीमित होता है । |
| **Private Sector** | **निजी क्षेत्र**<br>व्यक्ति या उनके समूह द्वारा स्थापित इकाईयाँ जो उत्पादन तथा व्यवसाय में संलग्न हैं । |
| **Process Capability** | **प्रक्रम क्षमता**<br>मशीन टूल एवम् अन्य प्रक्रियाओं द्वारा निर्मित उत्पाद में निहित विचलन । |
| **Process Chart** | **प्रक्रम चार्ट**<br>निर्धारित प्रतीको द्वारा अनुक्रमिक घटनाओं का आरेखीय चित्रण । |

**Process Engineer** — **प्रक्रम/प्रोसेस इंजीनियर**

इसका कार्य उत्पादन विधि का अध्ययन करना तथा उत्पादन क्षमता की उन्नति करना है । 'टाइम व मोशन स्टडी' विभाग इसी के अधीन होता है ।

**Process layout** — **प्रक्रम अभिन्यास**

एक ही प्रकार का कार्य करने वाली सभी मशीनों का एक ही स्थान पर अधिष्ठापन ।

**Product Development** — **उत्पाद सुधार**

इस विधि द्वारा उत्पाद के आकार प्रकार व डिजाइन का अध्ययन करके इस प्रकार के परिवर्तन किये जाते हैं ताकि उत्पादन क्षमता को बढाया जा सके ।

**Production Engineer** — **प्रोडक्शन इंजीनियर**

इसका मुख्य कार्य है उत्पादन में काम आने वाले टूल्स, जिग्स, फिक्यर्स, डाइज आदि का निर्माण व मरम्मत आदि ।

**Producer's Risk** — **निर्माता जोखिम**

उपभोक्ता द्वारा प्रतिचयन योजना अनुसार उत्कृष्ट मदों को अस्वीकार किये जाने वाली संभाव्यता ।

**Production Superintendent** — **उत्पाद सुपरिन्टेण्डेण्ट**

कारखाने का उत्पादन का समस्त भार इसी अधिकारी पर होता है । यह सीधे वर्क्स मैनेजर के प्रति उत्तरादायी है ।

**Production** — **उत्पाद**

अनुक्रमिक संक्रियाओं द्वारा उपलब्ध सामग्री से अभीष्ट वस्तु का निर्माण ।

**Products** — **उत्पाद**

किसी भी उद्यम द्वारा उत्पादित वस्तु ।

**Production control** — **उत्पाद नियंत्रण**

उत्पादन की प्रक्रिया जिससे आयोजना के अनुसार निर्माण किया जा सके तथा आवश्यकता होने पर इस प्रक्रिया में सुधार किया जा सके ।

**Product layout** — **उत्पाद अभिन्यास**

उत्पाद विशेष के निर्माण की प्रक्रियाओं के क्रमानुसार मशीनों और सेवाओं का व्यवस्थापन ।

**Product Development** — **उत्पाद विकास**

उत्पाद के प्रारंभिक अभिकल्पन से लेकर उसके बड़े पैमाने पर निर्माण तक की वे प्रक्रियायें जिनमें निर्माण सहज और सरल तथा उत्पाद सस्ता और उपयोगी हो जाता है ।

**Product Differentiation** — **उत्पाद विभेदन**

उत्पादों का उनके अभिकल्प, गुणवत्ता और छाप आदि के आधार पर वर्गीकरण ।

**Production Manager** — **उत्पादन प्रबन्धक**

किसी उद्योग में उत्पादन व्यवस्था का उत्तरदायी अधिकारी ।

**Production Planning** — **उत्पादन आयोजना**

उत्पाद्य वस्तु की मात्रा, तथा उत्पादन स्थल एवम् आवश्यक संसधान आदि का निर्धारण करने की प्रक्रिया ।

**Production Planning & Control** — उत्पादन योजना एवम् नियंत्रण

सभी विनिर्माण कार्यकलापों को समायोजित करने का प्रबन्धन तन्त्र जिससे अपेक्षित समय में कम लागत पर सर्वोत्तम उत्पादन अधिक मात्रा में हो सके।

**Product Research** — उत्पाद अनुसंधान

अभीष्ट कार्यों को ध्यान में रखते हुये उत्पाद अथवा सम्भावित उत्पाद की प्रकृति एवम् अभिलक्षण सम्बन्धी अनुसंधान।

**Productive Efficiency** — उत्पादन दक्षता

श्रमिकों की कार्य करने की सक्षमता।

**Profit Sharing Scheme** — लाभांश भागीदारी योजना

इस योजना के अंतर्गत उद्योगपति और श्रमिकों के बीच वार्षिक लाभांश की राशि वितरित की जाती है।

**Programme Evaluation and Review Technique (PERT)** — प्रोग्राम मूल्यांकन एवं पुनरीक्षण तकनीक

कार्यक्रम मूल्यांकन पुनरीक्षण प्रविधि किसी कार्यक्रम की प्रगति का आकलन और समीक्षा की विधि।

**Programmable Automation** — प्रोगामी स्वचालन

वह स्वचल तन्त्र जिसमें उत्पाद अभिकल्प के अनुसार विभिनन संक्रिया अनुक्रमों को प्रोग्राम द्वारा सुनिश्चित किया जाता है।

**Progress Clerk** — प्रगति–क्लर्क

कार्य–मात्रा–कार्ड पर श्रमिक के कार्य का लेखा–जोखा रखने वाला व्यक्ति।

**Progress Engineer** — प्रोग्रेस इंजीनियर/प्रगति इंजीनियर

इसका कार्य उत्पादन–कार्यक्रम का अध्ययन करना और उत्पादन में होने वाली प्रोग्रेस की उचित जानकारी रखना।

**Property of System** — **निकाय के गुण धर्म**

किसी निकाय के सभी प्रेक्षणीय गुण उस निकाय के गुण धर्म कहलाते हैं ।

**Psychromatric Chart** — **आर्द्रतामितीय लेखा चित्र**

वायु में व्याप्त आर्द्रता के विविध आयामों का लेखा-चित्रीय निरुपण । यह लेखा चित्र चार मुख्य गुणों में संबंध बताता है ।

1. ओसांक ताप
2. सूखा वाष्प ताप
3. आर्द्र बल्ब ताप
4. सापेक्ष आर्द्रता

**Public Enterprises** — **सार्वजनिक उद्यम**

शासन द्वारा स्थापित स्वायत्त उद्यम ।

**Public Limited Company** — **सार्वजनिक सीमित कम्पनी**

वह कम्पनी जिसमें अंशधारक का दायित्व सीमित होता है तथा शेयरों को बिना रुकावट के खरीदा-बेचा जा सकता है । इसमें कम्पनी अधिनियम के अनुसार अंश-धारकों की संख्या न्यूनतम सात होती है ।

**Public Sector** — **सार्वजनिक क्षेत्र**

शासन द्वारा स्थापित इकाईयाँ जो उत्पादन तथा व्यवसाय में संलग्न हैं ।

**Pudding Process** — **पलटनी प्रक्रम/पडलन प्रक्रम**

1. ऐसा प्रक्रम जिससे पलटनी भट्टी में पिघले हुये कच्चे लोह के साथ लोह आक्साइड मिलाकर विलोडित करने से सिलीकन, फास्फोरस को जलाकर कम करके पिटवॉ लोहा बनाया जाता है ।

2. यह पिटवाँ लोहा तैयार करने का एक प्रक्रम है जिसमें कच्चे लोहे को पलटनी भट्टी में पिघलाकर ऊपर से वायु का प्रबल झोंका छोड़ा जाता है ।

**Pure Substance** — **शुद्ध पदार्थ**

वह पदार्थ जिसके संपूर्ण द्रवय में रासायनिक संघटन एक समान होता है । इसमें केवल एक ही घटक होता है । भले ही इसकी एक या अधिक प्रावस्थायें हों ।

**Pulse rise time** — **स्पंद उत्कर्ष काल**

वह समय अंतराल जो स्पंद अग्र की कोर को तरंग के अधिकतम मान के 10 प्रतिशत से 90 प्रतिशत तक पहुँचने में लगता है।

**Pyrometer** — **उत्तापमापी**

भट्टी अथवा पिघली धातु जैसे उच्च तापों को मापने वाला यंत्र ।

**Quality** — **गुणता**

उपयोग के लिये उत्पादों एवम् सेवाओं की अनुकूलता ।

**Quality Assurance** — **गुणता सुनिश्चितता**

उत्पाद गुणता के विशेष मानक को बनाये रखने के लिये प्रबन्धन द्वारा किये गये उपाय ।

**Quality Control** — **गुणता नियंत्रण**

उत्पादों एवम् सेवाओं की गुणता को मानक के तुल्य बनाये रखने की प्रक्रिया ।

**Quality Cost** — **अवगुणता लागत**

केवल सदोष उत्पाद से संबद्ध लागत यथा निर्माण लागत, मरम्मत, लागत, दोष निरुपण लागत आदि ।

**Quality factor** गुणता गुणक

एकल स्वतंत्र कोटि निकाय वाले अनुनादी कम्पी तन्त्र में अनुनाद अथवा आवृत्ति-चयनता की तीक्ष्णता का माप ।

**Quartz** क्वार्ट्ज

यह सिलीका का एक कठोर क्रिस्टलीय खनिज है जो प्राय: पारदर्शी होता है ।

**Quasi Autonomous** स्वायत्तवत्

वह समूह जिसको कार्य संचालन में प्राय: पूर्ण अधिकार होता है ।

**Quasi Sinusoid** अर्ध ज्यावक्रीय

वह ज्या वक्रीय फलन जिसका आयाम अथवा आवृत्ति स्थिर राशि नहीं होती अपितु वह समय का फलन होती है ।

**Quality of Conformance** अनुरूप गुणता

अभिकल्प के अनुसार सेवाओं एवं उत्पादन की गुणता का स्तर ।

**Quality function** गुणता प्रकार्य

गुणता प्राप्ति के लिये किये जाने वाले क्रियाकलाप ।

**Quasistatic process** स्थैतिकवत् प्रक्रम

निकाय की वह दशा जब संतुलन अवस्था से विचलन अति सूक्ष्म ही होता है ।

**Queing theory** पंक्ति सिद्धांत

सेवा तंत्र में प्रयुक्त प्रतीक्षा-लाइन लम्बाई तथा प्रतीक्षा समय से संबंधी गाणितीय सिद्धांत ।

**Radiation Heat Transfer** — **विकिरण ऊष्मान्तरण**

उच्च ताप स्त्रोत से निम्नताप अभिगम को बिना माध्यम की सहायता से ऊष्मान्तरण ।

**Rammer** — **थापी**

एक प्रकार का ठुकाई औज़ार जो संचक-बालू को पैट्रन के चारों और भरी बालू को संघनित करने के लिए प्रयुक्त होता है । प्रायः इसका एक सिरा सपाट टिन वाला तथा दूसरा फन्नी के आकार का होता है ।

**Ramming** — **ठुकाई**

संचक-पेटी में पैट्रन के चारों ओर भरी शल्थ बालू को संघनित करने की प्रक्रिया ।

**Random Vibration** — **यादृच्छिक कम्पन**

वह कम्पन जिसका तात्कालिक मान सुनिश्चित नहीं होता परन्तु प्रायिक्ता के सिद्धांत द्वारा पूर्वानुमानित किया जाता है ।

**Rayleigh Wave** — **रेले तरंग**

किसी ठोस के पृष्ठ पर संचरण करने वाली तरंग इसमें कम्पी कण प्रक्षेप पथ दीर्घवत्ती होते है जिसका बृहत अक्ष पृष्ठ के अभिलम्ब तथा केन्द्र विक्षोभ मुक्त पृष्ठ पर होता हैं ।

**Rake face** — **रेक पृष्ठ**

कर्तन औजार का वह भाग जो छीलन के सम्पर्क में रहता है ।

**Real Wages** — **वास्तविक मजदूरी**

वह मजदूरी जिसका सम्बन्ध मुद्रा से नहीं बल्कि उसकी क्रय क्षमता से होता है ।

**Recording Channel** अभिलेखी चैनल

किसी भी अभिलेखी तन्त्र का प्रत्येक स्वतंत्र अभिलेखो परिपथ ।

**Recording System** अभिलेखी तन्त्र

ट्रांसड्यूसर एवम् तत्सम्बन्धित उपरकणों का समूह जो आंकड़े एकत्रित करके उन्हें यथासमय पुनः उपलब्ध कर देता है ।

**Red tapism** लाल फीताशाही

नियमों को जडता से पालन करने की प्रवृत्ति जो कार्यकुशलता में बाधक होती है ।

**Reduced Property** समानीत गुणधर्म

किसी ऊष्मा गतिक गुणधर्म के वास्तविक मान का उसी गुणधर्म के क्रान्तिक बिन्दु पर मान से अनुपात ।

**Reflectivity** परावर्तिता (β)

किसी पृष्ठ का वह गुणधर्म जिसके कारण यह आपतित विकिरण के कुछ अंश को परावर्तित करता है ।

$$\beta = \frac{\text{विकिरण का परावर्तित अंश}}{\text{पूर्ण आपतित विकरण}}$$

**Relative Efficiency (of an Engine)** सापेक्ष दक्षता

इंजिन की वास्तविक दक्षता एवं वायु-मानक दक्षता का अनुपात ।

**Relative humidity** सापेक्ष आर्द्रता

$$\text{सापेक्ष आर्द्रता} = \frac{\text{पानी की वाष्प का भार}}{\text{संतृप्त वायु में पानी की वाष्प का भार}}$$

**Relative cutting speed ratio**

आपेक्षिक कर्तन चाल अनुपात

एक निर्दिष्ट औजार आयु के लिये निदर्श पदार्थ की कर्तन चाल और मानक पदार्थ की कर्तन चाल का अनुपात जो निदर्श पदार्थ की सुमशीनियता का सूचक है ।

**Relaxation time**

विश्रांति काल

चरघातांकी क्षयी राशि के आयाम में $1/e$ अर्थात् 0.3679 गुणा कमी होने तक का समय ।

**Reliablity**

विश्वसनीयता

सुनिश्चित अवधि और परिस्थिति में किसी उत्पाद के विनिर्दिष्ट कार्य के सफल निष्पादन की संभाव्यता ।

**Replacement**

प्रतिस्थापन

निर्माण दक्षता कम हो जाने पर उचित तरीकों द्वारा पूर्व स्थिति को वापिस लाने के लिये किये गये कार्य ।

**Resin**

रॉल/रेज़िन

एक प्रकार का तैलीय आसंजी पदार्थ जो जैविक पदार्थों अथवा संशलेषण विधि से प्राप्त किया जाता है ।

**Resonance**

अनुनाद

बलकृत कम्पन में मुक्त आवृत्ति तथा उत्तेजन आवृत्ति के लगभग एक समान होने की दशा ।

**Resultant force**

परिणामी बल

औजार या कृत्यांश पर कार्यरत बल ।

**Response**

अनुक्रिया

किसी तन्त्र में निश्चित प्रावस्थाओं में उत्तेजन के फलस्वरूप उत्पन्न गति ।

**Reversed Stress** — **व्युत्कम प्रतिबल**

किसी अवयव में उत्पन्न वह प्रतिबल जिसका परिमाण समय के सापेक्ष तनन से सम्पीडन में बदलता रहता है ।

**Reversibility** — **प्रतिक्रमणीयता**

यदि किसी ऊष्मागतिक प्रक्रम को विपरीत दिशा में इस प्रकार सम्पादित किया जाये कि जिससे निकाय और परिवेश अपने प्रारम्भिक अवस्था में आ जाये । वस्तुतः प्रतिक्रमणीय प्रक्रम एक आदर्श अभिधारणा है ।

**Reversible process** — **प्रतिक्रम्य प्रक्रम**

वह प्रक्रम जिसके पूर्ण होने पर उसमें भाग लेने वाले सभी तन्त्र विपरीत क्रम में बिना किसी परिवर्तन के अपनी प्रारंभिक अवस्था प्राप्त कर लेते हैं ।

**Revolving Centre** — **घूर्णी केन्द्रक**

टेल स्टॉक में लगाने हेतु घूर्णन करने वाला केन्द्रक ।

**Riddle** — **छलनी**

ढलाई-कार्य में बालू अथवा अन्य पदार्थों को छानने के काम आने वाला उपकरण । यह वृत्ताकार या आयताकार फ्रेम होता है जिस में तार की प्रमाणित जाली लगी होती है ।

**Robot** — **रोबॉट/यंत्र मानव**

मानव अथवा मानवीय अंगों का प्रतिरूप जो निर्देशानुसार कार्य करता है ।

**Routing** — **मार्गाभिगमन/अनुपथन**

संयंत्र में कृत्यक का अनुक्रमिक गमन एवम् प्रहस्तन ।

**Rowan's Plan** **रोवन का प्लान**

इसके अनुसार यदि निश्चित मानक समय से कम समय में निश्चित काम की मात्रा पूरी कर दी जाय तो बचे हुये समय का बोनस अवधिमान के हिसाब से न देकर कम दरपर दिया जाये ।

**Runner (Foundary)** **वाहक**

प्रभरण नाल-तल से जुड़ा वह क्षैतिज मार्ग जिससे होकर पिघली धातु साँचे के विभिनन भागों तक पहुँचती है ।

**Sand blasting** **बालू प्रधमन**

ढलाइयों को परिमार्जित करने का एक प्रक्रम जिसमें वायु-झोकों की सहायता से बालू के कणों को ढलाई के पृष्ठों पर क्षेपित करके निष्कोणित किया जाता है ।

**Sand hole** **बालू कोटर**

पिघली धातु के साथ शल्थ-बालू के चले जाने से ढलाई-पृष्ठ पर बने कोटर ।

**Sand Preparation** **बालू सज्जा**

संचकन-कार्य हेतु समुचित मात्रा में बालू चिकनी मिट्टी बंधक एवं पानी आदि मिलाकर बालू-मिश्रण तैया करने की क्रिया ।

**Sample Size** **नमूना संख्या, प्रतिदर्श संख्या**

प्रतिचयन प्रक्रिया के अंतर्गत जाँच के लिए निकाले गए उत्पादों की अपेक्षित संख्या ।

**Saturated Pressure** **संतृप्त दाब**

किसी निश्चित ताप पर वह दाब जिस पर द्रव का वाष्पीकरण या वाष्प का द्रवीकरण होता है ।

**Saturated steam** — संतृप्त भाप

वह भाप जिसका ताप विद्यमान दाब पर क्वथनांक के समान हो ।

**Saturated Temperature** — संतृप्त ताप

किसी निश्चित दाब पर वह ताप जिस पर द्रव का वाष्पीकरण या वाष्प का द्रवीकरण होता है ।

**Saturatation Temperature** — संतृप्ति ताप

किसी तरल का दाब के समरूप वह ताप जिस पर वाष्पन शुरू होता है ।

**Saw** — आरा

धातु, लकड़ी आदि चीरने की दंतुर पट्टी या चक्रिका ।

**Sawing** — चीरना/चिराई

आरे द्वारा चीरने की क्रिया ।

**Scab** — स्कैब/पपड़ी, खुरंड (ढलाई)

पिघली धातु के प्रवाह के फलस्वरूप साँचा या क्रोड-पृष्ठ में होने वाले कटाव के कारण ढलाई पर बने छोटे-छोटे अनियमित उभार, जो ढलाई-दोष के अन्तर्गत आते हैं ।

**Scheduling** — अनुसूचन

किसी कार्य के सभी चरणों का समय मूलक क्रम निर्धारण । ·

**Sea Coal** — कोलचूर्ण

संचक-बालू में मिलाये जाने वाले कोयले का महीन चूरा ।

**Self-induced Vibration** — **स्वतः प्रेरित कंपन/स्व प्रणोदित कंपन**

1. स्वतः प्रेरित कम्पन यांत्रिक तन्त्र में अदोलक उत्तेजन के दोलक उत्तेजन में परिवर्तित होने के फलस्वरूप उत्पन्न कम्पन ।

2. कर्तन के समय स्वतः जन्य आवर्ती बलो से उत्पन्न कम्पन ।

**Sensible heat** — **संवेद्य ऊष्मा**

अवस्था परिवर्तन के बिना पदार्थ के ताप परिवर्तन के लिए आवश्यक ऊष्मा ।

**Shear angle** — **अपरुपण कोण**

अपरुपण तल द्वारा औजार गति की दिशा के बीच का कोण ।

**Shear wave** — **अपरुपण तरंग**

प्रत्यास्थ माध्यम में वह तरंग जो माध्यम के किसी अवयव में बिना आयतन परिवर्तन के आकार में परिवर्तन करती हैं ।

**Shock absorber** — **प्रघात अवशोषक**

वह युक्ति जो प्रघात को यथासम्भव निष्प्रभावी करने हेतु ऊर्जा क्षय द्वारा यांत्रिक तन्त्र की अनुक्रिया को रुपान्तरित करती है ।

**Shock Machine** — **प्रघात यन्त्र**

नियंत्रित प्रघात उत्पन्न करने वाला यन्त्र ।

**Shock motion** — **प्रघात गति**

उत्तेजन जिसके कारण आधार कम्पित होता है ।

**Shock Pulse** — प्रघात स्पंद

आकस्मिक तीव्र विक्षोभ जिसके कारण त्वरण थोड़े समय में एक निश्चित मान से बढकर पूर्वस्थिति में आ जाता है ।

**Shock Spectrum** — प्रघात स्पेक्ट्रम

एकल स्वतन्त्रता कोटि तन्त्र द्वारा अनुभूत त्वरण, वेग या विस्थापन के रूप में अधिकतम अनुक्रिया आलेख ।

**Short Pouring** — अपूर्ण उढ़ेलन/अपूर्ण भरण

पिघली धातु से साँचा गहवर के पूरी तरह भर पाने के कारण होने वाला ढलाई–दोष ।

**Shot blasting** — गुलिका ताड़न

इस्पात की छोटी–छोटी गोलियों को वायुझोकों की सहायता से ढलाई–पृष्ठों पर प्रक्षेपित कर परिष्करण की एक प्रक्रिया ।

**Shearing force** — अपरुपण बल

परिणामी बल का वह घटक जो अपरुपण तल में होता है ।

**Sheet Metal or Press Shop** — शीट मेटल या प्रेसशाला

किसी कारखाने का वह विभाग जहाँ पर शीट मेटल सम्बन्धी सभी कार्य किये जाते हैं ।

**Shear Plane** — अपरुपण तल

वह तल जिसके अनुदिश मशीनन के समय कृत्यक का पराप्रत्यास्थ विरुपण होता है ।

**Shear Stress** — अपरुपण प्रतिबल

वह प्रतिबल जो अपरुपण के कारण होता है ।

**Shear Velocity** — अपरुपण वेग

अपरुपण तल में विरुपण

**Shock Wave** — प्रघाती तरंग

किसी माध्यम में सहसा विक्षोभ के कारण उत्पन्न दीर्घ आयामी संपीडन तरंग । इसके कारण माध्यम के घनत्व दाब एवं कण वेग में अत्यधिक परिवर्तन होता है ।

**Shrinkage - Allowance** — संकुचन छूट

पिघली एवं ठोस धातु में होने वाले आयतन परिवर्तन पर आधारित प्रतिरूप की विमाओं के लिये एक प्रावधान, जिससे ढलाई की अपेक्षित विमा प्राप्त हो सके । प्रायः पिघली धातु ठोस होने पर सिकुड़ जाती है । इस कारण उसे संकुचन छूट कहा गया है ।

**Side Cutting edge angle** — पार्श्व कर्तन कोर कोण

पार्श्व कर्तन कोर और औजार शैंक के पार्श्व के बीच का कोण ।

**Signal** — संकेत

संचार तन्त्र में प्रयुक्त सूचनावाह तरंग ।

**Single Degree of freedom** — एकल स्वतन्त्रता कोटि तन्त्र

वह तन्त्र जिसकी अवस्थिति केवल एक ही निर्देशांक से दर्शित की जा सके ।

**Simple Harmonic motion** — सरल हार्मोनिकगति

वह आवर्ती गति जिसमें त्वरण माध्यम स्थिति से विस्थापन का समानुपाती होकर सदैव माध्य स्थिति की दिशा में होता है ।

**Simplification** — **सरलीकरण**

किसी समन्वायोजन में पुर्जों की विविधता कम करने की प्रक्रिया ।

**Simulation** — **अनुकृति**

किसी तन्त्र के क्रियाकलापों के विश्लेषण की विधि जिसमें उसके अभिलक्षणों का प्रतिरूपण होता है ।

**Share holder** — **अंशधारी**

वह व्यक्ति अथवा संस्था जो किसी संयुक्त पूँजी कम्पनी के अंश को धारण करता है ।

**Shrinkage Cavity** — **संकुचन गुहा**

एक प्रकार का ढलाई दोष । ढलाई के मोटे भागों में असमान शीतन के कारण उत्पन्न गर्त ।

**Shrinkage Crack** — **संकुचन तरेड़**

असमान शीतन के कारण ढलाई में पड़ी दरार ।

**Skimming** — **मल अपनयन**

पिघली धातु को साँचे में उड़ेलते समय सतह पर तैरने वाले मल को हटाने की क्रिया ।

**Skin dried mould** — **शुष्कावरण साँचा**

एक आर्द्र बालू-साँचा जिसका धातु संस्पर्शी-पृष्ठ कुछ मिलीमीटर मोटाई तक विशुद्ध बालू एवंसीरे के मिश्रण से बना होता है । इसमें पिघली धातु उडेलने से पूर्व इसे सुखा लिया जाता है ताकि भाप न बन सके ।

**Slag** — **धातु-मल**

क्यूपला भट्टी में पिघली धातु की ऊपरी परत पर एकत्रित अशुद्धियाँ ।

**Slag hole** — **धातुमल छिद्र**

क्यूपला भट्टी में धातु निकास छिद्र के कुछ ऊपर एवंउसके एकदम पीछे 50 मिलिमीटर से 75 मिलिमीटर व्यास का छिद्र जिससे धातुमल निकाला जाता है ।

**Slicking** — **पृष्ठ चिक्कण**

साँचे के पृष्ठों को चिकनाकरने की विधि ।

**Slip Jacket** — **सर्पण जेकेट**

साँचे को सुरक्षित रखने के लिये स्नेप फ्लास्क के हटाने के बाद लगाया जाने वाला फ्रेम ।

**Small Scale Industries** — **लघु उद्योग**

ऐसे उद्योग जिनमें मशीन एवं भवन में लगी पूँजी सीमित होती है। वर्तमान सीमा पचास लाख है ।

**Snap Flask** — **स्नेप फ्लास्क**

ऐसा कब्ज़ा एवं सिटकनी युक्त संचक फ्लैस्क जिसे साँचा बनाने के बाद सुगमातपूर्वक हटाया जा सके ।

**Snubber** — **प्रघाती ऊर्जा अवशोषक**

वह यांत्रिक युक्ति जो किसी प्रत्यास्थ तन्त्र में विस्थापन को सीमित करने के लिये प्रयोग की जाती है ।

**Sole proprietor-ship** — **एकाकी व्यवसाय**

ऐसा व्यवसाय जिसका स्वामित्व केवल एक ही व्यक्ति के पास होता है तथा वह व्यक्ति इसके लाभ-हानि का उत्तरदायी होता है । इसे वैयक्तिक स्वामित्व भी कहते हैं ।

**Span of Control** — **नियंत्रण विस्तृति**

किसी अधिकारी का कार्य क्षेत्र जिसके अंतर्गत उसके अधिकांश उत्तरदायित्व आते हैं ।

**Specific humidity** — **विशिष्ट आर्द्रता**

एक कि॰ग्रा॰ शुष्क वायु में व्याप्त पानी की वाष्प का वास्तविक भार ।

**Specialization** — **विशिष्टीकरण**

विशेष प्रकार के उत्पादों का सीमित संख्या में निर्माण ।

**Specific gravity/ rlative density** — **आपेक्षिक गुरुत्व/आपेक्षिक घनत्व**

किसी पदार्थ एवं मानक पदार्थ के घनत्व का अनुपात - द्रव एवं ठोस के लिए मानक पदार्थ $4^0$ सें. पर पानी तथा गैसों के लिए मानक ताप एवं दाब वायु को माना जाता है ।

**Specific Volume of Vapour** — **वाष्प का विशिष्ट आयतन**

वाष्प के प्रति इकाई भार का आयतन ।

**Specific Weight** — **आपेक्षिक भार**

पदार्थ के इकाई - आयतन का भार ।

**Spectrum** — **स्पेक्ट्रम**

किसी राशि के आवृत्ति घटकों के परास का प्रदर्श अथवा आलेख ।

**Sporadic problems** — **कदाचनिक समस्या**

गुणता सुधार की प्रक्रिया में उत्पन्न आकस्मिक व्यवधान जिसका निवारण यथापूर्व स्थिति लाने से सम्भव है ।

**Spout** — **मुखिका**

क्यूपला भट्टी से पिघली धातु निकालने वाला मार्ग ।

**Sprue** — **प्रभरण नाल**

साँचे में बना वाहक से जुड़ा ऊर्ध्वाधर मार्ग जिसमें होकर पिघली धातु साँचे के विभिनन भागों में पहुँचती है ।

**Squeeze Moulding Machine** — निष्पीडक संचक मशीन

एक संचक मशीन जिसमें प्लेट की सहायता से फ़्लास्क में पैट्रन के चारों ओर भरे बालू को दबाया जाता है ताकि साँचा सुदृढ़ बन सके ।

**Standard Time** — मानक काल

सामान्य गति से किसी कार्य के निष्पादन हेतु औसत कुशल श्रमिक द्वारा किया गया वह समय जिसमें सामान्य काल तथा उस पर आधारित समय छूट सम्मिलित हो ।

**Stage Efficiency of a Turbine** — टरबाइन की पद–दक्षता

टरबाइन के किसी पद में किये गये वास्तविक कार्य तथा समएन्ट्रोपी ऊष्मा-पात का अनुपात ।

**Stage of a Turbine** — टरबाइन – पद

चल तथा अचल ब्लेडों का एक युगल ।

**Standards Engineer** — मानक/स्टेण्डडर्स इंजीनियर

इसका कार्य मानक संस्थाओं से सम्बन्ध रखना एवम् उत्पादन सम्बन्धी मानको की जानकारी रखना होता है ।

**Standarization** — मानकीकरण

उत्पादन को अपेक्षित स्तर के अनुरुप बनाने के लिये शर्तो का निर्धारण एवम् उसके लिए प्रयुक्त प्रक्रिया ।

**Standing wave or Stationary Wave** — अप्रगामी तरंग

किसी माध्यम में निश्चित वितरण वाली आवर्ती तरंग जो समान आवृत्ति की प्रगामी तरंगो के व्यतिकरण स्वरूप प्राप्त होती है ।

**State of the System** — निकाय की अवस्था

विभिन्न गुणधर्मों का विशिष्ट संयोग ।

**Static product layout** — **स्थिर उत्पाद अभिन्यास**

भारी या बड़े उत्पादों के निर्माण के लिये अधिष्ठापन जिसमें मशीनें और सुविधायें उत्पाद स्थल पर ही लाई जाती है ।

**Stationer Process (Signal)** — **अचर प्रक्रम**

संकेतो का वह समुच्चय जिसका तात्क्षणिक माध्य समय निरपेक्ष होता है ।

**Stationary Signal** — **अचर संकेत**

वह यादृच्छिक संकेत जिसका काल अवधि में प्राप्त माध्य प्रतिदर्श समय निरपेक्ष होता है ।

**Statistical Quality Control** — **सांख्यिकीय गुणता नियंत्रण**

सांख्यिकीय निधियों द्वारा गुणता नियंत्रण ।

**Steady state Vibration** — **अपरिवर्ती कम्पन**

ऐसा कम्पन जिसमें प्रत्येक कण की गति सदैव आवर्ती राशि होती है ।

**Stiffness** — **दृढता**

1. किसी प्रत्यास्थ पिण्ड में प्रति इकाई बल द्वारा उत्पन्न विक्षेप ।

2. किसी धातु में प्रत्यास्थिक विरुपण के प्रतिरोध का गुण ।

**Stochastic Function** — **प्रसंभाव्य फलन**

**Probabilistic Function** — **प्रायिक्तात्मिक फलन**

वह फलन जिसका तात्कालिक मान प्रायिकता के सिद्धांत के आधार पर निकाला जा सके ।

**Striking off Bar** सम्पृष्ठक छड़

साँचे के पृष्ठ को समतल बनाने के लिये धातु या काष्ठ की बनी छड़ ।

**String diagram** धागा आरेख

किसी उत्पाद के निर्माण में कर्मी, सामग्री आदि के प्रवाह पथ को अभिव्यकत करने वाला कागज पर डोरी और पिन द्वारा निर्मित चित्र ।

**Sub harmonic** अवहार्मोनिक

वह ज्यावक्रीय राशि जिसकी आवृत्ति मूल आवृत्ति की अवगुणक होती है जैसे तृतीय हार्मोनिक की आवृत्ति मूल आवृत्ति की एक तिहाई होगी ।

**Subcooled Liquid** अवशीतित द्रव

वह द्रव जो अपने दाब के अनुरूप संतृप्ति ताप से कम पर विद्यमान होता है ।

**Sub harmonic Response** अवहार्मोनिक अनुक्रिया

किसी यांत्रिक तन्त्र की आवर्ती अनुक्रिया जिसकी अनुनादी आवृत्ति उत्तेजन आवर्ति का अवगुणक होती है ।

**Suction pressure** चूषण दाब

चूषण क्रिया में दाब की वह मात्रा जो वायुमंडलीय दाब से कम हो ।

**Superheat** अधिऊष्मा

संतृप्त भाप के अतितापन हेतु आवश्यक ऊष्मा ।

**Superheating** अतितापन

अवस्था परिवर्तन के बिना किसी पदार्थ को उसके अवस्था परिवर्तन ताप से अधिक गर्म करना ।

**Superheated steam** अतितप्त भाप

संतृपत भाप को स्थिर दाब पर गर्म करने के बाद प्राप्त भाप ।

**Superheated Vapour** अतितप्त वाष्प

संतृपत ताप से अधिक ताप वाली शुष्क वाष्प ।

**Swab** पुचारा/कूची

कपड़े अथवा धागे का बना ब्रशनुमा पोंचा । साँचे में से पैटर्न निकालने के पूर्व उसके चारों तरफ की बालू को इससे गीला किया जाता है ।

**Swell** स्फ़ीति/शोथ

एक प्रकार का ढलाई दोष जो साँचे में बालू की अपर्याप्त कुटाई के कारण ढलाई–पृष्ठ पर उभार पैदा करता है ।

**Sweep Pattern** प्रसर्प पैटर्न/प्रतिरूप

दुमट संचकन में प्रयुक्त होने वाली अर्धाकार पट्टिका जो सममितीय ढलाईयों के साँचे बनाने में प्रयुक्त होती है ।

**Swept Volume** प्रसर्पित आयतन

एक स्ट्रोक में पिस्टन के विस्थापन से उपलब्ध आयतन ।

**Tap hole** निकास छिद्र

क्यूपला - भट्टी में पिघली धातु को निकालने का द्वारक ।

**Tare Power** निष्कर्मक शक्ति

कर्तन चालन एवं भरण होते हुए भी यंत्र द्वारा कर्तन न किए जाने की स्थिति में व्यय हुई शक्ति ।

**Tensile Stress** तनाव प्रतिबल

वह प्रतिबल जो तनाव के कारण उत्पन्न होता है ।

**Technical Efficiency** तकनीकी दक्षता

तकनीकी दृष्टिकोण से किसी उत्पाद की सक्षमता ।

**Temperature** ताप

वह गुण-धर्म जिसमें अन्तर के कारण दो बिन्दुओं के मध्य ऊष्मांतरण होता है ।

**Tempering** पायन/पानी चढाना

कठोरीकृत कार्बन इस्ताप को अपेक्षित सीमा ($300^0$ से $600^0$ से.) में गर्म करके ठण्डा करने की क्रिया । इससे कठोरता एवं दृढता दोनों प्राप्त होती है ।

**Textile Industries** वस्त्र उद्योग

विविध प्रकार के धागे और उनसे कपड़ा बनाने वाले उद्योग ।

**Temper Carbon** टैम्पर कार्बन

आघातवर्ध्य ढलवां लोहा ढलाई में कणिकाओं के रूप में विद्यमान ग्रेफाइट अंश ।

**Time Cards** अवधि-पत्र/कार्ड

यह एक सप्ताह अथवा माह के लिये होता है । इसके आधार पर वेतन-क्लर्क श्रमिकों के वेतन की गणना करता है ।

**Time Control** समय नियंत्रण

श्रमिकों की कार्य अवधि पर नियंत्रण रखना । यह दायित्व टाइम-आफिस का होता है ।

**Time and motion Study Section** समय एवम् गति अध्ययन विभाग

इसका कार्य श्रमिकों के कार्य करने की दर का अध्ययन करना होता है ।

**Time and Motion Study** काल गति अध्ययन

किसी कार्य को तर्क संगत विधि द्वारा, वांछित समयावधि के अपर निष्पादन हेतु वैज्ञानिक अध्ययन ।

**The Constant-failure rate period** स्थिर विफलता दर अवधि

बाथ टब वक्र के सपाट-मध्य भाग द्वारा प्रदर्शित उत्पाद के अधिकांश उपयोगी जीवन की वह अवधि जिसमें विफलता दर न्यूनतम स्तर पर स्थिर रहती है ।

**The Enterprise** उद्यम

लाभ के उद्देश्य से गठित व्यवसायिक इकाई जिसके एक या अधिक मालिक होते हैं ।

**The Market** मार्केट

किसी उत्पाद की विपणन क्षमता ।

**Thermal Conductivity** ऊष्मा चालकता

किसी परिच्छेद का लम्बवत ऊष्मा चालन जो परिच्छेद के इकाई क्षेत्र से, इकाई ऋणात्मक ताप प्रवणता के कारण इकाई समय में हो ।

**Thermal Equilibrium** ऊष्मीय साम्यावस्था

वह अवस्था जब निकाय एवं उसके परिवेश के मध्य तापान्तर शून्य होता है ।

**Thermal Resistance** ऊष्मीय प्रतिरोध

किसी पिंड का वह गुण-धर्म जिसके कारण ऊष्मा प्रवाह में अवरोध उत्पन्न होता है । इसका मान पिंड तापन्तर को ऊष्मा प्रवाह दर से विभाजित करके प्राप्त किया जाता है ।

**Thermodynamic Process** — ऊष्मागतिक प्रक्रम

निकाय के किसी भी गुणधर्म में परिवर्तन होने से उसकी अवस्था में परिवर्तन की प्रक्रिया ।

**Thermometer** — तापमापी/थर्मामीटर

ताप नापनेका उपयंत्र ।

**Thermometry** — तापमिति

विज्ञान अथवा प्रौद्योगिकी की वह शाखा जिसमें ताप का मापन एवं मानक स्थापन किया जाता है ।

**Thermodynamic Equilibrium** — ऊष्मागतिक साम्यावस्था/ऊष्मागतिक संतुलन

1. वह ऊष्मागतिक अवस्था जब निकाय एवं उसके परिवेश के मध्य रासायनिक, ऊष्मीय एवं यान्त्रिक तीनों ही साम्यावस्थायें बनी रहती है ।

2. संतुलन की वह अवस्था जिसमें निकाय यांत्रिक, रंसायनिक एवं तापीय संतुलन में रहता है ।

**Thermodynamic Boundary** — ऊष्मागतिक परिसीमा

निकाय और उसके परिवेश को अलग करने वाला पृष्ठ ।

**Thermodynamic Cycle** — ऊष्मागतिक चक्र

किसी निकाय के वे क्रमबद्ध ऊष्मागतिक प्रक्रम जिनमें आरंभ और अंत की अवस्थाएँ समान होती हैं ।

**Thermodynamic Process** — ऊष्मागतिक प्रक्रम

निकाय के गुणों की अवस्था में परिवर्तन की क्रिया ।

**Thermodynamic Property** — ऊष्मागतिक गुणधर्म

वह राशि जो या तो संपूर्ण निकाय के लिए विशिष्ट लक्षण होती हैं या उस स्थिति का प्रकार्य होती है जो सतत् रहती है ।

**Thermodynamic System** — **ऊष्मागतिक तन्त्र (निकाय)**

ऊष्मागतिक तन्त्र (निकाय) पदार्थ की कोई निश्चित मात्रा अथवा माना गया क्षेत्र है जो अध्ययन हेतु विचाराधीन हो । निकाय का द्रव्यमान एक चल अथवा परिसीमा द्वारा घिरा रहता है । इस परिसीमा को ऊष्मागतिक परिसीमा कहते हैं ।

**Thermodynamic Surrounding** — **ऊष्मागतिक क्षेत्र**

किसी तन्त्र या निकाय के बाहर का वह क्षेत्र जो उसकी आंतरिक ऊर्जा से प्रभावित होता है ।

**Throttling** — **उपरोधन**

उच्च दाब से निम्न दाब पर किसी तरल का रूद्धोष्म एवं निर्बाध प्रसरण । यह एक अप्रतिक्रम्य प्रक्रम है ।

**Thrust force (on cutting tool)** — **प्रणोद बल**

परिणामी बल का वह घटक जो कर्तन वेग के अभिलम्ब दिशा में कार्य करता है ।

**Time Study** — **समय अध्ययन**

किसी भी कार्य को करने के लिये अपेक्षित समय का अध्ययन ।

**Tool Life** — **औजार आयु**

कर्तन औजार के दो क्रमिक निशितनों के बीच का वास्तविक कर्तन समय ।

**Tool Room** — **टूल रूम/टूल कक्ष**

वह स्थान जहाँ पर सभी प्रकार के औजार, जिग्स, फिक्चर्स, डाइज आदि का रख-रखाव होता है ।

**Tool Room Superintendent** — टूल रूम सुपरिन्टेण्डेण्ट

वह व्यक्ति जो कारखाने में सभी प्रकार के टूल्ज, गेजेज व इस्ट्रूमेन्ट्स के निर्माण व मरम्मत आदि के लिए उत्तरदायी होता है यह टूल-संबंधी मामलों का विशेषज्ञ होता है ।

**Toughness** — चीमडपन

धातु का वह गुण जो बल लगाये जाने पर भंग होने का प्रतिरोध करता है । इसमें धातु अपनी प्रत्यास्थता सीमा के ऊपर प्रतिबलित किये जाने पर ऊर्जा अवशोषित करती है ।

**Transient Vibration** — क्षणिक कम्पन

यांत्रिक तन्त्र में नई अपरिवर्ती अवस्था प्राप्त करने से पूर्व होने वाला कम्पन ।

**Transmissibility** — संचरणशीलता

किसी यांत्रिक तन्त्र में अंतर्गम कम्पन के आवर्धन अथवा न्यूनीकरण की माप । यह बलकृत कम्पन राशि की अनुक्रिया आयाम तथा उत्तेजन आयाम का अनुपात होता है ।

**Transmissivity** — पारगम्यता ( ट )

किसी पृष्ठ का वह गुणधर्म जिसके कारण यह आपतित विकिरण के कुछ अंश को पारगमित कर देता है ।

$$\frac{\text{विकिरण का पारगमित अंश}}{\text{पूर्ण आपतित विकिरण}}$$

**Transverse wave** — अनुप्रस्थ तरंग

वह तरंग जिसमें माध्यम के प्रत्येक बिन्दु पर विस्थापन तरंग अग्र के समानान्तर होता है ।

**Trowel** — कन्नी

एक औज़ार जो साँचा निर्माण कार्य में बालू मिलाने और समतल करने के लिये प्रयोग होता है ।

**Turret** — टरेट

वह उपयंत्र जिसमें अनेक औजार एक साथ मशीनन हेतु बाँधे जा सकते है । टरेट पर लगे किसी भी औजार को आवश्यकतानुसार स्थापित किया जा सकता है ।

**Turret Lathe** — टरेट खराद

वह खराद मशीन जिसमें टेल स्टॉक के स्थान पर औजार टरेट लगा होताहै । जब टरेट सैडिल पर लगा होता है तो उस मशीन को सैडिल प्ररूप टरेट खराद कहते हैं, इसी प्रकार टरेट के रैम पर लगे होने पर उसे रेम प्ररूप टरेट खराद कहते हैं । इसे कहीं-कहीं केप्सटन खराद भी कहा गया है ।

**Tuyere** — ट्वीयर/हवा टोंटी

क्यूपला अथवा वात भट्टी में वायु-पेटी में बने प्रवेश-द्वार जिनसे वायु भट्टी में प्रवेश करती है ।

**Uncoupled mode** — अयुग्मित विधा

वह कम्पन विधा जिसमें विभिन्न विधायें संगामी होते हुये भी एक दूसरे को प्रभावित नहीं करती ।

**Up time** — कार्यशील अवधि

वह कुल समय जिसमें मशीन उपकरण या तन्त्र कार्यरत रहते हैं या कार्य के लिये उपलब्ध होते हैं ।

**Vacuum pressure** — निर्वात दाब

दाब की वह मात्रा जो वायुमंडलीय दाब से कम हो ।

**Value analysis** — **मूल्य विश्लेषण**

लागत कम करने तथा उपयोगिता सुधार के लिए उत्पाद एवं उसके निर्माण की विधिवत जाँच ।

**Vapour pressure**

किसी पदार्थ का वाष्प दाब जब वह अपने द्रव अथवा ठोस अवस्था से साम्य स्थिति में हो ।

**Variable** — **परिवर्ती**

वे गुणता अभिलक्षण जिनका माप-तोल के पश्चात् अभिलेखन किया जा सकता है ।

**Variable Cost** — **संख्याधारित लागत**

नगों की संख्या पर आधारित लागत ।

**Velocity Shock** — **वेग प्रघात**

एक विशेष प्रकार की आघात गति जो आधार में अचानक गति परिवर्तन उत्पन्न करती है ।

**Vent Wire** — **छिद्रक तार**

एक नुकीला तार जिससे छेद बनाये जाते हैं। इन छिद्रों से साँचे में पिघली धातु डालने पर उत्पन्न गैसें आसानी से बाहर निकल जाती हैं ।

**Vertical Intergration** — **उदग्र एकीकरण**

एक दूसरे से प्रभावित अथवा पूरक विभिन्न उद्योगों को एक साथ मिलानाजैसे हिन्दाल्कों (HINDALCO IND. LTD.) जिसमें एल्यूमीनियम एवम् उर्वरक उद्योगों के प्रबन्धों को एक साथ मिलाया गया है ।

**Vibration** — **कम्पन**

ऐसा आवर्ती दोलन जिसमें पिण्ड की तात्क्षणिक गति पूर्णतया निर्धारित की जा सके ।

**Vibration isolator** कम्पन पृथ्थकारी

वह प्रतिस्कंदी आधार जो किसी यांत्रिक तन्त्र को अपरिवर्ती उत्तेजन से मुक्त रखनेके उद्देश्य से प्रयोग किया जाता है ।

**Vibration Machine** कम्पन यंत्र

वह यन्त्र जो नियंत्रित कम्पन उत्पन्न करता है ।

**Viscosity** श्यानता

किसी तरह का वह भौतिक गुण-धर्म जिसके कारण वह अपरूपण प्रतिबल उत्पन्न करते हुए प्रवाह का सतत् प्रतिरोध करता है ।

**Viscous Damping** श्यान अवमंदन

वह अवमंदन जिसमें ऊर्जा क्षय श्यान घर्षण द्वारा होता है तथा प्रतिरोध वेग का समानुपाती होता है ।

**Volumetric Efficiency of Reciprocator** प्रत्यागामी यन्त्र की आयतनिक दक्षता

प्रत्यागामी यन्त्र के प्रत्येक चक्र में वास्तविक चूषित-आयतन एवं स्ट्रोक-आयतन का अनुपात

**Vortex** भ्रमिल

तरल का वह घूर्णीक्षेत्र जिसमें तरल अवयव कोणीय वेग से गतिमान होते हैं ।

**Vortex Flow** भ्रमिल-प्रवाह

तरल का ऐसा प्रवाह जिसमें भ्रमिल बने हों ।

**Wage Incentive Plan** मजदूरी प्रोत्साहन योजना

अधिक और उत्तम कार्य करने वाले कारीगरों का उत्साह बढ़ाने की योजना ।

| | | |
|---|---|---|
| **Water Hammer** | **जलाघात** | |
| | नल तन्त्रों में द्रव प्रवाह को सहसा बन्द करने से उत्पन्न दाब वृद्धि के कारण द्रव प्रहार । | |
| **Wave Length** | **तरंग दैर्ध्य** | |
| | आवर्ती तरंग के दो क्रमिक चक्रो के एक ही कला में तदनुरूपी बिन्दुओं के मध्यम संचरण दिशा में नापे जाने वाली दूरी । | |
| **Wear out Period** | **जीर्णता अवधि** | |
| | बाथ–टब वक्र के अन्तिम भाग द्वारा प्रदर्शित उत्पाद के उपयोग की वह अवधि जिसमें विफलता दर अधिकतम होती है । | |
| **Wet bulb temp (wbt)** | **आर्द्र बल्ब तापमान** | |
| | यह वह तापमान है जो गीले बल्ब वाले थर्मामीटर से नापा जाता है । गीले बल्ब का थर्मामीटर एक साधारण थर्मामीटर है जिसका बल्ब गीले कपड़े से भीगा रहता है । | |
| **Wet Vapour** | **आर्द्र वाष्प** | |
| | संतृप्त ताप पर द्रव कण युक्त वाष्प । | |
| **White Cast Iron** | **श्वेत ढलवाँ लोहा** | |
| | एक प्रकार का ऐसा ढलवाँ लोहा जो द्रुत शीतन द्वारा प्राप्त होता है तथा इसमें कुल कार्बन की मात्रा लगभग 3 प्रतिशत होती है एवम् समस्त कार्बन संयुक्त रूप में होता है । इसका भग्न परिच्छेद रजत वर्णी होता है। | |
| **White Noise** | **श्वेत रव** | |
| | यादृच्छिक रव जिसमें ऐच्छिक परिसर में प्रत्येक आवृत्ति पर प्रति इकाई बैण्ड चौड़ाई की ऊर्जा नियत होती है । | |

**Workable Competition** कार्यकारी प्रतिस्पर्दा

ऐसी होड़ जिससे उद्यमों को संतोषजनक बढ़ावा मिल सके ।

**Work Control** श्रम नियंत्रण

श्रमिको के कार्य अवधि पर नियंत्रण रखना । यह कार्य अवधि पत्र और कार्य–पत्र द्वारा पूरा किया जाता है ।

**Work Engineer** वर्क्स इंजीनियर

यह वर्क्स मैनेजर का प्रतिनिधि है तथा उसके प्रति सीधे उत्तरदायी है । इसके मुख्य कार्य इस प्रकार हैं –

1. कम्पनी की इमारतों की देखरेख एवं मरम्मत ।
2. कम्पनी की विद्युत संबंधी सभी यंत्रों की देखरेख
3. सफाई एवं सेनीटेशन ।
4. कम्पनी की संपत्ति की सुरक्षा ।
5. अग्नि काण्ड की सुरक्षा का प्रबंध ।

**Wrought Iron** पिटवाँ लोहा

लोहे का अत्यंत शुद्ध रूप जिसमें कार्बन एवं अन्य तत्वों की मात्रा नगण्य होती है ।

**Works Manager** कार्य प्रबन्धक

वह अधिकारी जिस पर कारखाने की संपूर्ण व्यवस्था का उत्तरदायित्व होता है ।

**Work Study** कार्य अध्ययन

किसी भी कार्य को सम्पादित करने के लिए सभी संबद्ध पहलुओं का अध्ययन ।

○ ○ ○ ○ ○

MGIPCBE-CRC-2/CSTT/ND/96-15-9-97-5000 Copies.

PRINTED BY THE MANAGER, GOVERNMENT OF INDIA PRESS, COIMBATORE-641 019.
1997